देशबन्धु
जबलपुर, शुक्रवार 03 नवम्बर 2023 । वर्ष –67 । अंक –354 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.


■ एप्पल का आधा हिस्सा...
■ भाजपा फिर मंदिर भुनाने... 04
■ इजरायल की मुश्किलें बढ़ने के आसार...
■ इजरायल और हमास में जंग के बीच... 09
■ निचले भाव पर खरीद बढ़ने से धनिया पर...
■ आरबीआई कार्यालयों में डाक के जरिए... 11
■ हम क्या करना चाहते हैं...
■ बुलंद हौसले के साथ... 10




# वर्ल्डकप : टीम इंडिया का विजय अभियान जारी.. श्रीलंका को 302 रन से हराया

- इंडिया सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम
- वर्ल्डकप में अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की

**मुंबई।** शानदार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप में श्रीलंका को 302 रन से हरा दिया। यह वर्ल्डकप इतिहास में भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत ने 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। टीम ने 2007 में बरमूडा को 257 रन से हराया था। भारत ने इस वर्ल्डकप में लगातार 7वां मैच जीता है और सेमीफाइनल में सबसे पहले जगह पक्की की है। भारत के 7 मैचों में 14 अंक हो गए और टीम टूर्नामेंट में अजेय है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 357 रन बनाए। दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 19.4 ओवर में 55 रन पर ऑलआउट कर दिया। टीम इंडिया से मोहम्मद शमी ने 5, मोहम्मद सिराज ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने 1 विकेट लिए। एक विकेट स्पिनर रवींद्र जडेजा को मिला। इनसे पहले शुभमन गिल (92 बॉल पर 92 रन), विराट कोहली (94 बॉल पर 88 रन) और श्रेयस अय्यर (56 बॉल पर 82 रन) शतक बनाने से चूक गए। भारत ने इस वर्ल्ड कप में पहली बार 357 का स्कोर खड़ा किया। टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने इस वर्ल्डकप में पहली बार 350+ का स्कोर खड़ा किया।



**गिल ने 92, विराट ने 88 रन ठोके, शमी ने 5 विकेट झटके**

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
नीदरलैंड विरूद्ध अफगानिस्तान
समय - 2.00 दोपहर

## सार संक्षेप

### एनसीपी सांसद मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता बहाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देश के बाद गुरुवार को लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी गई। लोकसभा सचिवालय ने एनसीपी सांसद मोहम्मद फैजल की सदस्यता बहाली के संबंध में अधिसूचना जारी की। इससे पहले चार अक्टूबर को केरल हाई कोर्ट ने हत्या की कोशिश मामले में उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

**सूचना**
सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो-** शीर्ष अदालत ने सभी पार्टियों से चुनावी चंदे का ब्यौरा मांगा है।
**चुहिया- हां प्रिये-** जनता को भी पता चले या न चले लेकिन अदालत को तो पता चलेगा कि किसे कहां से क्या मिला।



# करप्शन, क्राईम और कमीशन के मॉडल है कमलनाथ : शिवराज

**मुख्यमंत्री ने देवरी, टीकमगढ़, पृथ्वीपुर, महाराजपुर, गुन्नौर, रैगांव और सतना में रोड-शो कर 8 चुनावी सभाएं संबोधित कीं**



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को देवरी, टीकमगढ़. पृथ्वीपुर, महाराजपुर गुन्नौर, रैगांव और सतना में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री शिवराज ने टीकमगढ़ और सतना में रोड शो कर जनता जनार्दन से विजयी आशिर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, चुनाव तो एक बहाना है, मुझे तो आपके दर्शन करने आना था। वहीं शिवराज ने ये भी कहा कि, मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं। मैं हमेशा कहता हूँ कि, मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है, मध्यप्रदेश में रहने वाली जनता ही मेरी भगवान है और इस जनता का पुजारी शिवराज सिंह चौहान है। उन्होंने कहा कि, पिछले 18 सालों में यही प्रयास किया है कि, अपना परिवार >>शेष पृष्ठ 2 पर

**नक्सलियों का दुस्साहस!**

# प्रधानमंत्री की रैली से पहले तीन को मार डाला

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों के लिए 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दोपहर तीन बजे कांकेर शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित की। वहीं, वहीं प्रधानमंत्री की रैली से पहले कांकेर जिले में नक्सलियों ने की तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी।



छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के एक गांव में नक्सलियों ने महाराष्ट्र पुलिस के लिए मुखबिरी करने के संदेह में तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि उन्हें घटना के बारे में सूचना मिली है और इस संबंध में जानकारी इकट्ठा की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पड़ोसी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले से सटे छोटेबेठिया पुलिस थाना (कांकेर) के मोरखंडी गांव के निवासी कुल्ले कतलामी (35), मनोज कोवाची (22) और डुग्गे कोवाची (27) की नक्सलियों ने हत्या कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर फेंके गए पर्चे में माओवादियों ने दावा किया कि तीनों महाराष्ट्र पुलिस की विशेष नक्सल विरोधी इकाई सी–60 के लिए मुखबिर के रूप में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में अधिक जानकारी ली जा रही है।

# चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, सभी पार्टियों से मांगा चंदे का ब्यौरा

**डेटा नहीं रखने पर आयोग पर नाराजगी जताई**

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लगातार तीन दिनों तक सुनवाई के बाद चुनावी बॉन्ड योजना को दी गई चुनौतियों पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

हालांकि, अदालत ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को 30 सितंबर तक चुनावी बॉन्ड के माध्यम से सभी राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त फंड की डिटेल दो सप्ताह के भीतर जमा करने का निर्देश दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली एक संविधान पीठ ने केंद्र और योजना को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनीं। केंद्र द्वारा अपनी दलीलें पूरी करने के बाद पीठ ने ईसीआई से आज तक चुनावी बॉन्ड से प्राप्त फंडिंग का डेटा कोर्ट में जमा करने को कहा है। हालांकि, ईसीआई की ओर से पेश अधिवक्ता अमित शर्मा ने बेंच को बताया कि उनके पास आवश्यक डेटा नहीं है। पीठ ने अप्रैल 2019 में पारित एक >>शेष पृष्ठ 2 पर

## महुआ ने आचार समिति की बैठक से किया वाकआउट, गंदे सवाल पूछने का आरोप

# कहा- सदस्य पूछ रहे थे, रात में किस से बात करती हो...

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा गुरुवार को लोकसभा की आचार समिति के सामने पेश हुई। उन्होंने तकरीबन डेढ़ घंटे तक समिति के सामने अपना पक्ष रखा। इस दौरान उनसे कई तरह के सवाल पूछे गए।



पूछताछ के बाद बाहर निकली महुआ आचार समिति के सवालों को लेकर बेहद नाराज दिखी और आरोप लगाया कि उनकी निजी जिंदगी को मुद्दा बनाया जा रहा है। आचार समिति के सदस्य उनसे गंदे सवाल पूछ रहे थे। कुछ ऐंसे सवाल पूछे गए,जिनके बारे में बताया नहीं जा सकता है। जबकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वकील जय अनंत देहाद्राही के बारे में कहाकि उनके आरोप दुश्मनी से प्रेरित हैं,क्योंकि उन्होंने उनके साथ अपने व्यक्तिगत संबंध तोड दिए थे। पैसा लेकर सवाल पूछने के आरोपों का उन्होंने खंडन किया। हालांकि यह माना कि उन्होंने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को अपना संसदीय लॉगिन साझा किया था।

## केंद्र सरकार ने एप्पल को नोटिस भेजा, नोटिफिकेशन मामले पर पूछा यह सवाल

**नई दिल्ली।** आईटी मंत्रालय ने आई फोन हैक से जुड़े मामले में एप्पल को नोटिस भेजा है। आईटी मंत्रालय ने नोटिस भेजकर ऐप्पल से राज्य प्रायोजित हमले के आरोपों को लेकर जवाब मांगा है। सरकार ने ऐप्पल से पूछा है कि वो कैसे इस नतीजे पर पहुंचे कि यह राज्य प्रायोजित हमला है। आईटी सचिव एस कृष्णन ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दलों के सांसदों ने एप्पल की ओर से उन्हें भेजे गए चेतावनी के संदेश का जो मुद्दा उठाया था उसकी जांच CERT-In ने शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि इस सिलिसले में कंपनी को नोटिस भी भेजा गया है।

विपक्ष के कई नेताओं ने मंगलवार को दावा किया था कि उन्हें उनके आईफोन में 'सरकार प्रायोजित सेंधमारी के प्रयास' के बारे में एप्पल से चेतावनी संदेश मिला है। उन्होंने इस कथित हैकिंग के प्रयास के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया था।

**सरकार ने खारिज किए विपक्ष के आरोप**–मंगलवार को विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों की सरकार की तरफ से तुरंत ही खारिज कर दिया गया। द्भञ्ज मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार आरोपों की गहन जांच कराएगी।

# ईडी के सामने पेश नहीं हुए केजरीवाल

**समन के पीछे की मंशा पर उठाया सवाल**

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने ईडी को जवाब देते हुए आरोप लगाया कि उसके समन 'राजनीति से प्रेरित' प्रतीत होते हैं और अनावश्यक रूप से जारी किए गए हैं।

ईडी के समन पर गुरुवार को अपनी आधिकारिक प्रतिक्रिया में, केजरीवाल ने इस बारे में स्पष्टता की कमी के बारे में चिंता व्यक्त की कि उन्हें किस क्षमता में बुलाया जा रहा है, चाहे वह मामले में गवाह के रूप में हो या संदिग्ध के रूप में। 30 अक्टूबर को दिए गए समन पर केजरीवाल की प्रतिक्रिया में कहा गया है, मुझे आपका सम्मन दिनांक 30 अक्टूबर को प्राप्त हुआ है, मुझे दो नवम्बर सुबह 11:30 बजे आपके समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। उक्त समन है धारा 50 पीएमएलए के तहत जारी किया गया है। वह कहते हैं उक्त सम्मन यह स्पष्ट नहीं है कि मुझे किस क्षमता में बुलाया जा रहा है, यानी उपर्युक्त मामले में एक गवाह या संदिग्ध के रूप में। उक्त समन में मुझे बुलाए जाने का कारण, या उसका कोई विवरण नहीं दिया गया है।



## मणिपुर पुलिस से हथियार मांगने पहुंची भीड़ ने घेरा थाना, पुलिस की हवाई फायरिंग

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी इंफाल में भीड़ ने बुधवार को हथियारों की मांग को लेकर मणिपुर पुलिस कार्यालय परिसर का घेराव करने का प्रयास किया। इसके बाद प्राधिकारियों ने हवा में गोलियां चलाने और दो जिलों में कर्फ्यू में दी गई ढील वापस लेने का आदेश दिया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। यह पुलिस स्टेशन मुख्यमंत्री के आधिकारिक घर के पास है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर




**न्यायालय** | **रिहाई के लिए महिला ने हाईकोर्ट में लगाई अर्जी**

# पति जेल में बंद, पत्नी चाहती है संतान सुख...

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में एक महिला ने याचिका दायर कर अपने पति को जेल से रिहा करने की मांग की है। याचिका में महिला ने कहा है कि वह संतान सुख चाहती है। संतान प्राप्ति हमारा मौलिक अधिकार है। महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जबलपुर में सरकार द्वारा संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीन को 5 डॉक्टरों की एक टीम गठित करने का निर्देश दिया। यह टीम जांच करेगी कि महिला याचिकाकर्ता मां बनने के लिए फिट है या नहीं।



सरकारी वकील सुबोध कथार ने बताया कि हाईकोर्ट ने महिला द्वारा दायर याचिका पर 27 अक्टूबर को आदेश पारित किया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता का पति किसी आपराधिक मामले में जेल में है और महिला संतान सुख चाहती है, जिसके लिए उसने राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार संतान पैदा करने के अपने मौलिक अधिकार का दावा किया है। वकील ने कहा कि महिला ने अपने पति को जेल से रिहा करने की मांग की है। कथार ने कहा कि महिला अपने रिकॉर्ड के अनुसार रजोनिवृत्ति की उम्र पार कर चुकी है। कृत्रिम या प्राकृतिक रूप से उसके मां बनने की कोई संभावना नहीं है।

डॉक्टरों की टीम करेगी जांच, डीन सौंपेंगे रिपोर्ट

याचिका पर न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकल पीठ ने सुनवाई की। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम से मेडिकल जांच कराई जाए कि याचिकाकर्ता मां बनने के लिए चिकित्सकीय रूप से फिट है या नहीं। याचिकाकर्ता को सात नवंबर को कॉलेज के डीन के सामने पेश होने को कहा गया। डॉक्टरों की टीम में तीन स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक मनोचिकित्सक और एक एंडोक्रिनोलॉजिस्ट होगा। डीन 15 दिनों के भीतर इस मामले की रिपोर्ट सौंपेंगे। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई 22 नवंबर को तय की है।

**विपक्षी वकील का तर्क**–सरकार की ओर से पेश वकील का कहना है कि महिला रजोनिवृत्ति की उम्र पार कर चुकी है. वह गर्भवती नहीं हो सकती है. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज के डीन को 5 डॉक्टरों की एक टीम गठित करने का निर्देश दिया है. इस पैनल में 3 स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक मनोचिकित्सक और दूसरा एंडोक्रिनोलॉजिस्ट है शामिल होंगे. यह टीम महिला की जांच करेगी कि क्या वह गर्भ धारण कर सकती है या नहीं.

# देश-विदेश

## 1 दिसम्बर तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए प्रबीर पुरकायस्थ

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को न्यूजक्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में 1 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस हिरासत पूरी होने पर दोनों को पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के सामने पेश किया गया। 31 अक्टूबर को, अदालत ने पुरकायस्थ के एक आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए दिल्ली पुलिस को 10 नवंबर तक का समय दिया था, जिसमें पुलिस द्वारा जब्त किए गए उनके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को जारी करने की मांग की गई थी।

## सनकी तानाशाह किम जोंग उन ने फिर दागी ह्वासोंग-18 मिसाइल



**नई दिल्ली।** दुनिया इस समय दो युद्धों में उलझी हुई है। एक तरफ रूस-यूक्रेन के बीच जंग लड़ी जा रही है, तो दूसरी ओर इजराइल - हमास के मध्य संघर्ष छिड़ा हुआ है।

इस बीच उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की हरकत ने फिर से दुनिया को डरा दिया है। बुधवार को उत्तर कोरिया ने अपनी ह्वासोंग-18 मिसाइल का एक बार फिर से परीक्षण किया। खास बात यह है कि यह मिसाइल 6648 किलोमीटर तक परमाणु हमला करने में सक्षम है। उत्तर कोरिया का यह मिसाइल परीक्षण अमेरिका और जापान जैसे देशों के लिए चेतावनी माना जा रहा है। दरअसल, यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया है, जब क्षेत्र में अमेरिका के साथ उत्तर कोरिया के तनाव के बीच किम जोंग उन ने सेना को युद्ध अलर्ट पर रहने का आदेश दिया है।

### 6648 किमी तक कर सकती है परमाणु हमला

**पहले भी दो बार कर चुका है परीक्षण-** उत्तर कोरिया ने अपनी इस घातक मिसाइल का इसी साल अनावरण किया था। कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर इस मिसाइल को दुनिया के सामने लाया गया था। इसके बाद 13 अप्रैल 2023 को मिसाइल का पहला परीक्षण किया गया था। तब इस 3000 किलोमीटर की अधिकतम दूरी के साथ मिसाइल ने 1000 किमी की उड़ान भरी थी। इसके बाद उत्तर कोरिया ने 23 जुलाई 2023 को इस मिसाइल का दूसरी बार प्रक्षेपण किया। उत्तर कोरियाई मीडिया ने बताया था कि मिसाइल ने 4,491 सेकंड (74.85 मिनट) के लिए 6,648.4 किमी की अधिकतम ऊंचाई पर 1,001.2 किमी की दूरी तक उड़ान भरी थी।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने खालिस्तानी फंडिंग पर लगाई रोक

**लंदन।** कनाडा के अलावा ब्रिटेन में भी खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी गतिविधियों में बड़ी बढ़ोत्तरी देखी गई है। इसके खिलाफ भारत के कड़े विरोध के बाद ब्रिटेन ने खालिस्तानी आतंकियों पर नकेल कसने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा बनाई गई टास्क फोर्स ने खालिस्तानी फंडिंग पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पहली बार खालिस्तान को फंडिंग करने वाले 50 से ज्यादा अकाउंट फ्रीज किए गए हैं। ये सभी खाते भारत में प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े हैं।

टास्क फोर्स ने खालिस्तान से जुड़े छद्म नाम वाले कथित समाजसेवी संगठनों की लिस्ट भी तैयार की है। टास्क फोर्स ने पाया कि ये संगठन भी खालिस्तानी समर्थकों को आश्रय देते हैं। टास्क फोर्स के सूत्रों के अनुसार आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने वाले संगठनों के खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। टास्क फोर्स को लगभग दो महीने पहले ही बनाया गया है। इसमें भारतीय इंटेलिजेंस - एजेंसियों से भी इनपुट का आदान- प्रदान किया जा रहा है। टास्क फोर्स ने सबसे पहले ब्रिटिश बैंकों में खालिस्तानी नेताओं और उनके समर्थकों के अकाउंट्स की वॉच लिस्ट तैयार की। फिर इन अकाउंट्स में विदेशों से ऑनलाइन और ब्रिटेन में ऑफलाइन जमा होने वाले एक लाख रुपए

### 50 से ज्यादा अकाउंट किए फ्रीज

(लगभग एक हजार पाउंड) या इससे अधिक के लेन-देन की निगरानी की। लगभग दो महीने तक इन संदिग्ध अकाउंट्स की लिस्ट बनाई और इन्हें फ्रीज कर दिया गया। इन अकाउंट्स में तीस करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी जमा बताई जाती है। टास्क फोर्स अगले चरण में और कड़ी कार्रवाई करेगी। सार्वजनिक स्थानों पर चंदे के कलेक्शन बॉक्स पर लगेगी रोक ब्रिटेन में खालिस्तान के नाम पर सार्वजनिक स्थानों पर कलेक्शन बॉक्स पर भी रोक लगेगी। पिछले कुछ साल से ब्रिटेन में सार्वजनिक स्थानों पर चंदा जमा करने के लिए बॉक्स लगाए जाते रहे हैं। इस चंदे का प्रयोग खालिस्तानी गतिविधियों में होता रहा है। कलेक्शन बॉक्स धर्म स्थलों पर ही लगाए जा सकते हैं। अब बॉक्स के चंदे को भी संबंधित धर्मस्थल को अपने अकाउंट में दर्ज करना होगा। बता दें कि भारत सरकार ने कनाडा से भी खालिस्तान समर्थकों को अब टास्क फोर्स की छह सदस्यों की फंडिंग रोकने के लिए कहा है लेकिन कनाडा सरकार ने टीम स्कॉटलैंड में भी जाएगी। इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।

इससे पहले भी अगस्त में ब्रिटेन सरकार ने खालिस्तान से निपटने और अपने देश की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 95000 पाउंड (करीब एक करोड़ रुपए) के नए कोष का ऐलान किया था। ब्रिटिश उच्चायोग ने टुगेंडहाट की भारत की तीन दिवसीय यात्रा के मौके पर एक बयान में यह जानकारी दी है। ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों में बढ़ोतरी को लेकर भारत में बढ़ती चिंताओं के बीच नए कोष का ऐलान किया गया था ।

## दिवाली से पहले ही जहरीली हुई दिल्ली की हवा

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पंजाब-हरियाणा में जल रही पराली व स्थानीय कारणों से दिल्ली-एनसीआर की हवा बृहस्पतिवार को जहरीली हो गई। दिल्ली के आधे से अधिक केंद्रों पर एक्यूआई 400 से अधिक मापा गया, जबकि दिल्ल ी का प्रदूषण सूचकांक 392 रहा। यह बुधवार के मुकाबले 28 अंक ज्यादा है। दिल्ली में बेहद खराब होते हालत हो देखते हुए ग्रैप का तीसरा चरण लागू होने की आशंका बढ़ रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि बुधवार को उत्तर-उत्तर-पश्चिमी दिशाओं से दिल्ली-एनसीआर में चली ऊपरी सतह की हवाओं से पंजाब और हरियाणा में पराली का धुंआ दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा में घुला। बुधवार को पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की करीब तीन हजार घटनाएं दर्ज हुई। दिल्ली के प्रदूषण में बृहस्पतिवार को पराली के धुंए की 30 फीसदी हिस्सेदारी रही। जबकि 70 फीसदी में करवाचौथ के अवसर पर हुई आतिशबाजी, वाहनों का धुंआ, निर्माण सहित अन्य स्थानीय कारण रहे।

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक बृहस्पतिवार को दिल्ली में मुख्य सतही हवा पूर्वोत्तर-उत्तर दिशाओं से आठ किमी की गति से चली। हवाओं की गति काफी मंद रहने के कारण निचले स्तर पर फैला प्रदूषण बिखर नहीं पाया। बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुंडका, आनंद विहार सहित 16 इलाकों में हवा बेहद गंभीर श्रेणी में रही, जबकि बुराड़ी, डीटीयू सहित 18 इलाकों की हवा गंभीर श्रेणी में रही। वहीं एनसीआर की बात करें तो ग्रेटर नोएडा सबसे ज्यादा प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 402 दर्ज किया गया। वहीं फरीराबाद का 308, गाजियाबाद का 286, गुरुग्राम का 297 और नोएडा का 351 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# भाजपा की राजस्थान में तीसरी सूची जारी, 58 प्रत्याशियों के नाम

## कई नए चेहरों को दिया गया मौका

**नई दिल्ली देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान में आगमी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के लिए गुरुवार को अपने 58 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की।

भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने जिन उम्मीदवारों के नामों को स्वीकृति प्रदान की उनमें कई मौजूदा विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक तथा कई नए चेहरों को मौका दिया गया हैं।

जोधपुर के सरदारपुरा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने पार्टी ने डा महेन्द्र सिंह राठौड़ को चुनाव मैदान में उतारा है। टोंक सीट पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के सामने अजित सिंह मेहता पर भरोसा जताया हैं वहीं पार्टी ने हाल में भाजपा में शामिल हुए सुभाष मील को पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं विधायक महादेव सिंह खंडेला के

### पायलट के सामने अजीत मेहता को उतारा

सामने खंडेला से अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल पर आरोप लगाने वाले एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पार्टी के मौजूदा वरिष्ठ विधायक कैलाश मेघवाल की जगह शाहपुरा से लाला राम बैरवा को चुनाव मैदान में उतारा है। तीसरी सूची में चार महिला प्रत्याशी शामिल हैं। भाजपा की इस सूची में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार शामिल नहीं हैं और पूर्व मंत्री यूनुस खान को इस बार भी डीडवाना से चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिला।

भाजपा ने इससे पहले जारी की अपने उम्मीदवारों की दो सूचियों में 124 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतार चुकी हैं और तीसरी सूची को मिलाकर अब तक 182 प्रत्याशी घोषित कर चुकी हैं। राज्य में 200 सीटों पर हो रहे इस चुनाव में भाजपा के अब 18 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारना शेष हैं।

## तेलंगाना में भी 35 उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को तेलंगाना के लिए 35 उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में सामा रंगा रेड्डी और पूसा रेड्डी का नाम भी शामिल है।

पार्टी ने कहा, भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने तेलंगाना विधानसभा के आगामी आम चुनावों के लिए नाम तय कर लिए हैं। भाजपा ने लाल बहादुर नगर से सामा रंगा रेड्डी, मेदक से पांजा विजय कुमार, मुशीराबाद से पूसा रेड्डी, सनथनगर से मैरी शशिधर रेड्डी और हुजूरनगर से चल्ला श्रीलता रेड्डी को चुनावी मैदान में उतारा है। एल. दीपक रेड्डी को जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के मोहम्मद अज़हरुद्दीन के खिलाफ नामांकित किया गया है। भाजपा ने कांग्रेस उम्मीदवार कोटा नीलिमा के खिलाफ सनथनगर से मैरी शशिधर रेड्डी को मैदान में उतारा है, जो पार्टी नेता पवन खेड़ा की पत्नी हैं। पार्टी ने हुजूरनगर विधानसभा सीट से चल्ला श्रीलता रेड्डी को भी उम्मीदवार बनाया है। 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए 30 नवंबर को मतदान होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

## इजरायल ने गाजा पर किया हवाई हमला

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच चल रहे हिंसक युद्ध में फंसे शरणार्थियों की जिंदगी और भी मुश्किल हो गई है। गाजा में फंसे विदेशी नागरिक भागने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हर तरफ मची तबाही ने उनके लिए शहर छोड़ना मुश्किल कर दिया है।

### 195 लोगों की मौत, कई लोग घायल

गाजा पर नियंत्रण रखने वाली हमास सरकार ने कहा है कि जबालिया शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले में कम से कम 195 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार अधिकारियों ने कहा कि ऐसे हमलों को युद्ध अपराध कहा जाता है। हमास के मुताबिक गाजा में कुल 320 विदेशी नागरिक फंसे हुए हैं। इजरायली डिफेंस फोर्स के हमले में दर्जनों लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं। मिस्र और गाजा के बीच विदेशियों और गाजावासियों के बचाव के लिए एक समझौता हुआ है, जिसके तहत लोगों को निकाला जा रहा है।

**7,500 विदेशी नागरिक देश छोड़ देंगे-**गाजा सीमा के अधिकारियों का कहना है कि गुरुवार को सीमाएँ फिर से खोल दी जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक विदेशियों को जाने की अनुमति मिल जाएगी। गाजा में इस वक्त करीब 7,500 विदेशी नागरिक फंसे हुए हैं, जो बाहर निकलने का रास्ता तलाश रहे हैं।

**इजराइल गाजा पर हवाई हमले कर रहा है-**हमास ने 7 अक्टूबर को 5,000 रॉकेटों से इज़राइल पर अचानक हमला किया। 1400 इजरायली मारे गए, जिसके बाद इजरायली रक्षा बलों ने जवाबी हमला किया। गाजा पट्टी में 7,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इजराइल ने इस्लामिक ग्रुप को खत्म करने के लिए जमीन, समुद्र और हवा से भारी बमबारी की है।

## पुरानी पेंशन को लेकर दिल्ली में जुटे कर्मचारी

# रामलीला मैदान में तीसरी रैली आज

### 8वें वेतन आयोग के गठन को लेकर भी हुंकार भरेंगे कर्मचारी

-सात सूत्री एजेंडे को लेकर करेंगे रैली

-करीब 50 कर्मचारी संगठन हिस्सा लेंगे



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों की दो रैलियां हो चुकी हैं। अब 3 नवंबर को तीसरी बड़ी रैली होने जा रही है। इस रैली में सात सूत्री एजेंडे पर हुंकार भरी जाएगी, जिसमें पहले नंबर पर एनपीएस की समाप्ति और ओपीएस की बहाली है। इसके बाद केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं। यह रैली कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होगी। इसमें ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित करीब 50 कर्मी संगठन हिस्सा लेंगे।

**चरणबद्ध तरीके से हो रहे प्रदर्शन-** कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले साल से ही चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। दिसंबर 2022 को दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कर्मियों के ज्वाइंट नेशनल कन्वेंशन के घोषणा पत्र के मुताबिक, कर्मचारियों की मुहिम आगे बढ़ाई जा रही है। राज्यों में भी कर्मियों की मांगों के लिए सम्मेलन/सेमीनार और प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। अब इस कड़ी में तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित की जाएगी।

**पीएफआरडीए एक्ट में संशोधन किया जाए-**रैली की मुख्य मांगों में पीएफआरडीए एक्ट में संशोधन करना या उसे पूरी तरह खत्म करना, शामिल है। जब तक इस एक्ट को खत्म नहीं किया जाता, तब तक विभिन्न राज्यों में लागू हो रही ओपीएस की राह मुश्किल ही बनी रहेगी। वजह, एनपीएस के तहत कर्मियों का जो पैसा कटता है, वह पीएफआरडीए के पास जमा है। केंद्र सरकार कह चुकी है कि वह पैसा राज्यों को नहीं लौटाया जाएगा। ऐसे में जहां भी ओपीएस लागू हो रहा है, वहां पर सरकार बदलते ही दोबारा से एनपीएस लागू हो जाए, इस बाबत कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में राज्यों द्वारा की जा रही ओपीएस बहाली में कई पेंच फंसे रहेंगे।

## हमास, हिजबुल्लाह के बाद अब यमन के हौथियों ने इजराइल पर दागी मिसाइलें, आतंकी संगठनों से घिरा यहूदी देश

**यरूशलम।** इजराइल और फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के बीच चल रहे युद्ध में एक नया मोड़ आ गया है, जब 31 अक्टूबर को यमन के हौथी विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया है।

रिपोर्टों के अनुसार, चूंकि उनका मुख्य समर्थनकर्ता ईरान है, इसलिए हौथियों की भागीदारी ईरान को हमास और गाजा पट्टी के समर्थन में युद्ध में खींच सकती है। बता दें कि, फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास, लेबनानी आतंकी संगठन हिजबुल्लाह, फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद, जैसे संगठन पहले से ही इजराइल पर हमला कर रहे हैं और अब यमन के हौथी विद्रोही भी इसमें शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इज़राइल ने कहा है कि उसके लड़ाकू जेट और नई एरो मिसाइल रक्षा प्रणाली ने देश के प्रमुख लाल सागर शिपिंग बंदरगाह इलियट के पास आते ही कुछ घंटों के अंतराल पर आने वाली दो गोलाबारी को मार गिराया। बाद में, हौथियों ने हमले के समय और सीमा के बारे में विस्तार से बताए बिना, इज़राइल पर तीन हमलों का दावा किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### करप्शन, क्राइम और .....

कैसे सुखी रहें और इसिलिए जनता के कल्याण की एक नहीं अनेकों योजनाएं बनाई है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास कर रहा है, और डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश भी विकास पथ की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी फिर विकास को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, वो कह रहे हैं कि, कमलनाथ मॉडल आयेगा। ये कमलनाथ मॉडल क्या है..? दरअसल करप्शन, क्राइम और कमीशन का मॉडल है कमलनाथ मॉडल, ये मॉडल अब नहीं चलने वाला कमलनाथ जी, ये ओल्ड मॉडल है। उन्होंने कहा कि, कमलनाथ ने सवा साल में वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार और दलालों का अड्डा बना दिया था।

**कांग्रेस के हाल- 15 साल में मोड़ा भओ, चूम-चूम के मार दओ** -श्री चौहान ने कहा कि मेरी बहनों ये वही कमलनाथ और कांग्रेस है सवा साल के लिए आए थे और आकर प्रदेश में जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया और अब कमल नाथ कह रहे है कि भाजपा श्रेय लेती है लेकिन भाईयो बहनों इनके क्या हाल हैं कमलनाथ जी के... 15 साल में सरकार बनाई वही ठीक से नहीं चलाई। 15 साल में मोड़ा भओ चूम-चूम के मार दओ। 15 महीने ही सरकार नहीं चला पाए और बात हम से कर रहे हैं।

**बहन ने खिलाया भैया शिवराज को सीताफल**-सागर जिले के देवरी में आयोजित चुनावी सभा में एक भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। जब प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा करने देवरी पहुचे तो सभा मंच के पास एक बहन टोकरी में अपने लाडले भैया शिवराज के लिए सीताफल लेकर पहुंची, भैया शिवराज ने भी लाड़ली बहन का मान रखते हुए उसे सभामंच पर बुलाया और उनके हाथों से सीताफल खाया। इस दौरान सभा में उपस्थित हजारों के संख्या में लोग, भाई-बहन के इस भावुक, प्रेम और अपनेपन के प्रसंग के साक्षी बनें।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं बहनों को हमेशा दुर्गा जी के रूप में देखता हूँ। मेरे लिए सभी स्त्रियां देवी की मूर्तियाँ है। उन्होंने कहा कि, मेरा संकल्प है महिला सशक्तिकरण, आने वाले पांच सालों में हर बहन को लखपति दीदी बनाना है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभाओं में उपस्थित जनता जनार्दन से कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दुनियां भर में देश का मान-सम्मान बढ़ाया है, और मध्यप्रदेश भी मोदी जी के कुशल नेतृत्व में निरंतर विकास कर रहा है। आगे और बेहतर विकास कार्यों के साथ मध्यदेश को देश का नंबर 1 राज्य बनाना है, और इसलिए मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार बनाना है। उन्होंने जनसमुदाय से भाजपा प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने और मध्यप्रदेश में एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण विजयी आशीर्वाद देने की अपील की।

### चुनावी बॉन्ड पर.....

अंतरिम आदेश के बावजूद आवश्यक डेटा बनाए नहीं रखने के लिए ईसीआई के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की, जिसमें आयोग को गुरुवार तक प्राप्त चुनावी बॉन्ड के डेटा को बनाए रखने का निर्देश दिया गया था। अधिवक्ता अमित शर्मा ने पीठ को बताया कि ईसीआई ने सोचा कि अप्रैल 2019 का आदेश केवल 2019 के लोकसभा चुनावों के संबंध में जारी चुनावी बॉन्ड तक ही सीमित था। हालांकि, पीठ ने इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि आदेश के अनुसार डेटा लगातार एकत्र किया जाना था और कहा कि ईसीआई को स्पष्टीकरण मांगना चाहिए था। अप्रैल 2019 के अंतरिम आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई को निर्देश दिया था कि सभी राजनीतिक दल जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से दान प्राप्त किया है, उन्हें बैंक विवरण के साथ दाताओं और प्रत्येक बॉन्ड के खिलाफ प्राप्त राशि का विस्तृत विवरण एक सीलबंद कवर में चुनाव पैनल को पेश करना चाहिए। इसे लेकर चार याचिकाएं दाखिल की गई हैं। याचिकाकर्ताओं में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सीपीएम शामिल है। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी की।


### आम सूचना

मैं अपन पक्षकार AU स्माल फाइनेंस बैंक महानद्दा, जबलपुर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि:

श्री दादूराम पुत्र श्री तोप सिंह ठाकुर उर्फ भीखम सिंह परिहार निवसी बिजना तहसील- लखनादौन जिला सिवनी द्वारा अपने हक व कब्जे की अचल संपत्ति जो कि मौजा- गणेशगंज, प.ह.नं. 98.53 (हल्का- गणेशगंज), आर.एन.एम. लखनादौन, खसरा क्रमांक वाली भूमि का भाग 162 नामांतरण के बाद खसरा नं. 162/1/3 क्षेत्रफल 0.02 हेक्टेयर यानी 30'x60'=1800 वर्गफुट, (167.28 वर्गमीटर), ग्राम पंचायत-गणेशगंज, विकास खंड एवं तहसील- लखनादौन एवं जिला- सिवनी (म.प्र.) में स्थित है। उक्त संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों को मेरे पक्षकार AU स्माल फाइनेंस बैंक महानद्दा जबलपुर में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना प्रस्तावित है। श्री दादूराम पुत्र श्री तोप सिंह ठाकुर द्वारा प्रस्तुत सरकारी दस्तावेजों में उनका नाम भीखम सिंह परिहार अंकित है। यदि किसी व्यक्ति बैंक, संस्था आदि को दस्तावेजों पर किसी प्रकार की आशंका है या कोई आक्षेप या आपत्ति है तो वह मेरे समक्ष या मेरे पक्षकर AU स्माल फाइनेंस बैंक , महानद्दा जबलपुर के समक्ष इस सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण पेश कर अपना आक्षेप या आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी भी व्यक्ति या संस्था को उपरोक्त संपत्ति के बंधक रखने पर कोई आक्षेप या आपत्ति नहीं है एवं उक्त समयावधि बीत जाने के उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**स्थान: जबलपुर**
**दिनांक ..**

**सौहार्द कुलश्रेष्ठ**
**अधिवक्ता म.प्र. हाईकोर्ट**
**निवास/कार्यालय- जैन मंदिर के पास कंचन विहार के पीछे विजय नगर जबलपुर, म.प्र. मो.नं. 94523-85895**
**र.नं. 1506**

### भारतीय स्टेट बैंक नीलामी सूचना

**समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेनिंग सेन्टर, विजय नगर, जबलपुर स्थित संस्थान में हॉस्टल रूम के नवीनीकरण के दौरान निकाले गये स्क्रैप सामान की नीलामी दिनांक 07/11/2023 दोपहर 12 बजे की जायेगी। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 06/11/2023 सायं 5.30 बजे तक एस.बी.आई. एल.डी., प्रशासनिक कार्यालय, विजय नगर, जबलपुर में निविदा प्रपत्र जमा करें। निविदाकर्ता स्क्रैप सामान का निरीक्षण संस्थान कार्यालय परिसर में कर सकते हैं। निविदा की नियम एवं शर्तों हेतु कार्यालय में सम्पर्क करें। निदेशक, एस.बी.आई.एल.डी., जबलपुर**

SHRIRANG

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता ( नगर संभाग दक्षिण )

1912

**मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर**

क्र. काअ/नसंद/क्रय/1975 | दिनांक 02.11.2023

E-mail : eecitysouthjbp@gmail.com, Visit us : www.mpez.co.in

**विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना**

**सभी सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 'नगर संभाग दक्षिण' के अन्तर्गत वर्षा उपरांत दीपावली पूर्व 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों एवं 33 के.व्ही., 11 के.व्ही. लाइनों के रखरखाव एवं नगर निगम जबलपुर द्वारा एचटीपी प्लांट के विद्युतीकरण कार्य हेतु निम्नलिखित दिनांकों एवं समय में उनके सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। समयावधि आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।**

| क्र. | दिनांक ( दिन ) | फीडर का नाम | समय | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम एवं मो.नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03.11.2023 ( शुक्रवार ) | 11 के.व्ही. सैनिक सोसायटी | प्रातः 9.00 से 01.00 | सूपाताल, बृजमोहन नगर, राममंदिर, गुरूद्वारा, पीएचई कोलोनी बदनपुर, खत्री कॉलोनी, शारदा माई रोड एवं आसपास का क्षेत्र। | श्री उमंग राय 9425805980 |
| 02 | 04.11.2023 ( शनिवार ) | 11 के.व्ही. रमनगरा | प्रातः 9.00 से 02.00 | शाहनाला, गढ़ा रेल्वे स्टेशन, राधास्वामी सत्संग, तिलवारा दयोदय गौशाला, रमनगरा, शनि मंदिर एवं आसपास का क्षेत्र। | श्री पंकज अग्रवाल 9425806010 |
| 03 | 04.11.2023 ( शनिवार ) | 33 के.व्ही. मुजावर-2 | प्रातः 9.00 से 01.00 | शिमला हिल्स, रतननगर, एलआईसी, भारत कॉलोनी, बेदीनगर गैस गोदाम क्षेत्र, बग्गाइन एवं आसपास। | श्री उमंग राय 9425805980 |
| 04 | | 11 के.व्ही. गढ़ा-1 | | शारदा चौक, पीली बिल्डिंग, पचमठा मंदिर, सिम्पलेक्स एवं आसपास। | |

**कार्यपालन अभियंता (न.सं.द.)**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. जबलपुर**

# देश-प्रदेश

उवाच

**कांग्रेस के समय 85 पैसे बिचौलिए खा जाते थे, अब पूरा पैसा गरीब के खाते में आ रहा है**

**मंडला, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस के समय 1 रुपए में 85 पैसे बिचौलिए खा जाते थे, आज के समय पूरा एक रुपए गरीबों के खाते में आ रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए तेजी से काम किया है, जिसके चलते उनका जीवन स्तर ऊपर उठा है। श्री शर्मा आज मंडला और बिछिया में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह के शासनकाल में जब यात्रा करते थे तो बस चालक देखते थे की आगे सड़क है या नहीं, लेकिन भाजपा सरकार ने प्रदेश में 7 लाख किलोमीटर शानदार सड़कें बनाई हैं।



## सार-समाचार

### भूटान के राजा वांगचुक आज से भारत की यात्रा पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक 03 से 10 नवंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि भूटान नरेश अपने देश की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कल नयी दिल्ली पहुंचेंगे। वह यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भूटान नरेश से मुलाकात करेंगे। भूटान नरेश असम और महाराष्ट्र की यात्रा पर भी जाएंगे।

### एनआईए ने बेंगलुरु आतंकी मामले को अपने हाथ में लिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस द्वारा बेंगलुरु में कथित आतंकी साजिश का भंडाफोड़ करने और पांच लोगों को गिरफ्तार करने के तीन महीने बाद, मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपने हाथ में ले लिया है, सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच जिंदा ग्रेनेड, सात देशी पिस्तौल, 45 गोलियां, वॉकी-टॉकी, 12 मोबाइल और तेज धार वाले हथियार बरामद किए थे। आरोपियों को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

### तमिल अभिनेता बलैया का 70 साल की उम्र में निधन

**मुंबई, एजेंसी।** दिग्गज अभिनेता टी.एस. बलैया के तीसरे बेटे, जूनियर बलैया के नाम से मशहूर अभिनेता रघु बलैया का गुरुवार को दम घुटने के चलते निधन हो गया। एक्टर ने चेन्नई के वलसारावक्कम स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह 70 साल के थे। जूनियर बलैया को सुंदरकंदम, कराकाटकरन, सत्ताई और अन्य फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्मों के अलावा उन्हें टीवी शो में भी देखा गया, जिनमें चिथी, वाजकई और चिन्ना पापा पेरिया पापा शामिल हैं।

### पूर्व डीजीपी हुए कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी.के. रवि गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने कुछ महीने पहले वोलंटरी रिटायरमेंट ली थी। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य सैयद नसीर हुसैन ने कहा, रवि हमारी पार्टी में शामिल हो गए हैं। वह पहले तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी थे और उन्होंने पार्टी में शामिल होने के लिए रिटायरमेंट ली है।

### कर्नाटक में दलित नेता की हत्या के मामले में 3 गिरफ्तार

**रायचूर, एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने एक दलित नेता की हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी इस हफ्ते की शुरुआत में रायचूर जिले में हत्या कर दी गई थी। 40 वर्षीय प्रसाद की सोमवार को मानवी तालुक के पास मुदलापुर में हत्या कर दी गई थी। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान केशव, रामू और देवा रेड्डी के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों ने कबूल किया कि पीड़ित ने उन्हें प्रताड़ित किया था और बदला लेने के लिए उन्होंने उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, हत्यारों ने पीड़ित को उस वक्त रोका जब वह बाइक पर जा रहा था और उस पर धारदार हथियारों से हमला किया। पीड़ित की हथेली कटी हुई थी और उसके पूरे शरीर पर कट के निशान थे।

मुख्यमंत्री ने चुनावी सभाओं में कमलनाथ पर साधा निशाना, कहा -

## सरकार नहीं चला पाए, आरोप हम पर लगा रहे हैं



**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये वही कमलनाथ और कांग्रेस हैं, जो सवा साल के लिए आए थे और आकर प्रदेश में जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था। अब कमलनाथ कह रहे हैं कि भाजपा श्रेय लेती है, लेकिन कमलनाथ जी का क्या हुआ... 15 साल में सरकार बनाई वही ठीक से नहीं चलाई, अब हमसे बात करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अब कमलनाथ मॉडल अब नहीं चलने वाला, ये ओल्ड मॉडल है। उन्होंने कहा कि, कमलनाथ ने सवा साल में वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार और दलालों का अड्डा बना दिया था।

मध्यप्रदेश को बर्बाद और तबाह करने में कांग्रेस सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि जब कमलनाथ मुख्यमंत्री थे तो हमेशा पैसों का रोना रोते थे। कहते थे मामा खजाना खाली कर गया, लेकिन भाइयो-बहनों जनता की सेवा के लिए मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं हैं। जहां चाह होती है वहां राह निकल ही आती है। श्री चौहान ने आरोप लगाया कि कमलनाथ और कांग्रेस की सरकार ने भाजपा की सारी योजनाएं बंद कर दी थी।

खुरई में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बोले-

## नौजवानों का भविष्य सबसे बड़ी चुनौती



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि खुरई का भविष्य अब आपके हाथ में है और मैं हर मंच से कहता हूं कि आज हमारी सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य है। यहां से युवाओं का पलायन बड़ी संख्या में हो रहा है।

उन्होंने कहा कि नौजवान अपने व्यवसाय के लिए सरकार से थोड़ी सी मदद और अपने हाथों को काम चाहता है, लेकिन सागर और खुरई में उनकी सभी संभावनाओं पर पानी फिर चुका है। कांग्रेस सरकार नौजवानों की सरकार होगी। कमलनाथ आज खुरई में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि खुरई की जिम्मेदारी कमलनाथ की जिम्मेदारी है और खुरई को मैं छिंदवाड़ा का हिस्सा मानूंगा।

उन्होंने कहा कि पूरे बुंदेलखंड का झूठा विकास आपके सामने है, 8 हजार करोड़ का बुंदेलखंड पैकेज देने का काम राहुल गाँधी ने किया था, अगर भाजपा की 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार नहीं होती तो इसका पूरा लाभ बुंदेलखंड को मिलता। कमलनाथ ने कहा कि आज नौजवान अपने रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

## केसीआर ने जनता का पैसा चुराया




**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तेलंगाना में चुनावी दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने अम्बाटपल्ली में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री केसीआर ने जनता का जितना पैसा चोरी किया है, कांग्रेस सबको उतना पैसा लौटाएगी।

राहुल ने कहा कि कालेश्वरम प्रोजेक्ट केसीआर का एटीएम है। इस एटीएम को चलाने के लिए तेलंगाना के सभी परिवारों को 2040 तक हर साल 31 हजार 500 रुपए देने होंगे। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनी तो महिलाओं के बैंक अकाउंट में हर महीने 2500 रुपए भेजा जाएगा। 1000 रुपए का सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि बसों में महिलाओं फ्री में सफर कर सकेंगी। उनके ट्रैवल का 500 से 1000 रुपए बचेगा।

छत्तीसगढ़ में बोले प्रधानमंत्री मोदी

## भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी



**कांकेर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हैं कि चोर लुटेरों के भ्रष्टाचार को रोकने और उन पर कार्रवाई के लिए लोगो ने उन्हे सत्ता में बिठाया है,और यह काम वह पूरी ताकत से कर रहे है। कोई कुछ भी कर ले, लेकिन वह यह काम कतई रोकने वाले नही है। मोदी ने एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ हो या कोई राज्य,कहीं भी जिसने लोगो को लूटा है,उनको सब कुछ लौटाना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है कि एक भी बचने वाला नही है। भष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए आपने मुझे सत्ता में बिठाया है। यह काम मैं रोकने वाला नही हूं,भले ही लाखो गाली मिले या फिर कोई कुछ कर ले। केसीआर ने जनता का पैसा.... हर महीने 4000 रुपए का फायदा होगा। इससे पहले बुधवार को भी राहुल ने मुख्यमंत्री केसीआर पर हमला बोला था।

कांग्रेस की गुटबाजी पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कसा तंज

## राहुल गांधी कांग्रेस में कब मोहब्बत पैदा करेंगे



**जबलपुर/ छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से सवाल पूछा है कि राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, लेकिन वे कांग्रेस में मोहब्बत कब पैदा करेंगे। कांग्रेस में कुर्ता फाड़ बयान जारी हो रहे हैं। कांग्रेस में मोहब्बत नहीं बिखराव है।

वह आज जबलपुर और छिंदवाड़ा में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर आक्रामक नजर आए। श्री प्रसाद ने कहा कि बिहार अक्सर राजनीति को नये-नये शब्द देने के लिए मशहूर है, लेकिन इस बार बिहार को पीछे छोड़कर मध्यप्रदेश ने राजनीति को एक नया शब्द दिया है 'कुर्ता फाड़' राजनीति। उन्होंने कहा कि दो बड़े नेता, जिनमें से एक मुख्यमंत्री पद का दावेदार है और दूसरा पूर्व मुख्यमंत्री है। इनमें से मुख्यमंत्री पद के दावेदार पूर्व मुख्यमंत्री के लिए कहते हैं कि इसके कपड़े फाड़ो।

श्री प्रसाद ने कहा कि इससे पता चलता है कि कांग्रेस में अंदर खाने सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ये कांग्रेस के नेताओं के राजनीतिक स्वार्थ का टकराव है। श्री प्रसाद ने यह आरोप भी लगाया कि कमलनाथ और नकुलनाथ राहुल गांधी को कुछ नहीं मानते। उन्होंने विपक्षियों के अलायंस पर ने कहा कि यह एलायंस अवसरवादी लोगों का गठबंधन है, जो बनने से पहले ही बिखर गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मध्यप्रदेश से बहुत स्नेह रखते हैं। इसी कारण प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी अभी तक 38 दौरे कर चुके हैं।

### पूर्व मंत्री बघेल के भतीजे भाजपा में शामिल

**कुक्षी, देशबन्धु।** कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह बघेल के भाई लक्ष्मण सिंह बघेल के पौत्र और कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल के भतीजे युवा नेता यशपाल बघेल (जेकी ) ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर गुरुवार को कुक्षी विधानसभा क्षेत्र के अपने सैकड़ों साथियों के साथ मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे और पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। डॉ. खरे और पूर्व मंत्री श्रीमती बघेल ने युवा नेता यशपाल बघेल का पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया ।

कांग्रेस का महाजनसंपर्क अभियान, 15 दिन में होंगी 17 बड़ी रैलियां

## खड़गे, राहुल, प्रियंका सहित कई दिग्गज होंगे शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रदेश में महाजनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। इस अभियान में पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे और मतदाताओं के बीच भाजपा सरकार की नाकामियों के साथ ही कांग्रेस की ओर से दी गई गारंटियां और वचन पत्र में दिए गए वचनों को लोगों के लिए ले जाया जाएगा। अगले 15 दिन में पार्टी राज्य में 17 बड़ी रैलियां करेगी।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और आईटी विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने आज पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी 150 से ऊपर की सीटों के लक्ष्य को लेकर चल रही है और इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### डेढ़ सौ से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य

मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा राजय में 17 रैलियां करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ 70 रैली, दिग्विजय सिंह 60, पार्टी प्रभारी रणदीप सुरजेवाला 30 रैलियां करेंगे। पार्टी के प्रदेश के अन्य नेता भी सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क करेंगे। श्रीमती श्रीनेत ने बताया कि 4 नवंबर को श्री खड़गे की कटंगी और शहपुरा में, पांच नवंबर को प्रियंका गांधी वाड्रा की कुक्षी और इंदौर-5 में, सात नवंबर को श्री खड़गे की उज्जैन और ग्वालियर पूर्व में, आठ नवंबर को श्रीमती वाड्रा की सांवेर और खातेगांव में और नौ नवंबर को श्रीमती वाड्रा की रीवा में रैली होगी। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी 9 नवंबर को नई सराय अशोकनगर, चंदेरी और जबलपुर पूर्व में रैली होगी। इसी दिन वे जबलपुर पश्चिम में पदयात्रा करेंगे।

### पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के बेटे हर्षवर्धन ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान के बेटे हर्षवर्धन सिंह चौहान ने पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। विधानसभा चुनाव से पहले हर्षवर्धन का इस्तीफा भाजपा को बुरहानपुर में बड़ा झटका माना जा रहा है। बुरहानुपर से टिकट नहीं मिलने के बाद हर्षवर्धन सिंह चौहान ने निर्दलीय चुनाव लड़ने के ऐलान किया था और वह अपने समर्थकों के साथ नामांकन भी दाखिल कर चुके हैं। हर्षवर्धन सिंह चौहान ने दावा किया है कि साल 1980 में भाजपा की जो स्थिति थी। फिर से वही स्थिति बन जाएगी, क्योंकि इतने लोग इस्तीफा देने वाले हैं।

## कमल पटेल ने कहा- मुख्यमंत्री का जिला भी पूरा सिंचित नहीं



**हरदा, देशबन्धु।** ग्राम रन्हाई में जनसंपर्क के दौरान सभा स्थल पर भाषण देते हुए भाजपा प्रत्याशी कमल पटेल ने हरदा जिले को सिंचाई में अग्रणी बताते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह व सिंचाई मंत्री के क्षेत्र को तुलनात्मक रूप से कम सिंचित बताया है। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस को वोट देने को टुकड़ा टुकड़ा गैंग को समर्थन करना बताते हुए इनसे सावधान रहने की अपील की।

### कांग्रेस बोली- भाजपा में सिर फ़ुटव्वल चरम पर

मीडिया समन्वयक पीयूष बबेले ने इस वीडियो को ट्वीट किया है। साथ ही संदेश भी लिखा कि कृषि मंत्री कमल पटेल ने मुख्यमंत्री शिवराज की जमकर धुलाई की। कहा मुख्यमंत्री अपने ज़िले को सिंचित नहीं कर पाए। भाजपा में सिर फ़ुटव्वल चरम पर...।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने कहा कि कमल पटेल स्वयं एक वीडियो में अपनी ही सरकार को कटघरे मे खड़ा कर रहे हैं। वो एक वीडियो मे बोल रहे हैं कि मुख्यमंत्री का जिला भी पूरा सिंचित नहीं है। सिंचाई मंत्री का जिला भी सिंचित नहीं है। मै उनसे सवाल पूछता हूं कि हरदा जिले में जो कांग्रेस की सरकार में स्व. इंदिरा गांधी ने नहर खुदवाई थी, भाजपा के लोग उसमें पानी नहीं पंहुचा पा रहे है। जिले की सभी केनालो का टेल क्षेत्र 20 से 30 किलोमीटर कम हुआ है फिर कैसे होगा शत प्रतिशत सिंचित कमल पटेल को जबाव देना चाहिए। मेरा मानना है कि कृषि मंत्री और वर्तमान विधायक कमल पटेल ने अपने ही क्षेत्र के किसानों को 25 साल पीछे धकेल दिया है।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गुप्ता ने कहा, कांग्रेस ने कोई योजना बंद नहीं की

## मुख्यमंत्री बताएं, जयकिसान फसल ऋण माफी योजना बंद क्यों की?



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा द्वारा यह झूठ फैलाया जा रहा है कि कमलनाथ की 15 माह की सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी थी, जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस ने कोई योजना बंद नहीं की। इसके साथ ही श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री से सवाल किए कि मुख्यमंत्री बताएं कि उन्होंने किसान खेत तीर्थ दर्शन योजना बंद क्यों की? वे यह भी बताएं कि उन्होंने कमलनाथ की जयकिसान फसल ऋण माफी योजना बंद क्यों की? लाखों किसानों को डिफाल्टर बनाया? क्या भाजपा किसानों को बर्बाद करना चाहती है?

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमत्री ने लगभग सौ बार कहा कि कांग्रेस ने किसानों का कोई कर्जा माफ नहीं किया किंतु विधानसभा में स्वीकार करना पड़ा कि 27 लाख किसानों का कर्ज माफ हुआ है। उसके बाद कहा कि संबल योजना बंद कर दी, लेकिन विधानसभा में खुद ही स्वीकार किया कि 74850 हितग्राहियों को 547. 3 करोड़ का संबल योजना के तहत लाभ दिया गया। श्री गुप्ता ने कहा कि इसके बाद भाजपा ने एक और झूठ बोला कि सहरिया /भारिया जनजाति समूह से पोषण योजना का पैसा छीना। जबकि सारे अधिकारियों ने आरटीआई में स्वीकार किया कि पोषण की योजना निरंतर है कभी बंद नहीं हुई। इस प्रकार तीर्थदर्शन योजना के बारे में भी झूठ फैलाया गया कि योजना बंद कर दी गई है, जबकि वास्तविकता यह है कि विभिन्न जिलों से तीर्थदर्शन पर बुजुर्गों को ले जाने के लिए व्यवस्थाएं की गई थीं। इस संबंध में श्री गुप्ता ने आंकड़े भी प्रस्तुत किए। इस दौरान श्री गुप्ता ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में सामने आए घोटालों का जिक्र भी किया। वहीं आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में 24 हजार झूठी घोषणाएं हुईं।


**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 90
2023-2024 दिनांक 16/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती नीतू अग्रवाल, पति- श्री सुनील अग्रवाल** ने भवन क्रंमाक-859/पी.नं. 129, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360657 जलकर पिन नं.........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री श्याम स्वरूप वर्मा (विक्रेता- श्रीमती कृष्णा वर्मा, पति- स्व. श्री श्याम स्वरूप वर्मा, 2. समर वर्मा, पिता- स्व. श्री श्याम स्वरूप वर्मा), **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड**, निर्मित तल 1500 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1000 व.फु. आर.सी.सी. , **विक्रयपत्र**, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 89
2023-2024 दिनांक 12/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्रीमती रेणुका मुखोपाहयाय, पति- स्व. श्री विजय बिहारी, 2. श्री विभास मुखर्जी, पिता- स्व. श्री विजय बिहारी मुखोपाहयाय,** ने भवन क्रमांक-1041/अ 1, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000362200 जलकर पिन नं.........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री विजय बिहारी मुखोपाहयाय, पिता- स्व. श्री शिवकाली मुखोपाहयाय, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड**, विक्रय प्लाट रकवा 1250 व.फु., निर्मिततल 800 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 500 व.फु. आर.सी.सी. , **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 97
2023-2024 दिनांक 31/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्री समर बहादुर सिंह, पिता- श्री त्रिशूल सिंह, 2. श्रीमती रीतू सिंह, पति- श्री समर बहादुर सिंह,** ने भवन क्रंमाक-260 से 266 एवं 82 से 91 का भाग, पी.नं. 421, संपत्ति कर/ पिन नं. 1002856390 जलकर पिन नं.........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - मेसर्स कुबेर इंटरप्राईजेज द्वारा पार्टनर श्रीमती ज्योति जायसवाल, पति- श्री आर.के.जायसवाल, **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड**, विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु. , **विक्रयपत्र**, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.02/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष मल्होत्रा पिता ओमप्रकाश मल्होत्रा 2. श्रीमती अम्बिका मल्होत्रा पति ओम प्रकाश मल्होत्रा ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं-1 चग्गर फार्म हाउस कटिया घाट के पिन क्रमांक 1003875955 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1182 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल ... व.फु. आर.सी.सी., प्रथम तल ... व.फु. आर.सी.सी. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती आशा कुशवाहा पति स्व. श्री प्रकाश चंद, मुकेश पिता स्व. प्रकाश चंद कुशवाहा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24/ एम/29 दिनांक 30.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **मो. आसिफ खान, मो. यासीन खान नाबालिग दोनों के पिता- मो. इकबल खॉन , बली मॉ एवं स्वयं श्रीमती शमीना खातून, पति- मो.इकबाल खॉन, पिता- स्व. श्री अब्दुल मतीन** ने मकान नं. 611 पुराना 511, **वार्ड-लोक मान्य तिलक,** कुल क्षेत्रफल 510 व.फु. , निर्मित क्षेत्रफल 600 व.फु., भूतल 500 व.फु., प्रथमतल 100 व.फु. , **कम्प्यूटर डिमांडानुसार, कम्प्यूटर डिमांडानुसार,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

**निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13771798H, RANK L/NK NAME- BHARAT SINGH of presently residing at VILLAGE- HARSARU, P/O GARHI HARSARU TEH-GURUGRAM, DISTT-GURUGRAM (HP), PIN-122505 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता जी का नाम SANTOSH DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम SANTOSH है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम SANTOSH को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 597131 दिनांक 02/11/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

**गलत नाम- SANTOSH DEVI**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 91
2023-2024 दिनांक 20/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री अमित कुमार पाण्डेय, पिता- श्री राधिका शरण पाण्डेय,** ने भवन क्रंमाक-4723/14 एफ 45, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426828 जलकर पिन नं.2403025, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -1. श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव, पिता- आर.बी. श्रीवास्तव, 2. श्रीमती आरती श्रीवास्तव, पति- सतीश कुमार श्रीवास्तव, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड,** विक्रय प्लाट रकवा....व.फु., निर्मित भूतल .... व.फु., प्रथमतल .... व.फु. , **विक्रयपत्र**, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 95
2023-2024 दिनांक 31/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती शारदा गुप्ता, पति- स्व. श्री पुरषोत्तम लाल गुप्ता,** ने भवन क्रंमाक-1471 से 1473, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000427820 जलकर पिन नं.2400374, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री पुरषोत्तम/शंकर लाल गुप्ता, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड**, निर्मित भूतल 1090 व.फु. आ. स्वयं, 580 व.फु. व्या. स्वयं, प्रथमतल 955 व.फु. आ.स्वयं, द्वितीयतल 832 व.फु. आ.स्वयं, **मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 94
2023-2024 दिनांक 31/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती अनसुईया राय, पति- श्री सोहन लाल राय** ने भवन क्रंमाक-1310/3, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426859 जलकर पिन नं............, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री कमल सिंह, पिता- माधव सिंह, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित भूतल 600 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र**, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 93
2023-2024 दिनांक 25/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्री नीलेश कश्यप, पिता- गिरधारी लाल कश्यप, 2. श्रीमती मीनाक्षी रामगिर, पति- श्री नीलेश कश्यप** ने खसरा नं. 25/111 का भाग एवं खजे. 2511/2 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000359997 जलकर पिन नं.........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री संतोष सोनकर, पिता- स्व. श्री ननकू सोनकर, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 2800 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 2122 व.फु., , **विक्रयपत्र**, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24/ एम/30 दिनांक 30.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती ज्योति टहलानी, पति- श्री पारूमल टहलानी,** ने मकान नं. 106 का भाग, **वार्ड- पं. मदन मोहन मालवीय,** कुल क्षेत्रफल 788 व.फु., **बैनामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ANJALI is legally wedded spouse of Army No 13774756F RANK NK NAME-SHIVRAJ of presently residing at Vill- PALHARI, P/O-BARAIL, TEH- NAWABGANJ, DISTT- BARABANKI (UP)PIN 225001 शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम ANJALI to ANJALI YADAV में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 597130 दिनांक 02/11/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

**गलत नाम-ANJALI**
**सही नाम-ANJALI YADAV**

देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 03 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## जांच एजेंसियों की साख

दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले के सिलसिले में मिले नोटिस के अनुरूप वैसे तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली कार्यालय में उपस्थित होना था, लेकिन वे यह कहकर नहीं आये कि पहले से ही उनका आज मध्य प्रदेश में राजनीतिक कार्यक्रम तय है जहां विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। वहां उनके उम्मीदवार खड़े हैं। इस चुनावी व्यस्तता के कारण वे अभी ईडी कार्यालय नहीं आ सकेंगे। यह जवाब उन्होंने गुरुवार की सुबह ही ईमेल के जरिये भेजा था। साथ में यह आरोप भी लगाया कि ईडी द्वारा उन्हें भेजा गया समन 'अवैध और राजनीति से प्रेरित' है। यह नोटिस केन्द्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर भेजा गया है ताकि वे विभिन्न राज्यों के चुनाव प्रचार के लिए न जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी को यह नोटिस तत्काल वापस लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। साल 2021-22 की दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने कथित अनियमितताओं के चलते रद्द कर दिया था। उनके अनुसार इसमें 338 करोड़ रुपये का मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनता है। साथ ही यह मामला केन्द्रीय जांच एजेंसियों को सौंप दिया गया था। 16 अप्रैल को वैसे केजरीवाल सीबीआई के कार्यालय में बैठकर करीब 9 घंटों तक चली पूछताछ के दौरान 56 सवालों के जवाब दे चुके थे और उन्होंने पूरे मामले को बेबुनियाद, मनगढ़ंत और आप को खत्म करने का प्रयास करार दिया था। अब 30 अक्टूबर को उन्हें फिर से समन दिया गया था कि वे गुरुवार को उपस्थित हों। इससे केजरीवाल की गिरफ्तारी तय बतलाई जा रही थी। मुमकिन है कि उन्हें ईडी दूसरा समन जारी करे या गिरफ्तार कर ले। वैसे गुरुवार को केजरीवाल मध्यप्रदेश के सिंगरौली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक रोड शो करने के लिये निकल गये थे।

ईडी के इस तरह से अचानक व संक्षिप्त नोटिस पर केजरीवाल को फिर से बुलाये जाने का मकसद उनकी गिरफ्तारी हो सकती है जिसके कारण उनकी पार्टी के नेताओं और अन्य दलों से जुड़े लोगों में प्रतिक्रिया होना भी स्वाभाविक है। यह साफ है कि जिस आम आदमी पार्टी को कभी भाजपा अपने सहयोगी दल के रूप में देख रही थी, अब इसलिये खटकने लगी है क्योंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया का हिस्सा बन गई है। आप सरकार के मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को ही आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश के तहत केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है। इसके लिए वह केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है क्योंकि उसे डर है कि यदि सारे विपक्षी दल एक हो गए तो वह 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। पार्टी की एक अन्य मंत्री आतिशी ने पहले ही भाजपा पर आप नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि हर तरफ से जानकारी मिल रही है कि 2 नवंबर को जब अरविंद केजरीवाल ईडी के सामने पेश होंगे तो ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी।

आगे ईडी और आप क्या करने जा रही है, यह तो फिलहाल पता नहीं परन्तु कई लोगों के अनुसार ईडी के सामने उपस्थित न होकर केजरीवाल अपना पक्ष कमजोर कर रहे हैं। सम्भव है कि तकनीकी रूप से और कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत यह सही भी हो परन्तु यह भी ज़रूरी है कि जहां आवश्यक हो वहां प्रतिरोध भी किया जाना चाहिये। केजरीवाल हों या अन्य विपक्षी नेता, सभी के मामलों में साफ होता जा रहा है कि केन्द्र सरकार अपने पास मौजूद जांच एजेंसियों का उपयोग अपनी मर्जी से तथा राजनैतिक हित साधने के लिये करने में कोई गुरेज़ नहीं करती। सच तो यह है कि जांच एजेंसियों ने भी अपनी रीढ़ की हड्डी को गंवा दिया है। वह पिछले तकरीबन एक दशक से भाजपा के इशारे पर ही नाच रही है। भाजपा के लिये उसके नियम-कानून और हैं तो विपक्षी दलों के लिये कुछ और। देश भर में अनेक ऐसे मामले हुए हैं जिनकी जांच या उन पर फैसला चेहरे व पार्टी देखकर होता है।

केन्द्र के अधीन काम करने वाली ये जांच एजेंसियां भाजपा के लिये अनेक सरकारों को गिराने या बनाने के काम में भी प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से सहयोग करती दिखाई देती हैं। भाजपा विरोधी नेताओं को डराकर उसके खेमे में लाने का काम महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि राज्यों में सारे लोग देख ही चुके हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत अजित पवार का मामला साफ बताता है कि भाजपा के लिये ये एजेंसियां उपकरण के तौर पर कार्य कर रही हैं। देवेन्द्र फडनवीस के मुख्यमंत्री बनाने के लिये जब समर्थन की आवश्यकता थी तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को साथ लेकर रातों-रात अजित पवार के खिलाफ लम्बित मामले हटा दिये गये और उन्हें क्लीन चिट दी गई। जब उद्धव ठाकरे की सरकार गिरानी थी तो पहले शिवसेना को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में तोड़ा गया तथा बाद में फिर से अजित पवार को लाकर उनके व उनकी पत्नी के खिलाफ बचे-खुचे प्रकरण वापस ले लिये गये।

केजरीवाल को आज नहीं तो कल फिर से समन मिलना ही है और उन पर गिरफ्तारी की तलवार अभी भी लटकी हुई है, परन्तु अब गिरफ्तारियों का डर विरोधियों के मन से जा रहा है। अलबत्ता इन एजेंसियों की साख पूर्णत: मिट्टी में मिल चुकी है।

# एप्पल का वह हिस्सा जो कटा हुआ है

एक समय था जब राजा-महाराजा प्रजा का हाल जानने के लिए भेस बदलकर उनके बीच जाया करते थे क्योंकि वे जानना चाहते थे कि उनके ख़िलाफ़ कोई नाराज़गी या उन्माद तो नहीं है। जो काम वे कर रहे हैं उन्हें जनता पसंद कर रही है या हाहाकार मचा है। उत्तर रामायण में तो वर्णन है कि भगवान राम को उनके गुप्तचरों ने ही सूचना दी थी कि प्रजा माता सीता के बारे में अलग सोच रही है। इसके बाद जो हुआ वह आज तक बहस में है कि राम को सीता का त्याग करना चाहिए था या नहीं। अपनी सबसे प्रिय सीता का जिन्हें पहली बार पुष्प वाटिका में देख उन्हें खयाल आया था कि वे इतनी सुन्दर हैं कि सुंदरता भी उनसे ही सुन्दर होती है, फिर भी उन्होंने प्रजा के लिए यह कठोर निर्णय लिया। सीता के वनगमन का हृदय विदारक निर्णय। राम वे राजा थे जो प्रजा की सोच पर खरा उतरने के लिए किसी भी हद तक जा सकते थे। अपने सबसे प्रिय का त्याग भी कर सकते थे। कालांतर में बादशाह अकबर के नाम भी किस्से दर्ज़ हैं कि वे रूप बदल कर जनता के बीच दाखिल हो जाते थे। दरअसल ये उस दौर के तरीके थे जब राजा जनप्रिय बने रहने के लिए निज प्रयास करते थे। एक आज का दौर है जहां निजता हरने का कारोबार जारी है। मीडिया चैनल्स जनता को रोज़ नफरत के मुद्दों की पुड़िया बांट देते हैं और निज़ाम अलग सोच रखने वाले यानी विपक्ष के नेता, पत्रकार, सामजिक कार्यकर्ताओं आदि की जासूसी करा कर अपने लिए सत्ता का रास्ता साफ कर देना चाहता है। कहते हैं कि सरकार चाणक्य से प्रेरित है जिन्होंने गुप्तचरी को राजनीति का हिस्सा ही बना दिया था ताकि विद्रोहियों का काम तमाम किया जा सके।

बीते मंगलवार को विपक्ष के कुछ नेताओं और पत्रकारों ने सरकार से जवाब मांगा कि उनके एप्पल फ़ोन पर कंपनी की तरफ़ से मैसेज आया है कि उनके फ़ोन की सूचनाएं हैक करने की कोशिशें की जा रही हैं और यह 'स्टेट स्पॉसर्ड अटैक' यानी कि राज्य प्रायोजित हमला हो सकता है। ऐसा कहने के पीछे एप्पल ने वजह दी थी कि यह जासूसी तंत्र बहुत महंगा और ताकतवर है जिसे केवल बड़ी सरकारें और देश ही वहन कर सकते हैं। यह सच है कि एप्पल द्वारा जारी नोटिफिकेशन में किसी सरकार का नाम नहीं लिया गया है, इसलिए भारत सरकार को सीधे-सीधे दोषी ठहराना सही नहीं होगा, लेकिन सवाल उठता है कि विपक्ष के आरोप के बाद सबसे पहली सफाई सरकार की ओर से क्यों आई कि यह कोई गंभीर मसला नहीं है और यह एप्पल का ऑटोमेटेड अर्थात खुद ब खुद जेनरेट हुआ नोटिफिकेशन है। कई बार यूजर किसी नए उपकरण से अपने अकाउंट को खोलते हैं तो गूगल की ओर एक अलर्ट मैसेज का मेल आता है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आपका अकाउंट खोलने की कोशिश की है। आप सावधान हो जाइये। गूगल आपको दोबारा खाता खोलने देने से पहले यह सुनिश्चित करता है कि यह आप ही हैं। सरकार अपनी पहली प्रतिक्रिया में इस जासूसी को इसी दायरे में रखती है। बेशक डेटा सुरक्षा, और निजता को लेकर फ़ोन कंपनियां बहुत संवेदनशील हैं या यही उनके व्यापार की यूएसपी भी है। एप्पल के आई फ़ोन इसी सुविधा के लिए ही जाने जाते हैं। दुनिया भर की सरकारें, नेता, व्यापारी इसी के 'गुनगाहक' हैं ताकि कोई उनकी गुप्त बातचीत या सौदों में सेंधमारी न कर सके। एप्पल कंपनी उन्हें यह आश्वासन देती है लेकिन तमाम हैकर्स उसके इस तिलस्म को तोड़ने में जुटे रहते हैं ताकि धंधे की दुनिया में वे आगे आ सकें और किसी का एकाधिकार खत्म हो जाए।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

फ़ोन जासूसी के बाद ही एप्पल ने अपने सुरक्षा तंत्र को और मज़बूत किया। करीब 150 देशों में ऐसी जासूसी गतिविधियों के लिए वह उपभोक्ताओं को तुरंत नोटिफिकेशन भेजता है। वह निजता के साथ समझौता नहीं करना चाहता लेकिन ऐसा हो रहा है। इससे इंकार की कोई ठोस वजह भी नहीं मिलती। मामले की क्रोनोलॉजी पर गौर करें।

डेटा को सुरक्षित रखने और ग्राहक की निजता की रक्षा करने वाली कंपनियों और हैकर्स के बीच तू डाल-डाल तो मैं पात-पात का संघर्ष चलता रहता है। दो साल पहले भी इज़रायली कंपनी पैगसस के जासूसी तंत्र की पोल खुली थी। 2021 के मानसून सत्र से पहले इस जासूसी का भांडाफोड़ हुआ था। सत्ता पक्ष के चेहरे तब फक्क पड़ गए थे। दुनिया के खोजी पत्रकारों ने एक साथ खुलासा किया था कि इज़रायल की कंपनी का यह ऐसा स्पायवेयर है जो फ़ोन में दाखिल कर दिया जाता है, जिसकी भनक भी यूजर को नहीं लगती और वह बड़े आराम से डेटा ट्रांसफर कर देता है। यह बड़ी फ़ोन कंपनियों के लिए बड़ी चेतावनी थी। खोज में भारत के कई पत्रकार भी शामिल थे। पत्रकारों ने अपने खुलासे में यह भी कहा था कि भारत में करीब तीन सौ व्यक्तियों के फ़ोन में पैगसस का यह जासूसी तंत्र डाला गया था। यूं पैगसस स्पायवेयर 2016 से काम कर रहा है जो पहली बार 2019 में वाट्सऐप और एप्पल की जानकारी में आया। निजता के इस उल्लंघन को तत्काल अदालत में चुनौती दी गई। मामला गंभीर था इसलिए खूब हंगामा मचा। सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए एक कमिटी का गठन किया। 29 फ़ोन उपकरणों को जांचा गया लेकिन जासूसी वायरस होने के पुख्ता प्रमाण नहीं मिल सके। मामला खारिज हो गया लेकिन सर्वोच्च न्यायालय की महत्पूर्ण टिप्पणी आज भी यथावत है कि सरकार ने जांच में सहयोग नहीं किया। अगर किया होता तो आज एक बार फिर चुनाव से ठीक पहले यह स्पायवेयर विपक्षी फ़ोन में घुसकर जासूसी की हिमाकत (बेवकूफ़ी) न करता। यह वही रवैया था जो अब तक कायम है कि चुनावी बॉन्ड में कौन कितना पैसा किस पार्टी को देता है, इसे बताने की सरकार को कोई ज़रूरत नहीं है। अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति एंड्रयू जैक्सन का कथन है कि संविधान से मिले नागरिक अधिकारों की हैसियत कभी भी उस बुलबुले से ज़्यादा नहीं होगी जब तक कि उसे एक स्वतन्त्र न्यायपालिका से संरक्षित न किया गया हो।

इस फ़ोन जासूसी के बाद ही एप्पल ने अपने सुरक्षा तंत्र को और मज़बूत किया। करीब 150 देशों में ऐसी जासूसी गतिविधियों के लिए वह उपभोक्ताओं को तुरंत नोटिफिकेशन भेजता है। वह निजता के साथ समझौता नहीं करना चाहता लेकिन ऐसा हो रहा है। इससे इंकार की कोई ठोस वजह भी नहीं मिलती। मामले की क्रोनोलॉजी पर गौर करें तो पहले एक्टिविस्टों, पत्रकारों के कंप्यूटर की हैकिंग, उन पर देशद्रोह के मुकदमे, फिर दो साल पहले पैगसस का प्रोजेक्ट जासूसी और अब एप्पल का नोटिफिकेशन। कहते हैं कि हर सत्ता जासूसी करती है। तब क्या इसे वैध कर दिया जाए? हर नागरिक की निजता छीन ली जाए? निजता का अधिकार हमें संविधान से मिला हुआ सर्वोच्च अधिकार है। अब हमारी सरकारों को इसे छीनना चाहिए या इसकी रक्षा करनी चाहिए? मानव अधिकार कार्यकर्ता फादर स्टैन स्वामी का कम्प्यूटर किसने हैक किया? एक बीमार बुजुर्ग से कौन खौफ खा रहा था? आखिर क्यों वे ज़मानत के इंतज़ार में मौत की नींद सो गए? जो जासूसी इतनी ही उचित है तब कर दीजिये एक और संशोधन! खैर अच्छी बात यह रही कि विपक्ष के प्रमाण देने के बाद सूचना तकनीकी (आईटी) मंत्री ने जांच का आश्वासन देते हुए कहा है कि मामला सीईआरटी (कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम) जो कि कंप्यूटर सुरक्षा और तकनीक से जुड़ी सरकारी संस्था है, उसे सौंप दिया गया है। यह संस्था एप्पल के साथ टीम बनाकर जांच करेगी।


गौरतलब है कि मंगलवार को ही विपक्ष के तमाम नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस से महुआ मोइत्रा, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा को एप्पल से चेतावनी वाला सन्देश मिला था। इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल कह चुके थे कि किसी ने इन नेताओं के साथ मज़ाक किया है; और यूं भी विपक्ष एक ख़राब वक्त से गुज़र रहा है इसलिए उन्हें हर बात में साज़िश नज़र आती है। इस बयान से अलग सरकार इसकी जांच पूरी पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी से कराए तो ही जासूसी जैसी अवैध कार्यप्रणाली का सच सामने आ सकता है। ऐसा केवल तभी संभव है जब 'स्टेट स्पॉसर्ड अटैक' नोटिफिकेशन में भारत सरकार एक पार्टी न हो। वह स्टेट चीन और पाकिस्तान हो। मामला इस ओर ही जाता हुआ लगता यदि भारत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की जांच में सहयोग किया होता। जांच का यह सेब पूरा होना चाहिए, काटा हुआ नहीं। संभव है कि इस बार पारदर्शिता और ईमनदारी से यह जांच हो तभी ही लोकतंत्र की शक्ति बनी रह पाएगी। जिसकी लाठी उसी की ही भैंस भी रही तो फिर सरकार तो रहेगी, लेकिन नैतिकता नहीं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं?)

# भाजपा फिर मंदिर भुनाने की राह चली

संघ-भाजपा के अयोध्या के राम मंदिर को चुनाव में भुनाने के उद्यम का, एक और चक्र शुरू हो गया है। इसी महीने होने जा रहे मध्य प्रदेश के चुनाव अभियान में तो नामजदगी के पर्चे भरे जाने की आखिरी तारीख से पहले ही, राममंदिर की बाकायदा एंट्री हो चुकी थी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भाजपा ने बड़ी-बड़ी होर्डिंगें लगाकर, न सिर्फ 'भव्य राम मंदिर बनकर हो रहा तैयार' की याद दिलाई है बल्कि इसके श्रेय पर भाजपा के दावे की ओर खुला इशारा करते हुए, उसके साथ 'फिर एक बार भाजपा सरकार' की तुक जोड़ने की भी कोशिश की है। होर्डिंग पर अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर की विशाल तस्वीर के साथ ही, एक ओर प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी सी तस्वीर है और दूसरी ओर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को बीच में रखते हुए, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत, भाजपा के प्राय: सभी शीर्ष नेताओं को तस्वीर में जगह दी गई है।

कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के लिए धार्मिक अपील का सहारा लिए जाने का मामला होने को रेखांकित करते हुए, चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की है। यह शिकायत खासतौर पर तब की गई, जब इस होर्डिंग का इस्तेमाल इंदौर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की एक चुनाव सभा में किया गया, जो राज्य के शीर्ष भाजपा नेताओं में से एक, कैलाश विजयवर्गीय के पक्ष में प्रचार के लिए आयोजित की गई थी। वैसे यह भी हैरानी की बात नहीं है कि उक्त शिकायत के कई दिन बाद, इन पंक्तियों के लिखे जाने तक, चुनाव आयोग के इस शिकायत पर किसी तरह से हरकत में आने की कोई खबर नहीं आई थी। इस मामले में अपने बचाव की उनकी दलील यही थी कि भाजपा की राम और उनके मंदिर में आस्था है और उनके अपनी इस आस्था का प्रदर्शन करने का विरोध करने वाले, राम और राम मंदिर के विरोधी हैं, उसके बनने का विरोध करते आए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, बीडी शर्मा ने न सिर्फ यह दलील पेश कि हम रामभक्त हैं, राम के मंदिर की तस्वीर क्यों नहीं लगाएंगे, बल्कि उन्होंने खास संघी शैली में विपक्ष के लिए कहा कि दूसरे चाहें तो, बाबर की तस्वीर लगा सकते हैं!



राजेन्द्र शर्मा

संघ-भाजपा जोड़ी का इस तरह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने जाने-पहचाने हथियार के लिए लपकना, उसके संकट को ही दिखाता है। उनका सबसे बड़ा संकट यह है कि मोदी के चेहरे के साथ, उनका यह सबसे धारदार हथियार भी, बार-बार के इस्तेमाल से और जनमानस के प्रतिरोध की बढ़ती कठोरता के चलते, ज्यादा से ज्यादा भोंथरा होता जा रहा है।

इससे कोई यह नहीं समझे कि यह कोशिश भाजपा के मध्य प्रदेश के नेताओं तक ही सीमित हो सकती है। इसी क्रम में, मोदी की भाजपा में दो-नंबर के आसन पर सवार माने जाने वाले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में ही उज्जैन में अपनी प्रचार सभा में खुलकर राम मंदिर बनने के श्रेय का दावा किया। शाह ने राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह उन्हें मंदिर के उद्घाटन की तारीख बताने आए हैं। कांग्रेसी व्यंग्य से उनसे कहा करते थे कि 'ये मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे'; अब तारीख बता रहे हैं—22 जनवरी 2024। शाह ने अपने भाषण में बार-बार इसका दावा किया कि उनकी पार्टी के विरोधियों, खासतौर पर कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर को नहीं बनने देने की सभी संभव कोशिशें की थीं। यानी न सिर्फ भाजपा के पक्ष में वोट को, राम मंदिर के लिए वोट बताया जा रहा था बल्कि कांग्रेस या अन्य विपक्षी पार्टियों के लिए वोट को, राम मंदिर के खिलाफ वोट भी बताया जा रहा था।

याद रहे कि इस पूरे सिलसिले की शुरूआत और किसी ने नहीं, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव प्रचार के वर्तमान चक्र की शुरूआत से पहले, चित्रकूट का दौरा किया और इस दौरे के क्रम में इसका विस्तार से बखान किया कि किस तरह, उन्हें 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उपस्थित रहने के लिए निमंत्रित किया गया है और किस तरह इस निमंत्रण से वह धन्य महसूस कर रहे हैं, आदि आदि। यह संघ-भाजपा के लिए इसका स्पष्ट संकेत था कि राम मंदिर की शुभारंभ की तारीख की घोषणा के बहाने से, अयोध्या मंदिर के मुद्दे को भुनाने के एक और चक्र में जुट जाएं। बहुत से टिप्पणीकारों के अनुमान के विपरीत, जिन्हें लग रहा था कि अंतत: राम मंदिर के शुरू होने को नरेंद्र मोदी की भाजपा द्वारा अगले आम चुनाव में ही भुनाने की कोशिश की जाएगी, नरेंद्र मोदी ने चित्रकूट से इसका स्पष्ट संकेत दे दिया कि विधानसभाई चुनाव के मौजूदा चक्र से ही इसे भुनाना शुरू कर दिया जाए। उन्हें लगा होगा कि इसे भुनाना लोकसभा चुनाव के लिए ही उठा रखना, समझदारी नहीं नासमझी का मामला भी साबित हो सकता है। नरेंद्र मोदी वैसे भी, चुनावी-राजनीतिक लड़ाई में, वैध-अवैध कोई भी हथियार, उठा रखने में विश्वास नहीं रखते हैं; फिर विधानसभा चुनावों का वर्तमान चक्र तो वैसे भी उनके ही चेहरे पर लड़े जाने के बावजूद, काफी कठिन दिखाई दे रहा है।

वर्तमान चुनावों में संघ-भाजपा का सांप्रदायिक अपील तथा ध्रुवीकरण का सहारा लेना, न तो राम मंदिर की अपील तक ही सीमित रहने जा रहा है और न ही सिर्फ मध्य प्रदेश तक सीमित रहने जा रहा है। राजस्थान में खुद प्रधानमंत्री मोदी, उदयपुर के कन्हैयालाल टेलर की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का सांप्रदायिक संदेशों के लिए इस्तेमाल कर, संघ-भाजपा की कतारों को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का सहारा लेने के लिए, नामजदगी के पर्चे भरे जाने से पहले से ही प्रेरित कर आए थे। उधर कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खुले खेल के लिए उनकी पार्टी ने, अपने सबसे नंगई से सांप्रदायिक प्रचार करने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक, हिमंत विस्वा शर्मा को उतार दिया, जिसने राज्य के इकलौते मुस्लिम मंत्री को नाम लेकर हमले का निशाना बनाया। बेशक, यह सिलसिला चुनाव के इस चक्र में शामिल तीन हिंदीभाषी राज्यों तक भी सीमित नहीं रहा है।

तेलंगाना में भी, हालांकि भाजपा के गुब्बारे की हवा उम्मीदवारों के नामों की घोषणा से पहले ही निकल चुकी थी, भाजपा ने अपने निवर्तमान विधायक, टी राजासिंह का निलंबन खत्म कर, उसे बड़ी तत्परता से चुनाव में उतार दिया है। सांप्रदायिक बदजुबानी और उकसावे भरे भाषणों व हरकतों के लिए ही कुख्यात, पांच साल पहले हुए विधानसभाई चुनाव में जीते अपने इस इकलौते विधायक को, पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी करने के बाद, भाजपा को निलंबित करना पड़ा था। तेलंगाना में भाजपा, ओवैसी की पार्टी एमआईएम के 'जवाब' के ही तौर पर आम तौर पर अपनी प्रासंगिकता साबित करने की ही कोशिश नहीं कर रही है, उसने इसका भी ऐलान किया है कि सत्ता में आते ही वह पहला काम, अन्य पिछड़े वर्ग के हिस्से के तौर पर, राज्य में पिछड़े मुसलमानों को हासिल मामूली आरक्षण खत्म करने का ही करेगी!

इसी बीच संघ-भाजपा की सांप्रदायिक सेनाएं, आतंकवाद विरोध की पाखंडपूर्ण मुद्रा के साथ, खून-खराबे भरे इस्राइल-फिलिस्तीनी टकराव का भी, जहां तक संभव हो इस्तेमाल करने में जुट गई हैं। इस्राइल द्वारा गाज़ा में फिलिस्तीनियों के नरसंहार को बढ़-चढ़कर समर्थन देने के जरिए, संघ-भाजपा की पक्की मुस्लिमविरोधी छवि को ही और चमकाने की कोशिश की जा रही है, ताकि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ओट में आम देशवासियों की बदहाली के सभी वास्तविक सवालों को दबाया जा सके। इसके बाद भी अगर कोई कसर रह गई थी तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरदार पटेल के जयंती के मौके पर किए गए इस ऐलान से पूरी हो जानी चाहिए कि 'तुष्टीकरण ही देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है।' विपक्ष को निशाना बनाने के लिए, प्रधानमंत्री किस तरह तुष्टीकरण के रास्ते उसे आतंकवाद तथा राष्ट्रविरोध से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, यह अलग से चर्चा की मांग करता है। बहरहाल, तुष्टीकरण और आतंकवाद को समानार्थी बनाने के जरिए, हमास संबंधी अति-प्रचार की पृष्ठभूमि में किस तरह वह, मुसलमान और आतंकवाद को साथ-साथ रख देते हैं, यह समझना भी मुश्किल नहीं है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में 'तुष्टीकरण' का एक ही अर्थ है—मुस्लिम विरोध! तुष्टीकरण के खतरे का अर्थ है, मुसलमानों का खतरा! यह खेल, अगले कुछ हफ्तों में और नंगई से खेला जाएगा।

बहरहाल, संघ-भाजपा जोड़ी का इस तरह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने जाने-पहचाने हथियार के लिए लपकना, उसके संकट को ही दिखाता है। उनका सबसे बड़ा संकट यह है कि मोदी के चेहरे के साथ, उनका यह सबसे धारदार हथियार भी, बार-बार के इस्तेमाल से और जनमानस के प्रतिरोध की बढ़ती कठोरता के चलते, ज्यादा से ज्यादा भोंथरा होता जा रहा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

### पावन प्रसंग

## जो देता है सो पाता है

पाने के लिए कुछ छोड़ना पड़ता है और कुछ देने की बात सामने आते ही मन निष्ठुर बन जाता है। मुंह मोड़ लेता है, ऐसे व्यक्ति उपहास्यास्पद बनते हैं और खाली हाथ निराश लौटते हैं। किसान जानता है कि फसल काटने की योजना बनाते समय उसे घर में जमा किया हुआ बीज खर्च कर खेत में डालने की तैयारी करनी चाहिए। जो बीज बोने का खर्च और श्रम सहन न करें, किंतु कोठे भर देने जितनी फसल पाने के मनसूबे बांधता रहे, उसकी इच्छा पूरी होना असंभव है। विद्यार्थी पढ़कर अफसर बन जाते हैं, पर इसके लिए उन्हें 14 वर्ष अनवरत श्रम करके स्नातकोत्तर परीक्षा प्राप्त करनी पड़ती है। फीस और किताब, कापी का खर्च सहन करना पड़ता है। गणेशजी का वरदान पाकर बिना कुछ किए विद्वान और पदाधिकारी बनने के स्वप्न इस जमाने में पूरे हो सकेंगे, ऐसी आशा किसी को भी नहीं करनी चाहिए। पेट साफ होने के उपरांत ही भूख लगती और स्वादिष्ट व्यंजन खाने का अवसर मिलता है। जो मल त्याग नहीं करना चाहता उसे नया भोजन प्राप्त करने की भी आशा नहीं करनी चाहिए। सांस छोड़ने के बाद ही नई प्राणवायु मिलती है जो सांस बंद किए बैठा है, उसके श्वांस-प्रश्वांस कैसे चलेंगे।

यह संसार दर्पण की तरह है, इसमें अपना ही चेहरा हर किसी के चेहरे में झांकता हुआ देख सकते हैं। हम जैसे भी भले-बुरे जो कुछ भी हैं, वैसी ही मुखाकृति दूसरों को भी दिखा देगी। यहां क्रिया की प्रतिक्रिया होती रहती है। कुएं या गुंबज की तरह प्रतिध्वनि सुनने को मिलती रहती है। जैसा भी कुछ हम अपने मुंह से बोलते हैं, उलटकर वैसी ही आवाज सुनते हैं। हमारा चिंतन एवं व्यवहार यदि यह है कि हमें किसी के लिए त्याग न करना पड़े, दूसरे ही सदा हमारी सेवा-सहायता के लिए दौड़े आएं। दूसरे सदा सद्भावना व्यक्त करते रहें और हम अपनी उपेक्षा-वृत्ति पर ही कायम रहें तो समझना चाहिए कि यह मनोरथ कभी पूरा न हो सकेगा। रबड़ की गेंद जिस दिशा में जितने जोर से मारी जाती है, वहां से वह ठीक उलटी दिशा में उतने ही जोर से वापस आती है। देखना यह है कि हम दूसरों के साथ कैसा रवैया अपनाते और कैसा व्यवहार करते हैं? उसकी प्रतिक्रिया और व्यवहार जब दूसरों के साथ टकराते हैं, तो ठीक वैसी ही प्रतिध्वनि प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है।

घाटे का सौदा नहीं है। सत्पात्रों के हाथ हमारी सेवा, सद्भावना एवं सहायता पहुंचती तो निश्चित रूप से वह अनेक गुनी होकर वापस लौटती है। उदारतापूर्वक यदि हम अपने को खाली करते रहेंगे तो बदले में ईश्वरीय व्यवस्था हमें उसी अनुपात से भर देगी। खाली तालाब चाहे उथला हो या गहरा वर्षा आते ही लबालब भर जाता है।

**युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## झूठे सपने के टूटने का दर्द

समाजसेवी अण्णा हजारे का दर्द भी छलक आया। जिस समयावधि से उन्होंने भ्रष्टाचार के विरूद्ध का ऐलान किया था, उसी राजघाट पर उनके सहयोगी रहे लोगों के पोस्टर चस्पा हो रहे थे। मजबूरन अण्णा ने अरविन्द केजरीवाल की पत्र लिखकर पूछ ही लिया कि आखिर आप में और बाकी सब में अंतर क्या है? अण्णा निस्वार्थ सत्याग्रही हैं। अरविन्द केजरीवाल की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को दूर से समझ पाए। इसके बावजूद उम्मीद थी कि शायद अरविन्द एक ईमानदार राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करेंगे पर 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' के आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी से उन ईमानदार दानदाताओं को घोर निराशा हुई जिन्होंने एक बड़े उद्देश्य के लिए तन, मन, धन समर्पित किया था। इसलिए उन्होंने ही यह चुनौती पेश कर दी है कि पहले लिए गए दान का ईमानदारी से हिसाब से इस अभियान का पहला स्वर विदेश की धरती से फूटा।

भारत की धरती के बाहर अण्णा-अरविन्द के आंदोलन को संबल प्रदान करने वालों में डॉ. मुनीश रायजादा सबसे अग्रणी थे। उन्होंने न केवल खुद बड़ा आर्थिक सहयोग दिया वरन और लोगों को भी प्रेरित किया था। भारत से बाहर बसे ऐसे भारतवंशी जिसे देश की भ्रष्ट राजनीति से पीड़ा पहुंचती थी, उन्होंने एक नए विकल्प को हाथों हाथ लिया। पहले इंडिया अगेंस्ट करप्शन फिर आम आदमी पार्टी पर जमकर वर्षा की। इसके अगुआ डॉ. रायजादा आजपा के एनआरआई याने अप्रवासी भारतीय सेल के संयोजक बने पर बिहार चुनाव के समय अरविन्द केजरीवाल के लालू प्रसाद यादव के साथ गलबहियां डाले जाने के खिलाफ लेख लिखे जाने के चलते पार्टी से निलंबित चल रहे थे। अमेरिका के रहने वाले इन्हीं बालरोग विशेषज्ञ नादी को यह बात नागवार गुजर रही है कि आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी वेबसाइट से दानदाताओं की सूची दो यह पार्टी के मूल सिद्धांत के बिल्कुल विपरीत है। ईमानदार राजनीति के लिए पूरी तरह से पारदर्शी चंदा प्रणाली की आवश्यक माना गया था। इस तरह आप का स्थायी बन गई, लेकिन अन्ना की उंगली पकड़ कर धरना प्रदर्शन के बाद राजनीति में प्रवेश कर गए केजरीवाल ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। केजरीवाल अब बड़े राजनीतिज्ञ बन गए हैं। लेकिन उनके पदचिन्हों पर चलकर राजनीति में अपना मुकाम जमाने वाले नेताओं की नीति बिगड़ गई और करोड़ों के भ्रष्टाचार कर तिजोरी भरते पकड़े गए और अब जेल की हवा खा रहे हैं। केजरीवाल को भी समन भेजा गया है। हजारे को गुमराह किया गया था।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# 8 विधानसभा में 83 प्रत्याशी चुनाव मैदान में, 13 ने लिए नाम वापस, कांग्रेस के दो बागी लड़ रहे चुनाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर की आठ विधानसभा से अब 83 प्रत्याशी चुनाव लड़ेगें। नाम वापसी के आखिरी दिन 13 प्रत्याशियों ने अपने नामाकंन फार्म वापस ले लिए है। वहीं कांग्रेस के दो बागी चुनाव मैदान में है, जो बरगी व सिहोरा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ेगें। बताया गया है कि भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस के टिकट न मिलने से नाराज दावेदारों ने फार्म भरकर हड़कंप मचा दिया था। लेकिन बड़ी मानमनौव्वल के बाद प्रमुख दावेदारों ने आज नाम वापस लेकर अपनी अपनी पार्टियों के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। नाम वापसी के आखिरी दिन गुरूवार को जबलपुर की आठ विधानसभा से 13 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिए है।

## इन्होंने नाम वापस लिए

जबलपुर पूर्व-राम सिंह जाट

उत्तर-मध्य-कमलेश अग्रवाल, प्रदीप विश्वकर्मा, मोहम्मद शरीफ खान,

पश्चिम-कमलेश खत्री, सुजीत कुमार पटेल, रानू देवेंद्र चौधरी

कैंट-राजेश श्रीवास्तव

सिहोरा-कौशल्या गोटिया, जमुना मरावी

पनागर-कौशल्या गोटियां

पाटन-शिवम पलहा व एडवोकेट श्यामसुंदर यादव ने अपने नाम वापस लिए हैं।

बरगी-एक भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया।

**कांग्रेस के दो बागी लड़ रहे चुनाव-**

वहीं कांग्रेस से टिकट न मिलने के कारण सिहोरा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य डाक्टर संजीव बरकड़े व बरगी विधानसभा से जयकांत सिंह (पूर्व विधायक सोबरनसिंह के पुत्र) ने नाम वापस नहीं लिया है।

चुनाव मैदान में बचे ये प्रत्याशी-

## केन्ट

अशोक रोहाणी-भाजपा
अभिषेक चिंटू चौकसे-कांग्रेस
राजेश कुमार वर्मा- आम आदमी पार्टी
एडवोकेट अनिल रविदास-आजाद समाज पार्टी
अरुण गायकवाड-निर्दलीय
इंजीनियर राजेश कुमार सिंह-बसपा
शशि स्टेला-निर्दलीय
देवेंद्र कुमार यादव-समाजवादी पार्टी
धर्मेंद्र कुमार तिवारी-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी
अजय कुमार मिश्रा-निर्दलीय
नीतीश कुमार पांडे. निर्दलीय
रामकुमार-निर्दलीय
रामदयाल मानवे-निर्दलीय
उमेश सिंह-निर्दलीय
इंजीनियर राजीव कुमार गुप्ता-अखंड भारत चेतना दल

## जबलपुर पश्चिम विधानसभा

तरुण भनोट - कांग्रेस
राकेश सिंह-भाजपा
सचिन गुप्ता-इंडियन पीपल्स अधिकार पार्टी
पीयूष वर्मा-निर्दलीय
विष्णु कुमार-निर्दलीय
दिनेश कुमार कुशवाहा-बहुजन समाज पार्टी
रमेश धुर्वे-निर्दलीय
ब्रह्मानंद बैरागी-निर्दलीय
राम प्रकाश कुशवाहा-निर्दलीय
गीता पाठक-सर्वधर्म पार्टी

## जबलपुर पूर्व विधानसभा

अंचल सोनकर-भाजपा
लखनलाल घनघोरिया-कांग्रेस
विष्णु मलिक-निर्दलीय
अरविंद कुमार बिरहा-बहुजन मुक्ति पार्टी
गजेंद्र सोनकर-एआईएमआईएम
बालकिशन चौधरी-बहुजन समाज पार्टी
उत्तर-मध्य विधानसभा-
अभिलाष पांडे-भाजपा
विनय सक्सेना-कांग्रेस
सिकंदर अली-बहुजन समाज पार्टी
बलराम श्रीवास्तव-इंडियन पीपल्स अधिकार पार्टी
संजय जैन-जनता दल
रजनीश-निर्दलीय
देवेंद्र शुक्ला-भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी
बृजेश पाठक-सर्वधर्म पार्टी

## बरगी विधानसभा

संजय यादव-कांग्रेस
नीरज सिंह लोधी. भाजपा
मोनू सत्य सिंह पटेल-निर्दलीय
मुन्ना लोधी-निर्दलीय
आशीष मिश्रा-समाजवादी पार्टी
अनीता पटेल-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी
मांगीलाल मरावी-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी
जयकांत सोमरन सिंह-वास्तविक भारत पार्टी
आनंद सिंह लोधी-आम आदमी पार्टी

## पाटन विधानसभा

अजय विश्नोई-भाजपा
नीलेश अवस्थी-कांग्रेस
सूरज महावत-निर्दलीय
प्रहलाद सिंह लोधी-भारतीय सभ्यता पार्टी
लीलाधर झरिया-इंडियन पीपल्स अधिकार पार्टी
दिनेश-निर्दलीय
अनिल सिंह राजपूत-निर्दलीय
निलेश कुमार गर्ग-निर्दलीय
अर्जुन सिंह-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी
वीरेंद्र सिंह-निर्दलीय
शांति बाई-आदिम समाज पार्टी
ओम प्रकाश सिंह-निर्दलीय
कमलेश कुमार पटेल-निर्दलीय
राधेश्याम-निर्दलीय
राजकुमार ताम्रकार-निर्दलीय
अरविंद कुमार-निर्दलीय
सीताराम कुमार-निर्दलीय
विजय मोहन-आम आदमी पार्टी
तेज सिंह ठाकुर-बहुजन समाज पार्टी

## पनागर विधानसभा

राजेश पटेल-कांग्रेस
सुशील तिवारी इंदू-भाजपा
बृजेश-निर्दलीय
अनिल कुमार अहिरवार-निर्दलीय
श्वेता पाठक-आम आदमी पार्टी
महेंद्र यादव-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी
अनीता ओमप्रकाश-बहुजन मुक्ति पार्टी
रुचि सिसोदिया-निर्दलीय
गौरी शंकर तिवारी-निर्दलीय
पंकज पाठक-आम आदमी पार्टी
आशा गोटिया-बहुजन समाज पार्टी

## सिहोरा विधानसभा

संतोष बरकड़े-भाजपा
एकता ठाकुर-कांग्रेस
मोहन सोंधिया-निर्दलीय
शिव प्रसाद धुर्वे-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी
सुभाष सिंह-बहुजन समाज पार्टी
डॉ संजीव बरकड़े.निर्दलीय

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज शुक्रवार 03 नवम्बर को जबलपुर आगमन होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान यहां जबलपुर महानगर की चारो विधानसभाओं में पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान का शाम 5 बजे केंट विधानसभा के सदर में पैदल रोड शो करेंगे, शाम 6 बजे उत्तर विधानसभा के मानस भवन राइट टाउन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे, शाम 7 बजे पूर्व विधानसभा के घमापुर चौक में आमसभा को संबोधित करेंगे एवँ रात्रि 8 बजे पश्चिम विधानसभा के गुप्तेश्वर मंदिर के बाजू में आमसभा को संबोधित करेंगे।

## स्कूली बच्चों ने निकाली विशाल रैली

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढाने चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार की सुबह जबलपुर शहर में स्कूली बच्चों ने विशाल रैली निकाली । सदर स्थित पेंटी नाका चौक से बंदरिया तिराहा रामपुर तक निकाली गई इस रैली में सेंट अलायसियस, सेंट जोसफ, एपीएन, केंटोनमेंट स्कूल, जॉनसन स्कूल एवं एमजीएम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की । रैली में शामिल उत्साह से भरे बच्चे जोर-शोर से मतदान का संदेश देते नारे लगा रहे थे ।



## समूह सांस्कृति चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन, कला प्रेमियों ने सराहा

**जबलपुर, देशबन्धु।** चित्रकार एकांत में दुनिया के कोलाहल को अनुभव करता है और इसी अनुभव को रचता है। चित्रकार की दृष्टि ,उसके सौंदर्यबोध के साथ एकाग्र होकर समय के सार की रचना करता है। यह रचनाधर्मिता तब और सार्थक होती है जब उसमे सांस्कृतिक अवदान जुड़ जाता है। यह जुड़ाव पुनः संवाद स्थापित करता है। 6 चित्रकारों के चित्रों की मैग्नेट नाम की यह समूह चित्र प्रदर्शनी ऐसे ही सांस्कृतिक संवाद का पर्याय है। प्रदर्शनी की क्यूरेटर चित्रकार, संस्कृति कर्मी और कवि सुप्रिया अंबर ने बताया कि इस मैग्नेट ने नर्मदा के प्रवाह और सौंदर्य को, महाराष्ट्र के पुणे की लयात्मकता को, हैदराबादी दक्षिण भारतीय संस्कृति से मिला दिया है। इस तरह यह तीन संस्कृतियों का संगम बन गया है। इस समूह प्रदर्शनी में जबलपुर से विनय अंबर, हैदराबाद से कप्परी किशन, पुणे से चेतना सुदामे, सचिन निंबालकर, हर्षदा कोलापकर और सुप्रिया अंबर भी शामिल हैं।

पुणे के सांस्कृतिक जगत में अपना विशेष योगदान के लिए विख्यात आर्ट पुणे फाउंडेशन के संस्थापक प्रिया एवं संजीव पवार ने इस प्रदर्शनी में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 31 अक्टूबर को राजा रवि वर्मा कला दीर्घा में हुआ। यह प्रदर्शनी 5 अक्टूबर तक चलेगी।

## पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी के सहयोग से तरंग आडिटोरियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से समाज के समस्त वर्गों को जोड़कर मतदान जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किये जा रहे हैं । इसी श्रृंखला में प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के मतदाताओं को मतदान हेतु संकल्पित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा द्वारा एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मानव संसाधन विभाग के समन्वय से एक भव्य कार्यक्रम शुक्रवार 3 नवम्बर को सायं 4.30 बजे से तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित है। जिला प्रशासन तथा पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा क्षेत्र में निवासरत सभी सामान्य जनों से अपेक्षा की गई है, कि वह इस कार्यक्रम के साक्षी बने तथा जागरूकता हेतु रखवाई गई सेल्फी पॉइंट में अपनी फोटो लेकर सोशल मीडिया में अपलोड कर अन्यों को प्रेरित करें।



## मेरा काम बोल रहा है : विनय सक्सेना

### हनुमानताल वार्ड में जनसंपर्क में कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** चुनावी महासंग्राम में अपनी जीत का परचम लहराने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ बुधवार को हनुमान ताल वार्ड में घर-घर जाकर संपर्क किया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में चल जनसंपर्क अभियान के दौरान विनय सक्सेना ने कहा कि बीते 5 सालों में उनके द्वारा कराए गए जनहित और विकास कार्यों का ही परिणाम है कि आज चुनाव में उनका काम बोल रहा है, और जनता का आशीर्वाद जरूर मिलेगा। हनुमानताल स्थित भैरव मंदिर में पूजन अर्चन के साथ की इसके बाद गोपाललाल जी मंदिर, बड़े जैन मंदिर, कुंजड़हाई मस्जिद, विश्वकर्मा मुहल्ला, कोष्टा मुहल्ला, दुर्गामंदिर फूटाताल आदि में जनसंपर्क किया गया। इस मौके पर सतीश उपाध्याय, बाबू विश्वमोहन, शिवकुमार चौबे, सुभाष अग्रवाल, कमलेश यादव, इंदिरा पाठक तिवारी, एजाज उस्मानी, लतीफ अंसारी, प्रशांत जैन, विनोद बैन, मजहर उस्मारी, मार्को बाबा, अजीत सोनी, आशीषउसरेटे, समर्थ अग्रवाल रीतेश बर्वे, आदि शामिल रहे।

## शोभना बंदोपाध्याय ने पमरे महाप्रबन्धक का कार्यभार ग्रहण किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स (आईआरएसएसई) वर्ष -1987 बैच की वरिष्ठ रेल अधिकारी श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने पश्चिम मध्य रेलवे में महाप्रबन्धक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्रीमती बंदोपाध्याय पश्चिम मध्य रेलवे में महाप्रबन्धक जैसे महत्वपूर्ण पद का कार्यभार ग्रहण करने वाली पहली महिला रेल अधिकारी हैं। महाप्रबन्धक का कार्यभार ग्रहण करने से पहले वे रेलवे बोर्ड में प्रिन्सिपल एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर (विजिलेंस) के पद पर कार्यरत थीं ।

दीर्घ अनुभवों की धनी श्रीमती बंदोपाध्याय ने मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे और उत्तर रेलवे के विभिन्न मण्डलों के साथ-साथ उत्तर रेलवे के मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। श्रीमती बंदोपाध्याय के लिए पश्चिम मध्य रेलवे भी नया नहीं है, वे पहले भी पमरे में संकेत एवं दूरसंचार विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रही हैं ।

श्रीमती बंदोपाध्याय भारतीय रेलवे की ऐसी विशिष्ट महिला इंजीनियर्स में से एक हैं जिन्हें रेलवे परिचालन प्रबन्धन, प्लानिंग, डिजाइन और नियंत्रण, रख-रखाव, निर्माण और विभिन्न परियोजना प्रबंधन में समृद्ध अनुभव प्राप्त है। उन्होंने रेलवे के कामकाजी बुनियादी ढाँचे के विकास, आईटी, सिग्नल एवं टेलीकॉम सम्पत्तियों के आधुनिकीकरण, व्यवसाय विकास और ग्राहक सेवा, संरक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है ।

रेल सेवा के दौरान उनके कार्य और नेतृत्व को विभिन्न मंचों पर सराहा गया और सम्मानित भी किया गया है।

## विवेचना ने नाट्य समारोह को परंपरा बनाया- मेजर राउत

**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना का 29 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह आज प्रारंभ हुआ। समागम रंगमंडल जबलपुर की जबरदस्त प्रस्तुति 'भूमि' के मंचन से शुरूआत हुई। समारोह का उद्घाटन भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी और कलाप्रेमी मेजर जनरल रि निश्चय राउत ने किया। इस अवसर पर एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी के चीफ जनरल मैनेजर एच आर राजीव कुमार गुप्ता व ट्रांसको के एम डी सुनील तिवारी, समागम रंगमंडल के निर्देशक आशीष पाठक, विवेचना के हिमांशु राय, अनिल श्रीवास्तव, बांकेबिहारी ब्यौहार और मनु तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए विवेचना के सचिव हिमांशु राय ने कहा कि विवेचना के राष्ट्रीय नाट्य समारोह में इस बार इलाहाबाद से वरिष्ठ रंगकर्मी अनिलरंजन भौमिक, भोपाल से मनोज नायर और इंदौर से शरद शबल अतिथि के रूप में आए हैं। हमारे मुख्य अतिथि मे ज ए राउत ने शहर के सांस्कृतिक वातावरण व गतिविधियों से प्रभावित होकर जबलपुर में रहना तय किया है। श्री राजीव गुप्ता ने कहा कि विद्युत परिवार हर सांस्कृतिक गतिविधि में अपना सहयोग देता रहा है।

इस अवसर पर मेजर निश्चय राउत ने कहा कि विवेचना के नाट्य समारोह ने उन्हें प्रभावित किया। नाटक की विधा बहुत मेहनत मांगती है। मुझे बहुत अच्छा लगता है कि जबलपुर में इतनी बड़ी संख्या में लोग नाटक देखने आते हैं। जबलपुर में विवेचना के नाट्य समारोह ने परंपरा का रूप ले लिया है। कार्यक्रम का संचालन बांकेबिहारी ब्यौहार ने किया।

उदघाटन के पश्चात भूमि नाटक का मंचन हुआ। नाटक मणिपुर की राजकुमारी चित्रांगदा और अर्जुन की मुलाकात और टकराव से शुरू होती है। फिर दोनों में प्रेम और फिर विवाह होता है। यह घटना महाभारत के पूर्व की है। गर्भवती चित्रांगदा को छोड़कर अर्जुन महाभारत के युद्ध में चले जाते हैं। चित्रांगदा पुत्र को जन्म देती है। 20 वर्ष बाद अर्जुन अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा लेकर फिर कांगला पंहुचते हैं। वहां उनका टकराव अनजाने में उनके बेटे बभ्रूवाहन से होता है। चित्रांगदा , अर्जुन और बभ्रुवाहन के बीच तीखा विवाद होता है। चित्रांगदा उद्घोष करती है न दैन्यं न पलायनम, न दीन हूं न भागूंगीं। सदियों से भूमि के लिए संघर्ष चल रहा है। मगर स्त्री कोई भूमि नहीं है। अब निर्णय युवा बभ्रुवाहन पर है।

## विजया चौधरी का मरणोपरांत देहदान



**जबलपुर, देशबन्धु।** तप त्याग और दान के नाम से जाना जाने वाला जैन समाज के द्वारा आज पुनः महादान का एक और उदाहरण प्रस्तुत किया गया। जैन समाज के सदस्य एवं अधिवक्ता राजेश चौधरी के द्वारा अपने माता श्रीमती विजया चौधरी का मृत्यु पूर्व इच्छा का सम्मान करते हुए 2 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के एनाटॉमी विभाग में मरणोपरांत देहदान किया गया। चौधरी परिवार के इस पुनीत कार्य के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. गीता गुइन तथा एनाटॉमी विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. नटवर अग्रवाल के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## रेलवे में साफ सफाई हेतु सरहनीय योगदान पर पुष्प गुच्छ से सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में स्वच्छ रेल, स्वच्छ रेल परिसर (स्पेशल कैम्पेन 3.0) को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान देने के लिए जबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा द्वारा सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश नायक एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक श्री मनीष कश्यप को पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री नितेश कुमार सोने, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री गुन्नार सिंह के साथ ही अन्य वाणिज्य निरीक्षक भी उपस्थित थे।

## 37वें राष्ट्रीय खेल -2023 गोवा में म.प्र. वूशु खिलाड़ी रोहित जाधव ने जीता 01 स्वर्ण

**जबलपुर, देशबन्धु।** 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा अंतर्गत केम्पेल ओपन ग्राण्डड पणजी में वूशु प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत वूशु खेल में म.प्र. के खिलाड़ी रोहित जाधव ने ताऊलू के इवेन्ट के दाओशु में सराहनीय खेल प्रदरशन कर स्वर्ण पदक आपने नाम किया। वही इसी प्रतियोगिता में म.प्र की वूशु खिलाड़ी कु. पूर्वी सोनी ने क्यांशू इवेन्ट में 01 रजत और शुभम राज पटेल ने 01 कांस्य पदक अर्जित कर प्रदेश का मान बढ़ाया। चारों ही खिलाड़ी विगत कई वर्षों भारतीय वूशु दल की प्रशिक्षक विश्वामित्र अवॉर्डी सारिका गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।




### सुभाष तोमर ,कु. पूर्वी सोनी ने 01-01 रजत और शुभम राज पटेल ने 01 कांस्य पदक

सारिका गुप्ता ने बताया कल हम दो विधाओं में और मेडल प्राप्त करेंगे ऐसा पूर्ण विश्वास है ।खिलाड़ियों की उपलब्धि पर मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष एन के त्रिपाठी, खेल संचालक रवि गुप्ता, भारतीय वूशु संघ के संरक्षक भूपेंद्र सिंह बाजवा, अध्यक्ष जितेंद्र बाजवा ,सी ई ओ सुहेल अहमद , सीडीएम पीएस बुंदेला, कोऑर्डिनेटर विकास खराड़कर, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, माया रजक , रजनीश सक्सेना, विकास चतुर्वेदी, नितेश ,इरफान, अनामी, शैलेंद्र शर्मा आदि ने बधाई प्रेषित की हैं।

## इंटरव्यू में ड्रेस कोड और कॉन्फिडेंस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता : शेराज

**जबलपुर, देशबन्धु।**जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान के संचालक डॉ. मोनी थॉमस के मार्गदर्शन में छात्रों को जॉब इंटरव्यू के विभिन्न पहलुओं से रूबरू कराने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बहुराष्ट्रीय बैंक स्टैण्डर्ड एन्ड चार्टेड बैंगलोर के वाईस प्रेसिडेंट श्री शेराज शामिल होकर कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, जबलपुर के विद्यार्थियों को इंडस्ट्री में जॉब इंटरव्यू के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। आपने इंटरव्यू में ड्रेस कोड और आत्मविश्वास पर विशेष ध्यान देने पर जोर देने की बात कही, साथ ही स्वयं की नकारात्मकता और सकारात्मकता को प्रस्तुत करने के हुनर को उदाहरण के माध्यम से समझाया। शेराज ने कहा कि हिंदी माध्यम के बच्चे मेहनती होते है, परन्तु प्रायः इंटरव्यू में इंग्लिश होने से अपने अंदर का आत्मविश्वास खो देते है, अतः इन बच्चों को आत्मविश्वास से हिंदी में ही इंटरव्यू देने की बात कही। अपनी वास्तविक पहचान को इंटरव्यू के दौरान बनाये रखने की सलाह भी दी गई। इंटरव्यू कक्ष में प्रवेश करने के उपरांत इंटरव्यू पैनल को अभिवादन करना एवं बैठने के संकेत मिलने तक खड़े रहने जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



इसके अलावा आपने यह भी जानकारी दी कि पूछे गए प्रश्नों के उत्तर नहीं आने कि परिस्थिति में, ईमानदारी से नहीं मालूम बोलने की हिम्मत दिखाना चाहिए एवं गलत जबाब देने से बचना चाहिए। इंटरव्यू के अंत में ऐसे प्रश्नो के उत्तर इंटरव्यू पैनल के एक्सपर्ट से जानना भी आत्मविश्वास का परिचय देता है इंटरव्यू में कैंडिडेट द्वारा पोस्ट की भूमिका, जिम्मेदारी. चुनौतियां एवं किन- किन क्षेत्रो पर अधिक ध्यान देने की जानकारी पैनल से पूछने से भी आत्मविश्वास प्रदर्शित होता है। इंटरव्यू टिप्स के अलावा शेराज ने टीम बिल्डिंग एंड टीम वर्क से सम्बंधित छात्रों से परिचर्चा की एवं छात्रों के सवालों के जवाब भी दिये। कार्यशाला में कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, जबलपुर के 50 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. दीपक पाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के निदेशक डॉ. मोनी थॉमस डॉ. अनुपमा वर्मा, डॉ. नीरज त्रिपाठी, शैक्षणिक प्रभारी डॉ. लवीना शर्मा, श्रीमति लक्ष्मी सिंह, डॉ. दीपक पाल, दीपांशु पटेल एवं लवकेश पटेल ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।


## अधारताल से रानी कमलापति इण्टरसिटी ट्रेन की समय सारिणी में संशोधन

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 22188 अधारताल से रानी कमलापति इण्टरसिटी ट्रेन 05 नवम्बर 2023 से संशोधित समय सारिणी के अनुसार चलेगी। जिसके संशोधित समय सारिणी का विवरण निचे दिया गया है।

गाड़ी संख्या 22188 अधारताल से रानी कमलापति इण्टरसिटी ट्रेन प्रतिदिन 05 नवम्बर से अधारताल स्टेशन से 16.15 बजे प्रस्थान कर जबलपुर 16.27 बजे, मदन महल 16.44 बजे, श्रीधाम 17.18 बजे, नरसिंहपुर 17.43 बजे, करेली 17.59 बजे, गाडरवारा 18.19 बजे, पिपरिया 18.53 बजे, इटारसी 20.05 बजे, नर्मदापुरम 20.38 बजे और गंतब्य स्टेशन रानी कमलापति रात्रि 22.20 बजे पहुंचेगी। यात्री रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से भी ट्रेन के संशोधित समय सारिणी की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# काशी ज्ञानवापी मंदिर का धर्मालय मुक्ति न्यास ने जारी किया मॉडल

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत में आक्रमणकारी अक्रांताओं द्वारा ढहाए गए हिन्दू मंदिरों की न्यायालयीन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्मित किए जाएंगे, उनमें से काशी विश्ववेश्वर मंदिर का मॉडल धर्मालय मुक्ति न्यास द्वारा जारी किया गया है। सन् 1669 में औरंगजेब द्वारा ढहवाया गया काशी का श्री आदि विश्वेश्वर महादेव ज्ञानवापी मंदिर न्यायालयीन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जैसा निर्मित होगा।



श्री आदि महादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास द्वारा उसका मॉडल जारी किया गया है। अयोध्या, काशी, मथुरा और भोजशाला प्रकरणों के वादियों, अधिवक्ताओं, व्यवस्थापकों तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों के लखनऊ में संपन्न सम्मेलन में न्यास द्वारा इस मॉडल को प्रदर्शित किया गया।

जिसमें जबलपुर नगर के समाजसेवी व भोजशाला प्रकरण के याचिकाकर्ता डॉ. एच.पी. तिवारी और जीवेश पांडे उपस्थित थे। उक्त चारों प्रकरणों में हिंदू पक्ष की पैरवी कर रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन एवं काशी, मथुरा और भोजशाला प्रकरण के याचिकाकर्ता कुलदीप तिवारी लखनऊ, रंजना अग्निहोत्री कानपुर, डॉ. एच.पी. तिवारी जबलपुर और जीवेश पांडे जबलपुर ने हिंदू अस्मिता के प्रतीक इन धर्मस्थलों की मुक्ति तक सतत् संघर्षरत रहने का संकल्प लिया।

# नागपुर ऑरेंज क्लब : गब्बर और बसंती बनकर किया डांस

**जबलपुर, देशबन्धु।** शर्मिला टैगोर, जीनत अमान, परवीन बॉबी, आशा पारेख जैसी अभिनेत्रियों के साथ गब्बर, सांबा और प्रेम चौपड़ा के किरदार में भी महिलाएं नजर आईं। नागपुर ऑरेंज क्लब का रेट्रो थीम पर प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इस दौरान लेडीज ने पुरानी अदाकारों का किरदार निभाया। कॉम्पीटिशन में फर्स्ट रेणु जैन, सीमा जैन, सेकेंड रोमा जैन और थर्ड सुनीता जैन, काजल जैन रहीं। इस मौके पर छाया मोदी, ममता जैन, साधना जैन, सीमा गोयल, वर्षा जैन मौजूद रहीं।



# नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में की जाएगी गोद भराई

## कार्यक्रम में किन्नर अखाड़ा की किन्नर गुरू रहेगीं मौजूद



**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर को सुबह 8.30 बजे किन्नर अखाड़ा एवं मंगलामुखी समाज के पूज्य संतों के नेतृत्व में जिन माताओं बहनों को शादी उपरांत मातृत्व की प्राप्ति नहीं हुई है, उनकी गोद भराई की रस्म किन्नर समाज के द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर पवित्र आनंद गिरि, दिल्ली महामंडलेश्वर पुष्पानंद गिरी, जयपुर मंगलामुखी समाज की हीराबाई, बबली तिवारी, केट शरमा काजल दीदी, काशीष चौहान, पदमा गुरु रेखा दीदी, खिलौना दीदी, शिवानी दीदी, राधिका दीदी, सौम्या दीदी, नायरा, रजनी दीदी, मोना दीदी, कामिनी आदि के नेतृत्व में गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# दिगंबर जैन महिला समिति ने महारानी की थीम पर मनाया दीपावली मिलन महोत्सव



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति जबलपुर संभाग ने बुधवार को धूमधाम और हर्षोल्लास से दीवाली मिलन समारोह महारानी की थीम पर मनाया। जिसमें महासमिति की महिलाओं ने बढ़चढ़कर सहभागिता की। दीवाली मिलन समारोह के दौरान महिला सदस्यों ने वायुमंडल में बढ़ रहे प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुए अपने बच्चों को दीवाली में फटाका न फोड़ने देने की शपथ ली, जिससे वायुमंडल में प्रदूषण को फैलने से रोकने में थोड़ी सहभागिता हो सके। इसके साथ इस मौके पर गैम्स भी खिलाएं गए, जिसमें रानी थीम पर आधारित हाऊजी गेम खास रहा। इसके साथ ही राजसी ठाठ-बांट के साथ सभी को भोजन भी कराया गया। साथ ही 17 नंबबर को होने वाले मतदान के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया। युवा वर्ग के भक्तामर मंडल द्वारा समाज में दी गई सेवा के लिए समिति द्वारा अध्यक्ष हर्ष और सभी भाईयों को सम्मानित किया गया। महारानी थीम पर तैयार होकर आई महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थापक और अध्यक्षा प्रीति पाली, अलका जैन, रेखा चौधरी, नीलमणी स्वीटी, रचना, मनीषा, अनुपमा, रीता, रूबी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जवाहरलाल नेहरू लाल कृषि विवि : इंटरव्यू में ड्रेस कोड मायने रखता है

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंटरव्यू के दौरान ड्रेसकोड अहम होता है। यह ना सिर्फ आत्म विश्वास बढ़ाता है, बल्कि इंटरव्यूवर्स को भी अट्रैक्ट करता है। यह जानकारी जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित जॉब इंटरव्यू वर्कशॉप के दौरान शेराज ने कही। उन्होंने कहा कि इंटरव्यू में नैगेटिविटी से दूर रहने के लिए कॉन्फीडेंस डवलप करना जरूरी है। इस मौके पर कुलपति डॉ. पीके मिश्रा, डॉ. मोनी थॉमस, डॉ. अनुपमा वर्मा मौजूद थीं।




# ईसाई समुदाय ने मृत विश्ववासियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** संपूर्ण विश्व में 2 नवंबर को सभी मृत विश्वासियों का पुण्य स्मरण किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाती है। इसी कड़ी में गुरूवार को बिलहरी क्रिश्चियन कब्रिस्तान में जबलपुर धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष जेराल्ड अलमेड़ा की अगुवाई में लगभग 40 पुरोहितों ने पावन ख्रीस्तयाग अर्पित किया। हजारों मसीही विश्वासियों की उपस्थिति में बिशप जेराल्ड ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें अपने ईश्वर पर विश्वास करना सिखाया, और एक दूसरे से प्यार करने और मधुर संबंध के साथ जीना सिखाया था, क्योंकि प्रभु येसु की सबसे बड़ी शिक्षा यही है, कि अपने पड़ोसी से अपने समान प्यार करो, आज की आवश्यकता है, कि हम अपने क्षणिक जीवन में अपने अच्छे कार्यों से ईश्वरीय प्रेम को अपने आस-पास के वातावरण में प्रसारित करें। हमें इस धरती पर सदा के लिए नहीं रहना है, क्योंकि हमारा शरीर नश्वर है और हमारा जीवन क्षण भंगुर है। हम सब प्रभु येसु के प्रेम, क्षमा, शांति और भाईचारे के संदेश को एक दूसरे को बांटे। आज के दिन हम अपने परिवार के सभी मृत विश्वासियों का स्मरण करते हुए उनके लिए प्रार्थना करें, क्योंकि उन्होंने ही हमारे जीवन को संवारा है। साथ ही साथ हम विश्व शांति के लिए भी प्रार्थना करें, विशेषकर रूस और यूक्रेन तथा इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच हो रहे युद्ध की शीघ्र समाप्ति के लिए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करें। संध्या मिस्सा पूजा के अवसर पर संपूर्ण जबलपुर की कलीसियाओं के लगभग 15 हजार से भी अधिक मसीही भाई-बहनों ने उपस्थित होकर अपने मृत परिजनों की कब्रों पर मोमबत्ती, अगरबत्ती, दिए जलाकर फूल मालाएं रखकर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहे थे।





# वेलकम विंटर थीम पर सेलिब्रेशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** फ्रेंड्स फॉरएवर लेडीज क्लब के तत्वावधान में विंटर वेलकम के लिए लेडीज ने थीम सेलिब्रेशन किया। इस दौरान जहां वाइट कुर्ता विद् जींस के साथ डिफरेंट स्टाइल का दुपट्टा कैरी किया गया, तो वहीं तरह-तरह के गेम्स खेलकर प्रोग्राम मनाया गया। इस मौके पर रीना, दीप्ति, समीक्षा, मोनिका, श्रुति, पूजा, मिनी, स्वाति, शिखा मौजूद रहीं।

# बुंदेलखण्डी नृत्य-संगीत से सजा मंच

**जबलपुर, देशबन्धु।** गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुति में भारतीय संस्कृति के दर्शन हुए। कैडेट्स ने जहां बुंदेली और राई नृत्य की प्रस्तुति दी, वहीं अनुशासन और कैम्प एक्टिविटी के लिए उन्हें मेडल और ट्रॉफी भी दी गई। ज्ञानोदय आवासीय स्कूल में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ हुआ। कार्यक्रम में कैडेट्स ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांधा। इस दौरान स्किट और माइम ने सामाजिक संदेश दिया।

बेस्ट कैडेट को मेडल कार्यक्रम में कैम्प के दौरान बेस्ट परफॉर्मेंस और डिसिप्लिन के लिए मेडल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर एजी बरबरे, डिप्टी ग्रुप कमाण्डर कर्नल एके गुप्ता, कैम्प कमाण्डेंट सेना मेडल कर्नल विक्रांत त्यागी, डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट सौरभ चौहान, सूबेदार आकिल होसेन, नायाब सूबेदार निर्मल जायसवाल, एनासीसी ऑफिसर ले. अशोक नायक, सेकंड ऑफिसर हेमंत काठी मौजूद थे।

# सम्मान समारोह 4 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** साहित्यिक संस्था कादम्बरी के तत्वावधान में अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह 4 नवम्बर को दोपहर 3 बजे शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में देश-विदेश के 108 साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा।

# हज़ारों की तादाद में अक़ीदतमंदों ने पेश की हाजरी, हिंदू मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पेश की चादरें शरीफ



**जबलपुर, देशबन्धु ।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर की दरगाह में ग्यारहवीं शरीफ के चौथे उर्स मेला में हज़ारों की तादाद में अक़ीदतमंदों ने हाजरी पेश की। दरगाह में सैकड़ों की तादाद में चादरें शरीफ व निशान पेश किये गए। नजरो न्याज़ पेश की गई एवं लंगर तक़सीम किया गया। हिंदू धर्मालंबियों ने भी बड़ी संख्या में सलामी पेश की। कई मुजावरों पर हाल की आमद हुई। मदन महल पहाड़ी दिन भर या गौस अल मदद के नारों से गूंजती रही। मेले में बच्चों के सामान व खाने-पीने के अनेक स्टाल लगे हुए थे। दूर दराज से आये जायरीनों ने हाजरी पेश कर मेले का आनंद लिया।

**जल्सागाह में**- अपरान्ह जुहर की नमाज़ के बाद मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में आयोजित जल्स ए गौसिया में सज्जादानशीन बासित अली कादरी ने नअत शरीफ व मनक़बत पाक पेश की।

**दस्तारबंदी**- सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, आफताब कादरी, जुल्फिकार कादरी, मंसूर अली, याकूब अली शाह, इनायत कादरी, आबिद अली, शराफत अली ने हाजरीन की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया। मुहम्मद अली राजा, अब्बू बाबा कादरी, असगर कादरी, सैय्यद इदरीस अली, सलामत अली, अंसार कादरी, राज अली ने तबरूख पेश किये। शाम को मगरिब की नमाज़ के बाद सलातो सलाम पेश किया गया। **आखरी मेला** - सज्जादानशीन मुबारक कादरी ने बताया कि आगामी 9 नवम्बर जुमरात को ग्यारहवीं शरीफ का मेला लगेगा। इस मौके पर सूफी संत सम्मेलन का एहतेमाम किया जायेगा।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 03 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की षष्ठी। नक्षत्र-आर्द्रा।**

**मेष**
धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।

**वृषभ**
आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा।

**मिथुन**
आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

क. 113-470

**तुला**
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है।

**धनु**
आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

**कर्क**
जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों ।

**कन्या**
आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। खरीदारी कर सकते हैं।

**मकर**
आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**कुंभ**
आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं। धार्मिक कामों पर खर्च होगा।

**मीन**
आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

मा. 460-134

1,3,7,9,12,31,75,90,99,27,50,14

# शिक्षा के स्तर को जानने स्टेट शैक्षिक अचीवमेंट का सर्वे आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय और अशासकीय शालाओं में कक्षा 3 री, 6 वीं और 9 वीं कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का भाषा एवं गणित विषय के शैक्षणिक स्तर की जांच की जायेगी। इसके लिए पीएसएम, राज्य विज्ञान संस्थान एवं डाइट से कलेक्टर ने 628 फील्ड इन्वेस्टिगेटर एफआई को नियुक्त किया है।

डीपीसी योगेश शर्मा ने बताया कि जिले में शिक्षा के स्तर को जानने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार जिले की रेंडम आधार पर एनसीईआरटी द्वारा चयनित 398 शासकीय-अशासकीय स्कूलों की 571 कक्षाओं में 3 री, 6 वीं एवं 9 वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भाषा एवं गणित विषय की शैक्षिक उपलब्धि जानने सर्वे किया जाएगा। इसके लिए पीएसएम, राज्य विज्ञान संस्थान एवं डाइट से कलेक्टर ने 628 फील्ड इन्वेस्टिगेटर एफआई को नियुक्त किया गया है। जो इन चयनित विद्यालय में पहुंच कर सर्वे का कार्य करेंगे। इन फील्ड इन्वेस्टिगेटरों को जिला स्तर पर डाइट में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### 628 फील्ड इन्वेस्टिगेटरों को नियुक्त किया

इनके सहयोग के लिए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की भी नियुक्ति कर दी गई है। इसके साथ ही सभी चयनित स्कूलों को सुबह 7 बजे खोलने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डाइट प्राचार्य सुधीर उपाध्याय, डीपीसी योगेश शर्मा ने सभी चयनित स्कूलों, बीआरसी, बीएसी, सीएसी, फील्ड इन्वेस्टिगेटर को सफलतापूर्वक सर्वे कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया है।

# सीए बनने का सपना लिए इंटर का दिया एग्जाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** सीए बनने का सपना लिए युवाओं ने इंटर की परीक्षा दी। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा गुरुवार से चार्टर्ड एकाउंटेंट इंटर मीडिएट एग्जाम की शुरुआत हुई। यह एग्जाम 17 नवम्बर तक कंडक्ट किया जाएगा। इसी क्रम में फाइनल के एग्जाम भी साथ होंगे। इंटर के पहले दिन महानद्दा स्थित निजी कॉलेज को एकमात्र सेंटर बनाया गया है।

**100 अंकों के लिए**-आईसीएआई सीए फाइनल परीक्षा में 100 अंकों के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न 30 अंकों के होंगे और वर्णनात्मक प्रश्न 70 अंकों के शामिल किए गए हैं। एग्जाम देने वाले युवाओं का कहना है कि पेपर एवरेज रहा है। इसे ना ही कठिन कहा जा सकता है और ना ही आसान।

**ऐसी रही उपस्थिति**-कुल बैठने की संख्या-289, कुल मौजूद छात्र-26, कुल अनुपिस्थत छात्र-28।

## इंटरस्कूल में समूहगान

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के तत्वावधान में इंटरस्कूल समूहगान प्रतियोगता 5 नवम्बर को सुबह 10 बजे से नवीन विद्या भवन सभागार में सम्पन्न होगी।

# स्वास्थ्य विभाग में सार्थक एप का जिन्न फिर आया बाहर

## लघु वेतन कर्मचारी कम्प्यूटर में नही है दक्ष, कैसे चलाऐं एप

**जबलपुर,देशबन्धु।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि अस्पताल प्रशासन संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें सतपुड़ा भवन भोपाल ने 30 अक्टूबर का पत्र जारी कर प्रदेश के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से सार्थक एप में उपस्थिति दर्ज नहीं किये जाने हेतु स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके तारतम्य में सीएमएचओ और सिविल सर्जन द्वारा तत्काल पत्र जारी कर चिकित्सकों अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थित सार्थक एप में दर्ज न होने पर वेतन न निकाले की चेतावनी जारी कर की गई प्रदेश चिकित्सकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि एप चिकित्सकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के हित में न होकर विभिन्न विसंगतियों से पूर्ण है। इन विसंगतियों के कारण एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने में चिकित्सकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कई प्रकार की समस्याएं आने की संभावनाएं है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ उपस्वास्थ्य केन्द्र ऐसे भी है जहां इंटरनेट एवं लाईट का आभाव है, जहां से उपस्थिति दर्ज करना संभव नहीं है स्वास्थय विभाग जो कि आतापकालीन सेवाओं की प्रदायगी सुनिश्चित करता है तो ऐसे विभाग में कार्यरत चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के डयूटी समय की अनिश्चितता एवं परिवर्तनशीलता का सूक्ष्म परीक्षण करने के पश्चात तथा इसकी उपयोगिता सुनिश्चित होने पर इसे सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग में लागू नहीं किया जाये एवं व्यवहारिक कठिनाईयों हेतु इसे सरलीकृत कर समस्त संगठनों के पदाधिकारियों से विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर दोनों पक्षों की सहमति तक इसे स्थगित रखा जाये। चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों को एनड्राइड मोबाईल भी उपलब्ध नहीं है और साफ्टवेयर चलाना भी नहीं आता, जिससे उनके द्वारा एप में उपस्थिति दर्ज किया जाना संभव नहीं है।

संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, अंकित चौरसिया, शैलेन्द्र दुबे, इंद्रजीत मिश्रा, सतीश देशमुख, अमित पटेल, आकाश गुप्ता, प्रीतोष तारे, आदित्य जायसवाल, विकास श्रीवास्तव, कीर्तीमान सिंह, राजीव मिश्रा, योगेश कपूर, पंकज जायसवाल, तुषरेन्द्र सिंह, नीरज कौरव, जवाहर लोधी, हेमन्त गौतम, महेन्द्र चौधरी, अमित गौतम, शैलेन्द्र दुबे, दिनेश वर्मा, रामकृष्ण तिवारी, संदीप चौबे, रितुराज गुप्ता आदि ने प्रमुख सचिव म.प्र.शासन से मांग की है कि इस एप को तत्काल निरस्त किया जाये और समस्त चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पूर्ववत ही ली जावे।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती रोशनी भट्ट**- सेठी नगर पानी की टंकी के पास गुप्तेश्वर निवासी श्री सूरज भट्ट की धर्मपत्नी श्रीमती रोशनी भट्ट (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बिन्देश्वरी शर्मा**- रामनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री बिन्देश्वरी शर्मा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छंगी बाई अहिरवार**- सिंधी कैंप फकीरचंद का अखाड़ा निवासी श्री मुन्ना अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती छंगी बाई अहिरवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री के. मुर्गेशन**- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री के. मुर्गेशन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशीष बंशकार**- बंगाली कॉलोनी प्रेमसागर निवासी श्री ओम प्रकाश बंशकार के पुत्र श्री आशीष बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सीता बाई**- महानद्दा मदनमहल गुलजार के पास निवासी श्री मंगल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सीता बाई (106) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित कुमार धींगड़ा**- रतन कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री अमित कुमार धींगड़ा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री शशि**- दूसरे पुल के पास केंट निवासी श्री शंकर लाल की पुत्री सुश्री शशि (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामू समन**- बेलबाग शिव मंदिर के पास निवासी श्री रामू समन (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महावीर प्रसाद समुंद्रे**- डुमना रोड निवासी श्री महावीर प्रसाद समुंद्रे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# चुनावी महौल के बीच जगह-जगह वाहन चैकिंग, लगा जुर्माने का मेला







## नौदरा ब्रिज में लगी वाहनों की भीड़, गढ़ा, मदन-महल, तीन पत्ती, ओमती में भी चेकिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में मतदान की तारीख नजदीक आते जा रही है और शहर के सभी थाने की पुलिस सक्रिय है। जगह-जगह वाहन चैकिंग की जा रही है। जिसमें पुलिस वाहन चैकिंग के नाम पर राहगीरों से बदसलूकी करते भी नजर आयी। बीती रात ओमती थाना पुलिस ने नौदरा ब्रिज बस स्टॉप के सामने वाहन चैकिंग के नाम पर अच्छी खासी भीड़ लगा दी। जिसमें कॉलेज के छात्र, पति-पत्नि व अन्य लोग पुलिस वालों से अपनी गाड़ी छोड़ने की बातें करते नजर आये। पुलिस ने गढ़ा, मदन-महल, तीन पत्ती और ओमती क्षेत्र में पुलिस की सघन वाहन चैकिंग की गई।

### चैकिंग के दौरान वाहनों से चाबी निकाली

चुनाव के मद्‌देनजर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को वाहन चैकिंग के आदेश दिये गये हैं। जिसमें बिना नंबर की गाड़ियां, संदिग्ध कार को रोककर तलाशी लेने व दस्तावेज की जांच कर जुर्माना करने के निर्देश दिये गये हैं। लेकिन इसके विपरीत पुलिस कर्मी मनमर्जी से वाहन रोककर गाड़ियों के सिर्फ दस्तावेज चैक रहे हैं। तलाशी कोई नहीं ले रहा। किसी के पास वाहन के दस्तावेज हैं तो लायसेंस नहीं था। किसी के पास लायसेंस था तो दस्तावेज घर पर थे। कोई स्टेशन जा रहा था तो कोई अस्पताल। पुलिस कर्मियों ने सभी को रोका और वाहनों की चाबी जप्त कर चालान ठोक दिया।

### ऐसा व्यवहार जैसे सभी अपराधी हों

कई लोग ऐसे भी थे जिनका पुलिस से कभी वास्ता ही नहीं पड़ा। लेकिन चैकिंग के दौरान पुलिस के सामने सभी अपराधी के समान खड़े नजर आये। कई लोगों ने अपने परिचितों से फोन पर बात कराई तो किसी ने पुलिस वालों की मान मनुव्वल की। तब जाकर कुछ जुर्माना देकर वाहन छोड़े गये। इस बीच कुछ नेता, वकील जैसे लोग उनके साथ हुई कार्रवाई से आग बबूला भी हो गये।

### रोजाना ऐसी वाहन चैकिंग हो

चुनाव खत्म होने के बाद व आचार संहिता समाप्त होते ही इस तरह की वाहन चैकिंग ठंडे बस्ते में चली जायेगी। फिलहाल तो इस चैकिंग से अपराधी तत्वों में खौफ है। ऐसी वाहन चैकिंग रोजाना ही जिले में होनी चाहिए। जिससे जनता हैलमेट तो लगाना शुरू कर ही देगी, साथ ही सारे दस्तावेज भी साथ में लेकर चलेगी। इसके अलावा शराब-गांजा व अवैध हथियारों की तस्करी में लगाम लगाने में पुलिस को सफलता मिलेगी।

# महिला को दहेज के लिये मारपीट करने वाले पति, सास-ससुर व ननद के खिलाफ अपराध दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगी थाना में गुरूवार को निधी राजपूत उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बोरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी ग्राम बैहर थाना सिहोरा निवासी शुभम राजपूत के साथ हुयी थी। शादी के लगभग 1 माह बाद ही दहेज कम लाने की बात को लेकर पति शुभम राजपूत, ससुर अर्जुन राजपूत, सास सीमा राजपूत, ननद शिखा राजपूत, सभी मिलकर उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे और मायके से कार लाने का दबाव बनाते थे। 12 जून को वह किचिन में खाना बना रही थी तभी दहेज लाने की बात पर पति, सास-ससुर एवं ननद ने उसके साथ गालीगलौज करते हुये मारपीट की। उसी समय पति एवं सास तथा ननद शिखा ने पीछे से उसके पैर को जला दिया था और बोले कि कार लेकर नहीं आई तो जान से खत्म कर देगें। सभी ने मायके वालों से लड़ झगड़ कर उसे मायके भिजवा दिया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति, सास-ससुर एवं ननद के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### मझौली में पीड़िता थाने पहुंची

इसी प्रकार मझौली थाना में गुरूवार को प्रीति चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम झांझा थाना गोसलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी सहुजनी निवासी दीपक चौधरी के साथ हुयी थी। शादी के लगभग 6 माह बाद से ससुर मल्ली चौधरी और पति दीपक चौधरी उसे छोटी-छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित कर मारपीट करते हैं। 15 सितंबर को उसके साथ मारपीट कर घर से भगा दिये तभी से वह अपने मायके में रह रही है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व जेवर ले उड़े चोर

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर थाना अंतर्गत ग्राम बुढागर में एक सूने घर में चोरों ने धावा बोल दिया और सोने जेवर समेत नगदी पार कर दिये। जानकारी के अनुसार गुरूवार को रेखा शर्मा उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बुढागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पीएचसी गोसलपुर में एएनएम नर्स के पद पर पदस्थ है। उसका एक बेटा एवं बेटी जो भोपाल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। वह घर पर अकेली रहती है।

बीती शाम लगभग 5 बजे अपने घर पर ताला लगाकर अपनी डयूटी गोसलपुर अस्पताल आ गयी थी। गुरूवार सुबह डयूटी करके सुबह 9 बजे घर जाकर देखी तो सामने तथा दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। लॉक टूटा था आलमारी में रखी सोने की पंचाली, 2 अंगूठी, 4 चूडी, कान के 2 जोड़ी टाप्स, 2 जोड़ी झुमकी, एवं चांदी के 2 जोड़ी पायल, गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, 2 खुसना, संतान साते की चूड़ी एवं नगदी लगभग 5 हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है। पीड़िता महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# रीवा-इतवारी ट्रेन से चोरी गया बैग जीआरपी ने मानिकपुर से जप्त किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** रीवा-इतवारी ट्रेन से सफर कर रहे नागपुर निवासी का बैग किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर लिये जाने की शिकायत पीड़ित द्वारा बीते दिन मदन महल जीआरपी चौकी में की गई। यात्री के बैग में एक सेमसंग कंपनी का मोबाइल, दस हजार रुपये नकगी,एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, वोटर आईडी तथा पहनने के कपड़े रखे थे जो कि बैग के साथ ही चोरी हो गए। शिकायत पर जीआरपी ने पतासाजी की और जल्द ही आरोपित सहित माल मसरूका को मानिकपुर से अपने कब्जे में ले लिया।

घटना के संबंध में मदन महल जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज ने बताया कि 27 अक्टूबर 2023 को फरियादी जितेन्द्र साल्के निवासी नागपुर जो कि रीवा-इतवारी ट्रेन में जबलपुर की यात्रा कर रहा था। यात्रा दौरान उसका लाल रंग का पिट्ठू बैग जिसमें मोबाइल एवं दस हजार रुपये नकदी सहित अन्य दस्तावेज रखे थे व चोरी हो गए।

जीआरपी ने चोरी का प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की विवेचना शुरू की और 1 नवम्बर को ही रवि कोल पिता छोटा कोल उम्र 24 वर्ष निवासी शिवनगर मानिकपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर माल जब्त कर लिया। चोरी के एक अन्य मामले में उक्त आरोपित द्वारा बालाघाट से इतवारी ट्रेन में बैठकर जबलपुर की यात्रा कर रही एक महिला यात्री का पर्स जिसमें एक जोड़ी टॉप व नगद 2000 रुपये आधार कार्ड,पासपोर्ट साइज की 6 फोटो रखी थी चोरी कर लिया था जिसे। जीआरपी द्वारा जप्त कर लिया गया है।

# गोहलपुर में किराए के मकान में चल रहा था क्रिकेट का सट्टा, रीवा-शहडोल के दो सटोरिए गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना अंतर्गत समता कॉलोनी में किराए का मकान लेकर ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे रीवा-शहडोल के दो सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सटोरिया शिवकुमार कुशवाहा व गुलाम खान के कब्जे से पुलिस ने एक लैपटॉप, 6 मोबाइल फोन व 40 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं।



इस संबंध में गोहलपुर थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि शिवकुमार कुशवाहा उम्र 32 वर्ष निवासी महाजन टोला सिविल लाईन रीवा एवं गुलाम खान उम्र 25 वर्ष निवासी तिलक वार्ड सुहागपुर जिला शहडोल ने गोहलपुर स्थित समता कॉलोनी में नरेश बेन का मकान किराए पर लिया। मकान की पहली मंजिल में रहकर दोनों युवक लम्बे समय से ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे थे। इस बात की खबर मिलते ही गुरूवार को क्राइम ब्रांच व गोहलपुर थाना पुलिस ने संयुक्त रुप से उक्त मकान में छापामार दिया। पुलिस को देखते ही दोनों सटोरिए स्तब्ध रह गए। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मौके से 40 हजार रुपए नगद, 6 मोबाइल फोन व लैपटॉप जब्त किया है। पुलिस को पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे शहडोल निवासी नज्जिल खान के कहने पर जबलपुर में किराए का मकान लेकर ऑन लाइन सट्टा खिला रहे थे। पुलिस ने मामले में शिवकुमार कुशवाहा, गुलाम खान व नज्जिल खान के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा नाले में गिरा, तीन घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** हनुमानताल थाना में गुरूवार को बड़ी मदार टेकरी शिव मंदिर के पास नाले में एक सवारी ई रिक्शा पलट जाने से घायल तीन व्यक्तियों को उपचार के लिये विक्टोरिया अस्पताल लाये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को नरेन्द्र चौधरी उम्र 31 वर्ष निवासी बड़ी मदार टेकरी सिंधी केम्प ने बताया कि वह अधारताल अपने काम से गया था। वहां से वापस अपने घर आने के लिये ई रिक्शा क्रमाक एमपी 20 जेड ई 0993 मे अधारताल तिराहा में बैठा था। ऑटो में बिमल सेन एवं मोह. इस्माईल भी बैठे थे। जैसे ही ऑटो शंकर मंदिर के पास आया तो ऑटो क्रमांक एमपी 20 जेड ई 0993 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये ऑटो नाले में गिरा दिया। जिससे उसे एवं बिमल सेन एवं मोह. इस्माईल को हाथ पैर एवं शरीर मे चोट आयी है राहगीरों ने तीनों को इलाज के लिये ऑटो में बैठाकर विक्टोरिया अस्पताल भिजवाया। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# मोटर सायकिल में शराब ढोते दो तस्कर पकड़े गये

### देशी शराब के 200 पाव बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगी थाना अंतर्गत सिमरिया वेयर हाउस के पास पुलिस ने मोटर सायकिल में शराब ढोते दो तस्करों को पकड़ा है। जिनसे दो बोरों में देशी शराब के पाव बरामद किये गये हैं। इस संबंध में कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि 2 लड़के एक बिना नम्बर की काले रंग की मोटर सायकिल में सफेद प्लास्टिक की बोरी में शराब लेकर बेलखाडू से सिमरिया रोड तरफ जा रहे हैं। पुलिस ने तत्काल सूचना के आधार पर मौके पर दबिश दी। जहां सिमरिया रोड पर वेयर हाउस के पास एक बिना नम्बर की मोटर सायकिल में 2 युवक बैठे दिखे जो बीच में सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी रखे हुये थे। जिन्हें पुलिस ने रोका, पूछताछ में मोटर सायकिल चालक ने अपना नाम दीवान यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मादा थाना पाटन एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने निखिल यादव उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम छितुरहा थाना पाटन बताये। जो बोरी के अंदर 4 कार्टूनों में कुल 200 पाव देशी शराब के रखे मिले। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 200 पाव देशी शराब स्पेलेण्डर मोटर सायकिल सहित जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# कुख्यात सटोरिये के अड्डे पर छापेमारी, 6 आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने दबोचे

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत निवाडगंज गल्ला मंडी में एक बार फिर पुलिस की टीम ने कुख्यात सटोरिया नरेश ठाकुर के अड्डे पर छापामार कार्रवाई की। पुलिस की दबिश से नरेश के यहां सट्टा लिखते वाले 6 लोगों को तो पुलिस ने दबोच लिया। लेकिन हमेशा की तरह मुख्य सटोरिया नरेश मौके से भाग निकला। पुलिस ने सटोरियों के कब्जे से 9 हजार रुपए नगद बरामद किए है।



### मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से फरार

इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी राजेश बंजारे ने बताया कि निवाडगंज गल्ला मंडी में नरेश ठाकुर द्वारा लम्बे समय से सट्टा खिलाने का कारोबार किया जा रहा था। जहां पर गुरूवार को विभिन्न थानों की पुलिस की टीम बनाकर दबिश दी। पुलिस की दबिश से नरेश चकमा देकर भाग निकला, वहीं पुलिस ने नरेश के काम करने वाले हुसैन खान उम्र 63 वर्ष निवासी मास्टर होटल के पीछे मोहरिया अधारताल, प्रदीप कुमार कोरी निवासी लालमाटी घमापुर, हरिशंकर कोरी उम्र 35 वर्ष निवासी अंजनी कालोनी रिछाई रांझी, नरेश सोनकर उम्र 42 वर्ष निवासी घमापुर चौक पानी की टंकी के पास बेलबाग, संजू सोनी उम्र 32 वर्ष निवासी दमोहनाका काली मंदिर के पास गोहलपुर, मोहम्मद उमर फारूख उम्र 47 वर्ष निवासी अजीजगंज पसियाना हनुमानताल को गिरफ्तार कर 9 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा लिखने की बुक बरामद की है, जिसमें लाखों रुपए का हिसाब मिला है।

# सिविल लाइन में सार्वजनिक स्थानों पर लगे भाजपा-कांग्रेस झंडे निकाले गये

### अज्ञात पर सम्पत्ति विरुपण अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** चुनावी प्रचार के लिये प्रत्याशियों के लिये निर्वाचन आयोग ने पहले से ही दिशा निर्देश तय कर दिये हैं। इसके बावजूद सिविल लाइन क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर नेताओं की पार्टियों के झंडे लगे मिले। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस संबंध में सिविल लाईन थाना प्रभारी ने बताया कि एसएसटी द्वारा सूचना दी गई कि सांई बाबा चौक के पास भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सार्वजनिक स्थानों पर झण्डे लगे हैं।

सूचना पर सांईबाबा चौक नगर निगम की उड़नदस्ता टीम एवं एसएसटी टीम की अधिकारी अतुल कुमार रस्तोगी मिले एवं लिखित आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें लेख है कि सार्वजनिक स्थान सांई बाबा चौक के पास भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 28 झण्डे लगे पाये गये। उक्त झण्डे बिजली के खम्बे एवं डिवाईडर पर लगाये गये हैं जो सार्वजनिक सम्पति है। अज्ञात के विरूद्ध धारा 3 सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार एसएसटी द्वारा सूचना दी कि गई कि जीएस कॉलेज के पास भारतीय जनता पार्टी के सार्वजनिक स्थानों पर झंडे लगे होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को जीएस कॉलेज के पास नगर निगम की उड़नदस्ता टीम एवं एसएसटी टीम के अधिकारी अतुल कुमार रस्तोगी मिले एवं आवेदन पेश किया, जिसमें लेख है कि जीएस कॉलेज के पास भारतीय जनता पार्टी के 8 झण्डे लगे बिजली के खम्बे एवं डिवाईडर पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाये गये हैं, जो सार्वजनिक सम्पत्ति है अज्ञात के विरूद्ध धारा 3 सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

# 24 घंटे में पुलिस ने पकड़े शातिर अपराधी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 12 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 95 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 7 युवकों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 6 गैरम्यादी, 14 म्यादी वारंटी को गिरफ्तार किया गया है तथा 18 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 293 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 70 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 6 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 तलवार, 1 बका, 4 चाकू जप्त किये गये एवं 15 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकड़ा है।

# दृष्टि बाधित क्रिकेट खिलाड़ियों ने कहा हर बाधाओं को करके पार, मतदान करेगें अबकी बार



**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को दृष्टि बाधित क्रिकेट खिलाडियों के मध्य 15-15 ओवर का क्रिकेट मैच रानीताल क्रिकेट ग्राउण्ड में खेला गया। मैच का शुभारम्भ राष्ट्र गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी जयति सिंह ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया। सीईओ श्रीमती सिंह ने सभी खिलाडियों से विधानसभा चुनाव में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में अनिवार्य रूप से वोट डालने की अपील की। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिये उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी दी। सीईओ ने सभी नागरिकों से अपने घर एवं आसपास के मतदाताओं को निर्भीक होकर तथा प्रलोभन ने आये बिना विधानसभा निर्वाचन में मतदान अवश्य करने के लिये प्रेरित करने का आव्हान भी किया।

# रेलवे मजिस्ट्रेट एवं रेलवे अधिकारियों की संयुक्त जांच से मचा हड़कंप

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में रेलवे मजिस्ट्रेट, वाणिज्य एवं आरपीएफ अधिकारियों की स्पेशल टीम द्वारा गुरूवार को मदन महल स्टेशन पर यात्री गाड़ियों में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 294 यात्रियों को पड़कर उनसे एक लाख 52 हजार 430 रुपए की राशि बतौर राजस्व वसूला गया। इस संबंध में सीनियर डीसीएम राजेश शर्मा ने बताया कि त्योहार के अवसर पर यात्री गाड़ियों में अनियमित टिकट लेकर तथा अनाधिकृत रूप से स्लीपर कोच में यात्रा करने वालों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा 23 चल टिकट निरीक्षकों की पांच विशेष टीम बनाकर जांच अभियान शुरू किया गया।

इस टिकट जांच अभियान में मंडल के अधिकारी रेलवे मजिस्ट्रेट समीर कुमार मिश्र, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा, डीसीएम नितेश कुमार सोने, एसीएम गुन्नार सिंह उपस्थित थे। मदन महल स्टेशन पर चल टिकट निरीक्षकों की टीम ने बड़ी संख्या



में अप डाउन करने वाले अनियमित यात्रियों को पकड़ा, इसी तरह से चल टिकट निरीक्षकों की टीम ने साधारण श्रेणी की टिकिट पर उच्च श्रेणी में बैठकर सफर का मजा लेते हुए लगभग तीन दर्जन यात्रियों को पकड़ा।

एक ही दिन में एक साथ दोनों ही दिशाओं में आने जाने वाली ट्रेनों में इस सघन टिकट जांच में बड़ी संख्या में यात्री अनियमित टिकट पर यात्रा करते पाए गए। पकड़े गए इन यात्रियों से रेलवे के उड़न दस्ते ने उक्त राजस्व वसूला गया। इस जांच कार्यवाही में चल टिकट निरीक्षक ए.के. रावत, संजीव मुदलियार, अवधेश तिवारी, के. के. पचौरी, आर.के. वर्मा, प्रमोद साहू आदि की सरहनीय भूमिका रही। इस जांच के दौरान अमरकंटक एक्सप्रेस, श्रीधाम एक्सप्रेस, नैनपुर जबलपुर एक्सप्रेस, ताप्ती गंगा एक्सप्रेस, हावड़ा मेल एक्सप्रेस, पटना पुणे एक्सप्रेस, विंध्याचल एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस आदि गाड़ियों को चेक किया गया। जांच के दौरान मदन महल में पैंट्री कर में खाद्य सामग्री तथा अवैध वेंडरो के साथ ही अनाधिकृत रूप से प्लेटफार्म पर आने वाले ऑटो चालक, बिना प्लेटफॉर्म टिकट लिए प्लेटफार्म पर घूमने वाले लोगों के साथ ही प्लेटफॉर्म में गंदगी करने वाले लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की भी जांच की गई। रेलवे द्वारा प्रारंभ किया गया यह जांच अभियान और आगामी दिनों में भी निरंतर चलेगा।

## ट्रक के अंदर खुफिया चेम्बरों में भरा था 50 लाख रुपए का गांजा

### एनकेजे पुलिसि को मिली बड़ी सफलता, ड्रायवर-कंडक्टर गिरफ्तार, वाहन समेत 1 करोड़ से ज्यादा की जब्ती



**कटनी, देशबन्धु।** ट्रक के अंदर खुफिया चेम्बर तैयार कर उसके अंदर गांजा भरकर बेचने जा रहे ट्रक के ड्रायवर और कंडक्टर को एनकेजे पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपियों के पास से पुलिस को 50 लाख से अधिक का गांजा मिला है। वाहन, मोबाइल और नगदी मिलाकर आरोपियों से एक करोड़ से ज्यादा का माल जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभीजीत रंजन ने बताया कि कटनी पुलिस ने 1 जनवरी से अभी तक 62 प्रकरणों में कुल 462 किलो ग्राम गांजा बरामद करते हुए 83 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस कों मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की ट्रक कन्टेनर कंटेनर क्रमांक एमएच 40 बीएल 2658 सरपंच ढाबा के पास जुहली रोड में सुनसान जगह पर संदिग्ध हालत में खड़ा है। सूचना की तस्दीक पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर कंटेनर वाहन में बैठे ड्रायवर तथा कंडक्टर दोनों कंटेनर से उतरकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। दोनों ने अपना नाम राजेश जायसवाल कंडक्टर पिता रामभान जायसवाल उम्र 35 साल निवासी ग्राम महसाव थाना गुढ़ जिला रीवा एवं ड्रायवर दीपू उर्फ संदीप यादव पिता स्व. रामसुख यादव उम्र 27 साल निवासी ग्राम बड़ोरा थाना रामपुर बघेलान जिला सतना का रहने वाले बताया। पुलिस ने जांच की तो ट्रक कंटेनर में बने गुप्त चेम्बर के अंदर 13 बोरियां रखी हुई मिली। बोरियों गांजा भरा हुआ था। 13 बोरियों का वजन 325 किलोग्राम पाया गया। इसकी कीमत 58 लाख 50 हजार रुपए, 1 ट्रक कंटेनर की कीमत 45 लाख रुपए एवं नगद 6 हजार 1 सौ रुपए नकद, 1 एंड्रायड व 1 की-पैड मोबाइल, 12 हजार रूपये जब्त किया गया। आरोपियों से जप्त माल की कुल कीमत 1 करोड़ 3 लाख 68 हजार बताई जाती है।

**1 जनवरी से अब तक 62 प्रकरणों में 83 आरोपी गिरफ्तार**-कटनी पुलिस द्वारा 1 जनवरी 2023 से आज दिनांक तक अवैध मादक पदार्थ गांजा में लगातार कार्यवाही कर 62 प्रकरण में 83 आरोपियों से 64 लाख 15 हजार 500 कीमत का 462 किलोग्राम गांजा जप्त किया जा चुका है। आरोपियों के पास से 71 लाख 50 हजार कीमत के 1 ट्रक, 2 स्विफ्ट कार 1 एक्सयूव्ही कार, 5 दो-पहिया वाहन भी बरामद किए गए हैं।

## श्री शांतिनाथ महिला परिषद ने किया सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम

**पनागर, देशबन्धु।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज जी के अवतरण दिवस पर नगर में धूमधाम से मनाया गया और रात को ब्रह्म गुलाल नाटक और महाआरती में अलग-अलग बच्चों द्वारा बालिकाओं द्वारा और महिलाओं द्वारा बहुत अच्छे-अच्छे प्रस्तुति दी गई विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा धार्मिक कार्यक्रम भी संपन्न हुए जैन समाज पनागर के युवा वर्ग एवं महिलाओं ने आचार्य श्री के पास डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में एवं पूज्य सुधा सागर महाराज जी के पास धार्मिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी।

सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए श्री जैन प्रबंध करनी सभा के अध्यक्ष राजेश जैन कटंगा मंत्री अभिनंदन चौधरी के अलावा आनंद लश्करी पवन लश्करी संतोष चौधरी संजय जैन मानव संतोष जैन मासाब पदम मोदी चंचल जैन अरविंद चौधरी के अलावा मंच में समाज की वरिष्ठ जन भी उपस्थित थे इस तरह से पनागर का मेला महोत्सव बहुत अच्छे धूमधाम से



मनाया गया इस पावन पर्व के अवसर पर प्रांतीय चेयरपर्सन शालिनी लसगरी, प्रांतीय चेयरपर्सन रश्मि चौधरी के अलावा रजनी मोदी रजनी कटंगा राजकुमारी चौधरी सीमा चौधरी सुशिमा मोदी महिलाएं उपस्थित थी।

### सार-समाचार

## पैदल जा रहे राहगीर को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर

### हनुमान मंदिर नाका नम्बर दो की घटना

पाटन, देशबन्धु। जिले के पाटन थानांतर्गत पैदल जा रहे राहगीर को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारकर घायल करने का मामला सामने आया है।थाना प्रभारी नवल आर्य से मिली जानकारी के अनुसार हनुमान मंदिर के पास नाका नम्बर दो के पास पैदल जा रहे ब्रजेश शर्मा पिता दुर्गा प्रसाद शर्मा उम्र 45 वर्ष को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे पीड़ित को कंधे,हाथ एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटे आई। परिजनों के द्वारा घायल को पाटन सिविल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने घायल को जबलपुर रिफर कर दिया पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे परीक्षा का आयोजन आज

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** स्कूली बच्चों का शैक्षणिक स्तर को मापने के लिए आयोजित की जाने वाली स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे परीक्षा का आयोजन आज किया जाएगा 47 स्कूलों के परीक्षा केंद्र में 65 कक्षाओं में आज 1924 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगें।3 में छात्रों के लिए 60 मिनट, कक्षा छठवीं में छात्रों के 75 मिनट और कक्षा नवमी के लिए 90 मिनट मिलेंगे। छात्रों की भाषा और गणित के आधार पर उनके स्तर का आकलन किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर मापा जा सकेगा।

कक्षा 3 ,6 व 9 की हिंदी माध्यम के 45, अंग्रेजी माध्यम के 20 केन्द्रों परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।कक्षा तीन के बच्चों से 40, कक्षा छह के लिए 50 और कक्षा नौ के विद्यार्थियों से 60 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसमें कक्षा तीन की 580, कक्षा 6 के 564 एवं कक्षा 9 के 780 कुल 1924 छात्र-छात्राओं की 72 फील्ड इन्वेस्टिगेटर केन्द्रों में परीक्षा लेंगे। जनपद शिक्षा केंद्र सिहोरा से विद्यालय प्रश्नावली, विद्यार्थी प्रश्नावली और अध्यापक प्रश्नावली के लिफाफे, ओ एम आर शीट का वितरण कर दिया गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय, बी एल सी बृजेश श्रीवास्तव, अश्वनी उपाध्याय ने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## सड़क-पानी जैसी सुविधाएं भी न मिलने से लोग खफा, जगह-जगह टांगे मतदान के बहिष्कार के बैनर




**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के गांवों में मतदान के बहिष्कार का पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें लिखा है कि वार्ड का विकास नहीं, सफाई, नाली, पेयजल व रोड नहीं होने से जनता परेशान है। इसलिए मतदान का बहिष्कार करते हैं। विधानसभा चुनाव आते ही अपनी समस्याओं का समाधान न होने से खफा दमोह विधानसभा के वार्ड वासी मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। शहर के नया बाजार नंबर 4 ढिमरोला मोहल्ला और मरूताल गांव में मतदान बहिष्कार के बोर्ड टांगे गए हैं। ग्राम पंचायत आमचौपरा में भी पोस्टर टंगे हैं। नया बाजार 4 क्षेत्र के लोग लंबे समय से पेयजल, सड़क, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। यहां पर नगर पालिका की पाइप लाइन तो बिछी है, लेकिन घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे लोगों को पेयजल के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। वार्ड की सड़कें जर्जर हालत में हैं। नालियां टूट गई हैं। साथ ही समय पर साफ-सफाई नहीं हो रही है। यही वजह है कि इस क्षेत्र के लोगों ने इस बार विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है। जिसके चलते यहां रहने वाले लोगों ने मतदान बहिष्कार के बोर्ड लगा दिए हैं और अपने घरों के बाहर काले झंडे लगा लिए हैं। मुख्य सड़क पर मतदान के बहिष्कार का पोस्टर लगाया है जिसमें लिखा है कि वार्ड का विकास नहीं, सफाई, नाली, पेयजल व रोड नहीं होने से जनता परेशान है। इसलिए मतदान का बहिष्कार करते हैं।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गाडरवारा, देशबधु।** विगत दिवस स्थानीय जवाहर वार्ड में सोना चांदी गलाई का कार्य करने वाले राहुल शिंदे पिता दशरथ आयु 29 साल निवासी सांगली महाराष्ट्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि राहुल सुबह अपनी दुकान पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए।

## बागियों को मनाने में कांग्रेस सफल

### कांग्रेसी एकजुटता से विपक्षी खेमा की बढ़ी मुश्किलें

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन विधानसभा में टिकट वितरण के दौरान उठे बवाल को शांत कराने में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ी कामयाबी मिली, जब पाटन विस से कांग्रेस के प्रत्याशी नीलेश अवस्थी ने कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की, जिसमें राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में विस की टिकट मांग रहे ठा. विक्रम सिंह, राजेश तिवारी, दुर्गेश पटेल, बब्बू यादव, प्रदीप पटेल सहित बड़ी संख्या में इनके समर्थक एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री तन्खा के समक्ष सभी नेता कार्यकर्ताओं के गिले शिकवे दूर किए गए और सभी ने एक स्वर में प्रतिज्ञा ली की इस बार प्रदेश में कमलनाथ की सरकार बनने पाटन विस से कांग्रेस का विधायक बनाना बेहद जरूरी है। आज से ही हम सभी कांग्रेस पार्टी के सिपाहियों को चुनावीरण में उतर कर कांग्रेस के प्रचार प्रसार में जुटना है और कांग्रेस पार्टी के वचन पत्र को घर घर पहुंचाने का काम करना हैं।



**प्रत्याशी की क्षमा याचना से माने बागी**-टिकट वितरण एवं अपनी उपेक्षा से नाराज कांग्रेसी आखिरकार नीलेश अवस्थी के द्वारा सार्जनिक मंच से माफ़ी मांगने पर सभी नेता एवं कार्यकर्ता ने गिले शिकवे भुलाकर नीलेश अवस्थी को जिताने की प्रतिज्ञा राज्यसभा सांसद श्री तन्खा से समक्ष ली।

**कांग्रेसी एकजुटता से बदलेंगे विस के समीकरण**- विपक्षी खेमे को कांग्रेस के बागी नेताओं के रुख से जो फायदा मिलने की आस थी, वह आज टूट गई, क्योंकि कई नेता रूठ कर अपने घर में बैठ गए थे, इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के जनाधार वाले असंतुष्ट नेता शामिल थे जो टिकट न मिलने के चलते बागी हो गए थे। इन बागियों के कारण चुनाव में बड़े नुकसान की आशंका पार्टी को सता रही थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इन बागियों से सीधे संपर्क कर रहे थे और उन्हें मनाने में जुटे हुए थे। कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने पाटन विधान सभा के रूठे नेताओं से बातचीत कर रहे थे, जो नाराज होकर अपने घरों में बैठ गए थे।

## उपभोक्ता फोरम से मिला उपभोक्ता को न्याय

**पाटन, देशबन्धु।** विगत 2 वर्ष पहले बजाज फाइनेंस कंपनी के द्वारा उपभोक्ता नितेश साहू की गाड़ी अनुचित तरीके से जप्त कर ली गई थी। उपभोक्ता द्वारा किश्तों की सभी रसीदे दिखाए जाने के बावजूद भी बजाज फाइनेंस कंपनी के द्वारा उपभोक्ता की जमा रसीद मानने से इनकार कर दिया गया था और किस्त चुकाने दवाब बनाया गया। कंपनी के इस रवैया से व्यथित होकर उपभोक्ता के द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम की शरण में आवेदन किया। अधिवक्ता रमन पटेल के द्वारा आवेदन पेशकर अपनी दलीलें फोरम के समक्ष रखी गई। बजाज फाइनेंस कंपनी को राजीनामा करने के लिए विवश होकर राजीनामा की शर्तें के तहत ग्राहक को 8000 रुपए की नगदी सहित एनओसी के साथ गाड़ी उपभोक्ता नितेश साहू ग्राम नुनसर तहसील पाटन जिला जबलपुर वालों को बजाज फाइनेंस के द्वारा प्रदान की गई। अधिवक्ता रमन पटेल ने बताया कि उपभोक्ता के पास समस्त बिल एवं दस्तावेज होने के बावजूद बजाज फाइनेंस कंपनी के द्वारा अनैतिक तरीके से गाड़ी को छीना गया था।



## ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायक प्रबंधक नरेंद्र सोनवाने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार




**लालबर्रा, देशबन्धु ।** नगर मुख्यालय में गुरुवार की दोपहर ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय में लोकायुक्त जबलपुर की टीम द्वारा मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहायक प्रबंधक नरेंद्र सोनवाने को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया विदित हो शीतला माता स्व सहायता समूह पनबिहरी द्वारा सन 2022 में पंचायत चुनाव के दौरान भोजन पकाने का कार्य किया गया था जिसका भुगतान 57700 समूह के खाते में डाल दिए गए थे उक्त रुपए खाते में डालने के यवज में सहायक प्रबंधक नरेंद्र सोनवाने 4000 की मांग कर रहा था जिसकी लिखित शिकायत 12 अक्टूबर को समूह अध्यक्ष राजेश्वरी बाई द्वारा जबलपुर लोकायुक्त एसपी को की गई थी जिनकी शिकायत पर 3500 के रिश्वत लेते हुए सहायक प्रबंधक को रंगे हाथ पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया है जिनके खिलाफ विधिवत कार्यवाही की जा रही है कार्रवाई करने वालों में मुख्य रूप से निरीक्षक रेखा प्रजापति स्वप्निल दास उप निरीक्षक शिशिर पांडे आरक्षक विनय बिष्ट अनिल मंडल पंकज तिवारी जीत सिंह की भूमिका सराहनी रही ।

## घर में रखी 360 किलो विस्फोटक सामग्री की जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतमा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 महावीर मार्ग में स्थित दुकान एवं घर से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री 360 किलो अनुमानित कीमत 3 लाख 50 हजार रूपये जब्त करते हुये आरोपी राहुल अग्रवाल पिता स्व. लक्ष्मी नारायण अग्रवाल उम्र 35 वर्ष के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम 1984 की धारा 9(ख) के तहत कार्यवाही की गई।

इसके पूर्व भी रामनगर पुलिस व एफएसटी टीम ने रामनगर चेक पोस्ट में यात्री बस क्रमांक एमपी 18 पी 0425 की जांच के दौरान 10 किलो विस्फोटक पदार्थ जब्त किया गया, जिस पर आरोपी अबुफैज अंसारी पिता अब्दुल रज्जाक उम्र 35 वर्ष निवासी मस्जिद पारा वार्ड क्रमांक 17 मनेन्द्रगढ़ छत्तीसगढ़ के विरूद्ध कार्यवाही की गई। मामले की जानकारी देते हुये थाना प्रभारी कोतमा सुन्द्रेश मरावी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर नगर के वार्ड




क्रमांक 1 महावीर मार्ग व्यापारी राहुल अग्रवाल के दुकान एवं घर में दबिश दी गई। जहां मकान की तलाशी के दौरान दो टीन के डिब्बे जिसमें एक में आधा किलो तथा दूसरे से 1.5 किलो विस्फोटक सिल्वर पाउडर, 33 नग हरे रंग की सेफ्टी फ्यूज वजन 30 किलो तथा गोदाम से 9 बोरियों में काला पाउडर कुल 360 किलो कीमत 3 लाख 50 जार को जब्त करते हुये उसे सुरक्षार्थ जमुना कॉलरी के मैग्जीन स्टोर में रखवाया जाकर आरोपी राहुल अग्रवाल से पूछताछ की गई, जहां आरोपी ने बताया कि उक्त विस्फोटक पदार्थ को अपने मकान वा गोदाम में बड़ी मात्रा में रखकर उनकी बिक्री करता था।

## मारपीट कर हाथ तोड़ने वाले आरोपी को कठोर कारावास

**सतना, देशबन्धु।** अमरपाटन न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने मारपीट कर हाथ तोडने वाले आरोपी को एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने शासन विरुद्ध प्रदीप कुमार पांडेय में आरोपी प्रदीप कुमार पांडेय पिता प्रेमलाल पांडेय (43) निवासी ग्राम परसिया थाना ताला जिला सतना को आईपीसी की धारा 325 में एक वर्ष के कठोर कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

मध्य प्रदेश राज्य की ओर से अभियोजन अधिकारी सतीश कुमार वर्मा ने समग्र आधारों पर



अभियोजन का संचालन करते हुए फरियादी को न्याय दिलाया। फरियादी नीरज पांडेय ने थाना ताला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह ग्राम परसिया का रहने वाला है। 11 अक्टूबर 2018 को सुबह साढ़े 7 बजे वह अपने ग्राम परसिया में अपने घर के पास गाय का दूध निकाल कर रोड तरफ हाथ धोने जा रहा था, तभी उसका पड़ोसी प्रदीप पांडेय उसके घर के पीछे हाथ में डंडा लिए हुए छिपा बैठा था। जैसे ही वह रोड के किनारे पहुंचा वैसे ही आरोपी प्रदीप डंडे से मारपीट करने लगा। जिससे उसका हाथ टूट गया था। उक्त अपराध पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने अपराध की प्रकृति और अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी को धारा 325 में एक वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया।

## मगरमच्छ का बच्चा गांव में घुसा

### ग्रामीणों की मदद से पानी से भरे टैंक में सुरक्षित रख दिया

**मऊगंज/रीवा देशबन्धु।** वनमण्डल के वन परिक्षेत्र मऊगंज अंतर्गत ग्राम बहेराडावर में बीती रात लगभग 9 बजे, मगरमच्छ का बच्चा गांव की बस्ती में घुस गया था। मगरमच्छ की लंबाई 4-5 फीट एवं उम्र 1-2 वर्ष थी। सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी नयन तिवारी के निर्देशानुसार परिक्षेत्र मऊगंज का वन अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को पानी से भरे टैंक में सुरक्षित रख दिया। ग्रामीणों



एवं मगरमच्छ की सुरक्षा के लिए स्टाफ रात भर मौके पर मौजूद रहा। गुरुवार सुबह लगभग 6 बजे, सोन घड़ियाल अभ्यारण्य की टीम को भी बुलाया गया, और उनके सहयोग से मगरमच्छ के बच्चे को सफलतापूर्वक सोन घड़ियाल अभ्यारण्य सीधी में सुरक्षित छोड़ा गया। उक्त रेस्क्यू टीम भैयालाल तिवारी वनपाल, संदीप कुमार पटेल वनरक्षक,दिनेश कुमार पटेल वनरक्षक सोन घड़ियाल अभ्यारण्य टीम सदस्य में तरुण प्रताप सिंह वनपाल, जोखीलाल वनरक्षक,जगमोहन पाल स्थाईकर्मी शामिल रहे।

## चीन का 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान शुरू

**शंघाई, ( एजेंसियां )।** चीन का 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान दल पांच महीने से अधिक समय तक चलने वाले मिशन की शुरुआत करते हुए बुधवार सुबह रवाना हुआ। यह पहली बार है कि चीन का अंटार्कटिक वैज्ञानिक अनुसंधान मिशन तीन जहाजों द्वारा किया जाएगा। अनुसंधान आइसब्रेकर ज़ुएलॉन्ग और ज़ुएलॉन्ग दो या स्नो ड्रैगन और स्नो ड्रैगन दो, शंघाई से रवाना हुए, जबकि मालवाहक जहाज तियान हुई पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के झांगजीगांग से रवाना हुए।

# इजरायल की मुश्किलें बढ़ने के आसार! किम जोंग उन हमास को बेच सकते हैं हथियार

**प्योंगयांग।** इजरायल और हमास की जंग में अब किम जोंग उन शासित उत्तर कोरिया की भी एंट्री हो सकती है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि उत्तर कोरिया मध्य पूर्व में हथियार भी बेच सकता है। कहा जा रहा है कि किम जोंग ने अपने अधिकारियों को जंग में फिलिस्तीन का साथ देने के लिए कहा है।



एक मीडिया रिपोर्ट में दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के हवाले से बताया गया है कि उत्तर कोरिया मिडिल ईस्ट में आतंकवादी समूहों को हथियार बेचने पर भी विचार कर सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दक्षिण कोरिया के सांसदों का कहना है कि उत्तर कोरिया पहले भी हमास को एंटी टैंक रॉकेट लॉन्चर बेच चुका है। उन्होंने ये भई कहा कि उत्तर कोरिया और भी ज्यादा हथियार निर्यात करने की कोशिश कर सकता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी के निदेशक किम क्यो-ह्युन ने सांसदों को बताया है कि ऐसा माना जा रहा है कि किम जोंग फिलिस्तीन को लिए समर्थन जुटा रहा है।

खास बात है कि खबरें ऐसे समय पर आईं हैं, जब हमास की तरफ से साझा किए गए फोटो-वीडियोज में लड़ाके संदिग्ध तौर पर उत्तर कोरिया के हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, बीते सप्ताह उत्तर कोरिया ने इन दावों को खारिज कर दिया था कि हमास उसके हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है। साथ ही अमेरिका पर अफवाहें फैलाने के आरोप लगाए थे। बीते महीने उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने इजरायल पर गाजा पट्टी में अस्पताल को निशाना बनाने के आरोप लगाए थे।

### ये हथियार कर सकता है इस्तेमाल

रिपोर्ट्स में दक्षिण कोरिया के अधिकारियों और दो रक्षा विशेषज्ञों के हवाले से हथियारों के बारे में बताया गया है। उन्होंने संभावनाएं जताई हैं कि हमास उत्तर कोरिया का एफ -7 रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड का इस्तेमाल कर सकता है। कहा जा रहा है कि यह कंधे पर रखकर चलाने वाला हथियार है, जिसके जरिए आमतौर पर वाहनों को निशाना बनाया जाता है।

## यहां कौन आया था सबसे पहले?

ऐसा माना जाता है कि भारत से सूफी संत बाबा फरीद वर्ष 1200 में पवित्र शहर जेरूशलम गए थे और 40 दिनों तक एक गुफा में ध्यान किया था। तब से, भारत से मक्का आने या जाने वाले मुस्लिम तीर्थयात्री यहीं रुकते हैं और प्रार्थना करते हैं। लगभग 100 साल से अंसारी परिवार इस जगह की देखभाल कर रहा है। अंसारी ने खलीज टाइम्स को बताया, मेरे दादाजी 1924 में भारत से आए थे। उन्हें यहां भारतीय धर्मशाला के निदेशक और ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि, यह स्थान इजरायल में स्थित है लेकिन यह भारत की सेंट्रल वक्फ काउंसिल के अधीन है। अंसारी परिवार इसका ट्रस्टी है और केवल भारतीय नागरिकता या विरासत वाले लोगों के लिए ही यह खुला है। इसमें कई अतिथि कक्ष, एक पुस्तकालय और एक निजी मस्जिद है, जो एक आंगन के चारों ओर बनी है जिसमें फलों से लदे नींबू और संतरे के बड़े पेड़ हैं। वह कमरा जहां बाबा फरीद ने ध्यान किया था, वह भी एक अलग कमरे में संरक्षित है।

## विदेशी बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार हमास

**गाजा।** हमास की मिलिट्री विंग अल-कसम ब्रिगेड ने कहा है कि वह गाजा में रखे गए कुछ विदेशी बंधकों को कुछ दिनों के भीतर रिहा करने के लिए तैयार है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एक रिकॉर्डेड संदेश में सशस्त्र विंग के प्रवक्ता अबू ओबैदा के हवाले से कहा, हमने मध्यस्थों को आधिकारिक तौर पर सूचित किया है कि हम आने वाले दिनों में उनमें से कई को रिहा कर देंगे। हमें अब उन्हें हिरासत में रखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ देशों ने हस्तक्षेप किया है कि उनके देश के लोगों को मुक्त किया जाय।

## आज का इतिहास

1394 – फ्रांस के सम्राट चार्ल्स षष्ठम ने यहूदियों को फ्रांस से बाहर खदेड़ दिया।
1493 – क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज की।
1618 – छठे मुगल बादशाह औरंगजेब का जन्म।
1655 – इंग्लैंड और फ्रांस ने सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये।
1762 – ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि हुई।
1796 – जॉन एडम्स अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये।
1857 – नानाराव की मथुरा स्थित संपत्ति को ध्वस्त करने का आदेश।
1869 – कनाडा में हैमिल्टन फुटबॉल क्लब अस्तित्व में आया।
1903 – पनामा को कोलंबिया से आजादी मिली।
1911 – लुई शेवरले और विलियम सी डुरंट ने डेट्रॉयट में शेवरले मोटर कार कंपनी की शुरुआत की।
1933 – अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार से नावजे गए अमर्त्य सेन का जन्मदिन।
1938 – 'असम हिन्दी प्रचार समिति' नामक एक संस्था कायम की गई।
1948 – भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया।
1957 – सोवियत संघ ने लाइका नाम की कुतिया को अंतरिक्ष में भेजा। अंतरिक्ष यान में सवार होकर आसमान के पार पहुंची वह पहली जीवित प्राणी थी।

## सुडोकू 6365

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 7 | 6 | | |
| | | 6 | 5 | | | | | |
| | 8 | | 1 | | | 9 | 2 | |
| 3 | | 7 | 2 | 1 | | | | |
| 4 | | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | 4 | 5 | 8 | | 3 |
| | 3 | 5 | | | 1 | | 8 | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | | 2 | 6 | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों के बीच फंसा यहूदी छात्र, उत्पीड़न का हुआ शिकार

**नई दिल्ली।** इजरायल और हमास आतंकवादियों के बीच चल रहे युद्ध के बीच हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक छात्र को फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कॉलेज परिसर में प्रदर्शनकारियों ने यहूदी छात्र को घेर लिया और शर्म करो के नारे लगाए। इस दौरान छात्र बेहद घबराया हुआ नजर आ रहा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना 18 अक्टूबर की बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो पर ऐसा दावा किया जा रहा है कि प्रदर्शनकारियों के उत्पीड़न का शिकार छात्र यहूदी था। वीडियो में प्रदर्शनकारियों को चिल्लाते हुए शर्म करो के नारे लगाते हुए छात्र के इर्द-गिर्द घूमते हुए देखा जा सकता है। प्रदर्शनकारियों में कुछ उस छात्र को एक बड़े से स्कार्फ से रोकने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वह भाग न पाए। न्यूयॉर्क पोस्ट ने विवि के अधिकारियों और मीडिया रिपोर्टों के हवाले से बताया कि घटना के समय हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में 'गाजा में नरसंहार रोको' के नारेबाजी के साथ प्रदर्शन चल रहा था। इसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। कॉलेज के छात्र समाचार पत्र हार्वर्ड क्रिमसन के अनुसार, प्रदर्शन में टकराव की स्थिति तब पैदा हो गई जब कुछ छात्रों ने प्रदर्शनकारियों के चेहरों को कैमरे में रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया।

अखबार लिखता है, इस हरकत से आयोजक ऐक्टिव हुए और रिकॉर्डिंग करने वालों को बाहर निकाल दिया। इसमें एक छात्र को प्रदर्शनकारियों ने रोक लिया और वे उस पर शर्म करो के नारे लगाते हुए चिल्लाने लगे। इस घटना के बाद हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के डीन श्रीकांत दातार ने जानकारी दी। उन्होंने इस प्रकरण को परेशान करने वाला कृत्य करार दिया और कहा कि इसने इस घटना ने हमारे कई छात्रों को दुखी किया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक अन्य छात्र, जिसने प्रदर्शन के बीच इजरायली झंडा पकड़ हुआ था, ने कहा कि परिसर में इजरायली छात्रों को हेट स्पीच का शिकार होना पड़ा है।

## इजरायल में भी बसता है एक लिटिल इंडिया, जानें- किसने कब और क्यों बसाया था विदेश में भारत?

हमास के साथ जारी युद्ध में अब तक मारे गए 15 इजरायली सैनिकों में से एक भारतीय मूल का सैनिक भी शामिल है। उसकी पहचान 20 वर्षीय स्टाफ-सार्जेंट हेलेल सोलोमन के रूप में हुई है। टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार के मुताबिक, आईडीएफ ने कहा है कि दक्षिणी इजरायली शहर डिमोना के रहने वाले हेलेल सोलोमन की मौत हो गई है। बुधवार (1 नवंबर) को हमास द्वारा दागी गई एक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल की चपेट में नामर बख्तरबंद गाड़ी आ गई, जिसमें सोलोमन सवार था। इससे उसकी मौत हो गई।

डिमोना में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने पीटीआई समाचार एजेंसी से बात करते हुए सोलोमन को सुखद व्यवहार वाला और बहुत उज्ज्वल भविष्य वाला युवा व्यक्ति बताया। भारतीय मूल के लोगों ने उनके निधन और इजरायल के अस्तित्व के लिए उचित युद्ध लड़ रहे अन्य युवा इजरायलियों की मौत पर दुख जताया है। प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इस संघर्ष को दर्दनाक नुकसान के साथ कठिन युद्ध करार देते हुए जीत तक लड़ाई जारी रखने की कसम खाई है।

## तुर्की, बोलिविया, जॉर्डन... इजरायल से रिश्ते तोड़ने वालों की बढ़ती जा रही लिस्ट, यहूदी देश पर दबाव

2021 के आंकड़ों के मुताबिक डिमोना में कुल 3,892 लोग रहते हैं। इनमें भारतीय यहूदी समुदाय के करीब 8000 लोग शामिल हैं। 1948 में जब इजरायल एक देश बना, तब करीब 80,000 भारतीय यहूदी वहां जाकर बस गए। ये पलायन 1950 से 1960 के दशक में हुआ। अब भारत में सिर्फ 5,000 यहूदी बचे रह गए हैं।

# इजरायल और हमास में जंग के बीच क्यों घबराए जो बाइडेन? अब युद्ध पर बदल रहे सुर

**तेलअवीव।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे कत्लेआम को आज 26 दिन से ज्यादा का वक्त हो गया है। इस महायुद्ध में दोनों खेमों से 10 हजार लोगों की बलि चढ़ गई। अकेले गाजा पट्टी से मरने वालों की संख्या 8000 पार हो गई है, जिसमें 3200 से अधिक बच्चे हैं। इस भयावह कत्लेआम में अमेरिका जो अभी तक हमास के खिलाफ युद्ध में इजरायल की तरफ-दारी कर रहा था, उसने अपने सुर बदल दिए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने हालिया बयान में कुछ समय के लिए युद्ध विराम का आह्वान किया है। दरअसल, बुधवार शाम को एक भाषण के दौरान जब उन्हें फिलिस्तीनी समर्थकों का गुस्सा झेलना पड़ा तो उन्होंने यह बयान दिया। इजरायल के साथ खड़े बाइडेन को शुरुआत से अरब देशों और मुस्लिम देशों की आलोचना भी झेलनी पड़ी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उन्हें लगता है कि इजरायल और हमास युद्ध में गाजा में फंसे लोगों की मदद के लिए कुछ देर संघर्ष विराम होना चाहिए। बुधवार शाम एक भाषण के दौरान फिलिस्तीनियों के समर्थन में लोगों ने बाइडेन का विरोध किया था। बाइडेन ने कहा, मुझे लगता है कि हमें थोड़ा विराम की जरूरत है। बाइडेन का यह बयान तब आया है जब इजरायल और हमास के बीच युद्ध पर व्हाइट हाउस कहता रहा है कि वह नेतन्याहू को यह निर्देश नहीं देंगे कि गाजा पट्टी में इजरायली सैन्य अभियान कैसे चलाया जाए।

### किस बात से घबराए बाइडेन

राष्ट्रपति बाइडेन का सीजफायर वाला बयान ऐसे ही नहीं दिया गया। कई मानवाधिकार समूहों, साथी नेताओं और यहां तक कि उनकी अपनी डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ सदस्य उनसे नाराज हैं। बाइडेन की आलोचना की जा रही है कि वो गाजा पर इजरायली बमबारी को रोकने के लिए संघर्ष विराम की बात नहीं कर रहे हैं। बाइडेन ने यह कहकर इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव डालने की कोशिश की है कि फिलिस्तीनियों को सैन्य अभियान से कम से कम थोड़ी राहत दी जानी चाहिए। इस कत्लेआम में हजारों लोग मारे जा चुके हैं और गाजा भीषण मानवीय संकट का सामना कर रहा है। उधर, व्हाइट हाउस ने संघर्ष विराम का आह्वान करने से इनकार कर दिया है। फिर भी, यह संकेत जरूर दिया कि इजरायलियों को गाजा पट्टी के नागरिकों को सहायता करने और फंसे विदेशी नागरिकों को गाजा छोड़ने की अनुमति देने के लिए संघर्ष विराम पर विचार करना चाहिए। वहीं, इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि जमीनी सेना आतंकवादियों के साथ भारी लड़ाई में गाजा शहर के नजदीक आ रही है। गौरतलब है कि तीन सप्ताह से अधिक समय तक इजरायली सैनिकों की घेराबंदी के बाद गाजा पट्टी से सैकड़ों विदेशी नागरिकों और दर्जनों गंभीर रूप से घायल फिलिस्तीनियों को गाजा छोड़ने की अनुमति दी गई। गाजा छोड़कर निकलने वालों में हमास द्वारा रिहा किए गए चार बंधक भी शामिल हैं। कईयों ने मिस्र का रुख किया है।

### आर्थिक लाभ भी और दादागीरी भी

# इजरायल-हमास युद्ध में समझें शी जिनपिंग की नई चालबाजी

करीब महीने भर से चल रहा हमास-इजरायल युद्ध मिडिल-ईस्ट में एक बड़ी तबाही का संकेत दे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस बात पर बहस कर रहा है कि अगर यह युद्ध लंबा खिंचा तो क्षेत्रीय तबाही बढ़ सकती है क्योंकि एक तरफ इजरायल के लिए यह युद्ध 1948 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद उसके अस्तित्व का सबसे खतरनाक युद्ध है, तो दुनिया के लिए इसका जोखिम इजरायल और मिस्र के बीच हुए 1973 के योम किप्पुर युद्ध से कम नहीं है, जब रूस और अमेरिका के हस्तक्षेप ने इसे परमाणु युद्ध की कगार पर पहुंचा दिया था।

7 अक्टूबर को गाजा की सीमा से लगे इजरायली समुदायों पर हमास आतंकवादियों के हमले के साथ शुरू हुए मौजूदा युद्ध में एक तरफ इराक और सीरिया में ईरान समर्थित आतंकी अमेरिकी और इजरायली संपत्तियों पर हमला कर रहे हैं,तो दूसरी तरफ अमेरिका उन आतंकियों पर पलटवार करते हुए इस क्षेत्र में एक दशक से भी अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इधर, अमेरिका ने गाजा पट्टी पर आग बरसा रहे इजरायल को सुरक्षा कवच देने के लिए दुनिया के सबसे बड़े विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड और एक कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को पूर्वी भूमध्य सागर में तैनात कर रखा है।


**चीन का रुख आर्थिक हितों पर केंद्रित**

यह विवाद और संघर्ष कैसे न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर नया आकार ले रहा है, इसे समझने के लिए पूर्व की ओर यानी चीन की तरफ देखना होगा क्योंकि इस क्षेत्र के साथ चीन का जुड़ाव मुख्य रूप से आर्थिक रहा है। मध्य पूर्व में अमेरिका की कम होती दखल की धारणा के कारण बीजिंग ने वहां के लिए अपनी विदेश नीति को बड़े पैमाने पर पुनर्गठित किया है। इसे दो उदाहरणों से समझा जा सकता है चीनी विदेश नीति के तहत यूक्रेन-रूस युद्ध से हमास-इजरायल की तुलना करें तो हम पाते हैं कि बड़ी सावधानी से चलते हुए, बीजिंग ने रूस-यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के एक साल बाद अभी तक सिर्फ एक 12-सूत्रीय शांति योजना सामने रखी है। इसके अलावा चीन अभी भी रूस-यूक्रेन युद्ध को केवल एक संकट के रूप में देखता है। चीन रूस का रणनीतिक साझेदार रहा है और उस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों का विरोध करता रहा है।

**एक तरफ गाजा पर हमले का विरोध, तो दूसरी तरफ इजरायल का समर्थन**

मध्य पूर्व के मौजूदा इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में भी चीन फूंक-फूंककर कदम उठा रहा है। उसने फिलिस्तीन का समर्थन किया है और इजरायल में हमले का शिकार होने के बावजूद अभी तक हमास को आतंकवादी संगठन कहने से बचता रहा है लेकिन दूसरे हाथ चीन ने इजरायल के जवाबी हमले का यह कहकर समर्थन किया है कि किसी भी देश को आत्मरक्षा करने का अधिकार है। यही चीन की बदली हुई विदेश नीति की सफलता है। इसी साल मार्च में चीन ने सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनयिक संबंधों की बहाली करवाई थी। दोनों देशों के बीच सात साल से राजनयिक कटुता जारी थी।

## वर्ग पहेली 6365




**बायें से दायें:-**

१. जिस काम की अच्छी तरह योजना बनाकर किया गया हो
४. आवेश में आना क्रोधित होना
६. शपथ, सौगंध (उर्दू)
७. गिनती, गिनना
८. श्रीरामचंद्र
१०.योग्यता, लायक
११. परोपकार
१३. मुक्ति, कल्याण
१४. हेतु, लिए
१५. समर्थक, हिमायती, चिड़िया
१७. दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध पर्वत
१९. नियम, तरीका (उर्दू)
२०. कमल
२२. भौंरा, मिलिंद
२४. प्राप्ति के अनुसार

**ऊपर से नीचे:-**

१. सधवा
२. भावी कार्य, पद्धति की रूपरेखा बनाने वाला
३. जांच-पड़ताल (उर्दू)
४. विवरण (उर्दू)
५. कछुआ
९. अंधकारपूर्ण
११. अप्रत्यक्ष
१२. तरंग, लहर
१३. बढ़िया, श्रेष्ठ
१४. फैसला
१५. पढ़ने योग्य
१६. अर्जुन
१८. युद्ध करना, झगड़ना
१९. हत्यारा, बधिक (उर्दू)
२०. कीमत, भाव
२३. ईश्वर, खुदा

## वर्ग पहेली-6364



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

**कूटनीति**

### भारत की सहायता से तैयार हुई परियोजनाएं

# भारत-बांग्लादेश के प्रधानमंत्रियों ने विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को भारत की सहायता से तैयार तीन विकास परियोजनाओं- अखौरा-अगरतला सीमा पार रेल सम्पर्क, खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन और मैत्री सुपर ताप विद्युत संयंत्र की दूसरी इकाई का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।दोनों नेताओं ने आज पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन तीन परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। ये परियोजनाएं क्षेत्र में कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगी।**

अखौरा-अगरतला सीमा पार रेल सम्पर्क परियोजना भारत सरकार द्वारा बंगलादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के तहत तैयार की गई है। बंगलादेश में 6.78 किलोमीटर लंबी दोहरी गेज रेल लाइन और त्रिपुरा में 5.46 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के साथ रेल सम?पर्क की कुल लंबाई 12.24 किलोमीटर है।

खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन परियोजना भारत सरकार की रियायती ऋण सुविधा के तहत 38.892 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से तैयार की गई है। इस परियोजना में मंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉडगेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही बंगलादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह, मंगला, ब्रॉडगेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है। इसी तरह से 1.6 अरब अमरीकी डालर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋृण के अंतर्गत मैत्री सुपर ताप विद्युत परियोजना, बंगलादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल स्थित 1320 मेगावाट (2गुणा660) का सुपर ताप विद्युत संयंत्र (एमएसटीपीपी) लगाया गया है। यह परियोजना बंगलादेश-भारत मैत्री पावर कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) द्वारा कार्यान्वित की गई है, जो भारत की एनटीपीसी लिमिटेड और बंगलादेश विद्युत विकास बोर्ड (बीपीडीबी) के बीच 50:50 की संयुक्त उद्यम कंपनी है। मैत्री सुपर ताप विद्युत संयंत्र की इकाई-1 का सितम्बर 2022 में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया था और इकाई-2 का उद्घाटन आज किया गया। मैत्री सुपर थर्मल बिजली संयंत्र के संचालन से बंगलादेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी।



### साझा प्रयासों से सोनार बंगलादेश का विजन साकार करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' की सोच के साथ भारत एवं बंगलादेश के बीच विकास साझीदारी के 10 अरब डॉलर के स्तर को पार कर जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ साझा प्रयासों से बंगबंधु के 'सोनार बंगलादेश' का विज़न साकार होगा।

# खेल जगत



## जाबौर ने वोंद्रोसोवा को हराकर विंबलडन हार का बदला लिया

**कैनकन ( मेक्सिको )**। विंबलडन फाइनल के रीमैच में, ओन्स जाबौर ने डब्ल्यूटीए फाइनल में राउंड-रॉबिन मैच में नंबर 6 मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-4, 6-3 से हराया। बुधवार को जाबौर की सीधे सेटों में जीत ने उसे चेतुमल ग्रुप में 1-1 की बराबरी पर पहुंचा दिया और विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा को 0-2 से पीछे कर दिया। डब्ल्यूटीए टूर की रिपोर्ट के अनुसार, नंबर 2 इगा स्वीयाटेक की नंबर 3 कोको गॉफ पर सीधे सेटों में जीत का मतलब है कि ग्रुप मैचों के अंतिम दिन तक ग्रुप संतुलन में रहेगा। 2-0 के रिकॉर्ड के साथ, स्वीयाटेक ग्रुप जीतने और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए शीर्ष स्थान पर है। गॉफ़ और जाबौर समूह में 1-1 के साथ दूसरे स्थान पर हैं और वोंद्रोसोवा, 0-2 के साथ सबसे नीचे हैं। जाबौर का मुकाबला शुक्रवार को स्वीयाटेक से होगा। दोनों ने 2022

# भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दर्ज की विश्व कप के इतिहास की दूसरी बड़ी जीत

**मुबंई**। मोहम्मद शमी (18 रन पर पांच विकेट) और मोहम्मद सिराज ( 16 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने श्रीलंका को 302 रन से रौंद कर विश्व कप में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वानखेड़े स्टेडियम पर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आठ विकेट पर 357 रन बनाये जिसके जवाब में श्रीलंका की पूरी पारी ओवर के खेल में 55 रन पर सिमट गयी।

रनो के लिहाज से श्रीलंका की यह अब तक की यह दूसरी सबसे बड़ी हार है। श्रीलंका को इससे पहले जनवरी में भारत ने 317 रन से हराया था जो एक दिवसीय क्रिकेट इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हार थी। मौजूदा विश्व कप में इससे पहले 25 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को 309 रन से हराया था जिसके बाद श्रीलंका सबसे बड़े अंतर से हारने वाली टीम बनी है। शुभमन गिल (92) और विराट कोहली (88) के बीच 189 रन की साझीदारी के बाद श्रेयस अय्यर (82) की आतिशी पारी की मदद से भारत ने श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट पर 357 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में श्रीलंका की पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गयी। श्रीलंका के आठ विकेट 29 रन पर गिर चुके थे मगर महेश थीक्षणा (12 नाबाद) और कसुन रजिथा (14) ने नौवें विकेट के लिये 20 रन जोड़ कर श्रीलंका को दुनिया में सबसे कम स्कोर करने और सबसे बड़े अंतर से हार झेलने वाली टीम बनने के दंश से बचा लिया।



श्रीलंका के तीन बल्लेबाज अपनी पारी की पहली ही गेंद पर बगैर खाता खोले आउट हुये जो कि एक रिकार्ड है। वैसे पांच बल्लेबाज अपना खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गये जबकि दो बल्लेबाज सिर्फ एक रन का योगदान दे सके। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा (4) का बल्ला अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर आज खामोश रहा। वह पारी की दूसरी गेंद पर ही मदुशंका को अपना विकेट थमा बैठे। बाद में गिल और कोहली ने श्रीलंका के गेंदबाजों की धुनायी करते हुये तेजी से स्कोरबोर्ड को चलाया मगर गिल नर्वस नाइंटी का शिकार बने। उनकी एक और बेहतरीन पारी का अंत मदुशंका की एक शानदार गेंद पर हुआ जब वह आउट कटर गेंद को खेलने के प्रयास में विकेट के पीछे लपके गये। गिल ने अपनी 92 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाये।

गिल का विकेट गिरने से खचाखच भरे स्टेडियम पर मौजूद दर्शकों की मायूसी अभी दूर भी नहीं हुयी थी कि मदुशंका ने कोहली के रूप में एक और बड़ा विकेट झटक कर दर्शक दीर्घा के सन्नाटे को और लंबा कर दिया। विश्व कप में यह दूसरी बार है जब कोहली 80 का आंकड़ा पार करने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे हैं। महान सचिन तेंदुलकर के 49 एक दिवसीय शतकों की बराबरी करने के लिये उनका इंतजार फिलहाल बढ़ गया है। श्रेयस अय्यर ने हालांकि धुआंधार बल्लेबाजी करते हुये श्रीलंका के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ दी। उन्होने मात्र 56 गेंदों की पारी के दौरान दो चौके और छह छक्के लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

मुबंइया बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव का शो भी आज फ्लाप रहा। वे अपने प्रशंसकों के सामने दो चौके ही लगा सके और 12 रन बना कर पवेलियन लौट गये। रविन्द्र जडेजा (35) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बटोरने का प्रयास किया और रन चुराने के चक्कर में वह अपना विकेट गंवा बैठे।

श्रीलंका के मदुशंका (80 रन पर पांच विकेट) लेकर सबसे असरदार गेंदबाज रहे। दुष्मांता चमीरा ने केएल राहुल का विकेट झटका। जडेजा के अलावा शमी भी रन आउट करार दिये गये।

### शमी ने बनाया एकदिवसीय मुकाबलों में चार बार पांच विकेट लेने का रिकार्ड

मोहम्मद शमी गुरुवार को आईसीसी विश्वकप 2023 के 33वें मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट लेकर एकदिवसीय मुकाबलों में चार बार यह कारनाम करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गये है। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में शमी ने जैसे ही श्रीलंका के कसुन रजिथा को आउट किया, वैसे ही वह एकदिवसीय क्रिकेट में चार बार पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने गये। इससे पहले

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 0 | 14 |
| दक्षिण अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 0 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| न्यूजीलैंड | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 |
| पाकिस्तान | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 |

## इयोन मोर्गन ने इंग्लैंड का कोच बनने की अफवाहों को किया खारिज

**पुणे**। 2019 विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने सफेद गेंद वाले क्रिकेट में इंग्लैंड का कोच बनने की अफवाहों को खारिज कर दिया है। टीम के वर्तमान कोच मैथ्यू मॉट पर अपनी भूमिका पर बने रहने का दबाव है, क्योंकि इंग्लैंड छह में से पांच मैच हार चुका है और अंक तालिका में सबसे नीचे है। इयोन मोर्गन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, चेंजिंग रूम में कप्तान या कोच या कोई भी खिलाड़ी यह नहीं बता सकता कि वे किस स्थिति में हैं।

लेकिन मैं बहुत खुश हूं और जानता हूं कि मैं भविष्य में क्या करने जा रहा हूं। अब मैं अपने युवा परिवार के साथ घर पर ज्यादा समय बिता रहा हूं, जो बहुत अच्छा है और मुझे ऐसा करना बहुत पसंद है। पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज का यह भी मानना है कि टीम के शीर्ष पर मॉट जैसे लोगों की जगह लेना एक बुरा विचार है और पिछले संस्करणों में इंग्लैंड के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें सफेद गेंद वाली टीम में चीजों को सही करने के लिए समय दिया जाना चाहिए।

इयोन मोर्गन ने कहा, इंग्लैंड दो बार विश्व चैंपियन रही है, वे किसी भी तरह से खराब टीम नहीं हैं। मैथ्यू मॉट इस समय अपने इंग्लैंड कोचिंग करियर की सबसे बड़ी चुनौती से गुजर रहे हैं और यह एक ऐसी चुनौती है जिसे ठीक करने के लिए उन्हें समय दिया जाना चाहिए। इंग्लैंड 2023 विश्व कप में शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक्शन में दिखाई देगा।

## हम क्या करना चाहते हैं, कैसे खेलना चाहते हैं, इस पर ध्यान केंद्रित करें : रैसी वान डेर



**पुणे**। दक्षिण अफ्रीका ने चल रहे आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अपना आश्चर्यजनक प्रदर्शन जारी रखते हुए न्यूजीलैंड पर 190 रनों की बड़ी जीत दर्ज की, जिसके खिलाफ उसने पिछली बार प्रतियोगिता के 1999 के संस्करण के दौरान बर्मिंघम में जीत हासिल की थी। प्रोटियाज़ अब अंक तालिका में शीर्ष पर है, मैच के दौरान प्रतियोगिता में अपना दूसरा शतक लगाने वाले रैसी वान डेर डुसेन का मानना है कि प्रतियोगिता में टीम का शानदार प्रदर्शन केवल उस पर ध्यान केंद्रित करने के कारण आया है जो सामने है।

इस अभियान में हमने जो वास्तव में अच्छा किया है वह यह है कि हम वास्तव में केवल इस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि हम क्या करना चाहते हैं और हम इसे कैसे खेलना चाहते हैं। हमारी मैच समीक्षा बैठकों में, हम कोचों के साथ संख्याओं को देखते रहते हैं और इस टूर्नामेंट में अब तक, अधिकांश मेट्रिक्स के अनुसार, हम बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में वान डेर डुसेन ने कहा, तो, दिन के अंत में, यह लगभग अप्रासंगिक है कि आपके सामने कौन है। हम जानते हैं कि अगर हम उस तरह से खेलते हैं जैसा हम चाहते हैं और जिस तरह से खेलना चाहते हैं उस पर अमल करते हैं और सही विकल्प लेते हैं, खासकर दबाव में, तो परिणाम उसी का प्रतिफल है।

पुणे में, वान डेर डुसेन ने 133 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने 114 रन बनाए और दूसरे विकेट के लिए 200 रनों की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका के लिए 357/4 का विशाल स्कोर बनाया। डी कॉक के पास अब टूर्नामेंट में चार शतक हैं और वह 545 रनों के साथ रन चार्ट में सबसे आगे हैं।

क्विनी का होना बहुत अच्छा रहा। उनके पास अपने बारे में एक दृढ़ संकल्प है जो मैंने बहुत लंबे समय से नहीं देखा है। वह हमारे वरिष्ठ लोगों में से एक होने के नाते, गेंदबाजी बैठकों में, बल्लेबाजी बैठकों में, सभी पहलुओं में टीम में वापसी की कोशिश कर रहा है। लोग वास्तव में उनका समर्थन कर रहे हैं।

वह बल्लेबाजी करने के लिए मेरे पसंदीदा लोगों में से एक है। उन्होंने वास्तव में आज मेरी पारी के दौरान मेरा मार्गदर्शन किया। कभी-कभी मैं दबाव में था और मैं उससे कुछ विकल्पों के बारे में पूछ रहा था और बीच में उसे बाहर रखते हुए सिर्फ साउंडबोर्ड को व्यवस्थित करने के बारे में पूछ रहा था।

वह बहुत अच्छा और शांत स्वभाव का खिलाड़ी है, बहुत स्पष्ट सोचता है। उनके साथ बल्लेबाजी करना बहुत अच्छा था। लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। जैसा कि मैंने कहा, बहुत दृढ़ निश्चयी। वह पूरी तरह बातूनी नहीं है - वह मैदान पर ऐसा करता है। यह वास्तव में एक टीम के रूप में हमारे लिए और टीम के बाकी लोगों के लिए प्रेरणादायक है कि ऐसे व्यक्ति को वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखा जाए। दक्षिण अफ्रीका का अगला मुकाबला रविवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में मेजबान भारत से होगा, जिसमें प्रोटियाज टीम टूर्नामेंट में अब तक की अपनी सबसे बड़ी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। वान डेर डुसेन को लगता है कि अगर प्रोटियाज़ ने सभी चीजें सही कर लीं, तो परिणाम अपने आप ठीक हो जाएगा।

# बुलंद हौसले के साथ इकाना में उतरेंगे अफगान लड़ाके

- अफगानिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच खेला जाएगा विश्वकप का 34वां मुकाबला
- अफगानिस्तान जीता तो सेमीफाइनल के लिए दावेदारी होगी मजबूत
- विश्वकप में सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है नीदरलैंड

**लखनऊ**। गत विजेता इंग्लैंड समेत तीन पूर्व विश्व चैंपियनों को हराने वाली अफगानिस्तान का इरादा शुक्रवार को अपने होम ग्राउंड पर नीदरलैंड्स के खिलाफ विश्व कप मुकाबला जीत कर सेमीफाइनल की उम्मीदों को हवा देने का होगा लेकिन इसके लिये उन्हे दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीम को घुटनो पर बैठाने वाली नीदरलैंड्स से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

अफगानिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच विश्व कप का 34वां मुकाबला इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा।

विश्व कप मुकाबला शुरु होने से पहले दोनो ही टीमों को हल्के में लिया जा रहा था मगर अफगानिस्तान ने इंग्लैंड,श्रीलंका और पाकिस्तान को हरा कर अपनी श्रेष्ठता साबित की है वहीं नीदरलैंड्स को दक्षिण अफ्रीका के अलावा बांग्लादेश के खिलाफ जीत का स्वाद मिला है।

अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये कल होने वाले मुकाबले को हर हाल में जीतना होगा। कप्तान हशमतुल्लाह और उनकी टीम को अच्छी तरह पता है कि उनके पास नीदरलैंड्स को हराने के लिये सभी गुण मौजूद है मगर वह नीदरलैंड्स को हल्के में लेने का जोखिम उठाना नहीं चाहेंगे।



अफगानिस्तान की जीत हार का असर पाकिस्तान पर पड़ना तय है। अफगानिस्तान की हार पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखेगी।

इब्राहिम जादरान, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी और अजमतुल्लाह उमरजई जैसी मजबूत बैटिंग लाइनअप की परीक्षा इकाना की कठिन पिच पर होगी वहीं राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नवीन-उल-हक और फजलहक फारूकी का प्रयास नीदरलैंड्स की बल्लेबाजों को काबू में रखना होगा।

कल के महत्वपूर्ण मुकाबले में अब तक कुछ खास नहीं करने वाले मैक्स ओ डॉउड नीदरलैंड्स के लिये बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे। के लिए इस विश्व कप में सबसे बड़ी समस्या उनकी सलामी जोड़ी रही है। मैक्स ओडॉउड इस पूरे टूर्नामेंट में फ्लॉप रहे हैं। मैक्स और विक्रमजीत सिंह अगर पहले दस ओवर खेलने में सफल रहते हैं तो नीदरलैंड्स इस मुकाबले में उलटफेर करने की स्थिति में हो सकता है वहीं इन फार्म बल्लेबाज मोहम्मद शहजाद पर भी सबकी नजरें होंगी। आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकेरेन की भूमिका भी इस मैच में काफी अहम रहेगी।

आंकड़ों पर नजर डालें तो अफगानिस्तान का पलड़ा नीदरलैंड्स के खिलाफ भारी रहा है। दोनो टीमों के बीच अब तक खेले गये नौ मैचों में अफगानिस्तान को सात में जीत मिली है। हालांकि विश्व कप में पहली बार दोनो टीमें आमने सामने होंगी।

## सार संक्षेप

### कोहली ने एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक 1000 वनडे रन के तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा

**मुंबई**। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक वनडे रन बनाने के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्टाइलिश भारतीय बल्लेबाज ने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप-2023 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। कोहली ने अब तक आठ बार एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक वनडे रन बनाए हैं और तेंदुलकर के सात बार एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक वनडे रन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। वनडे क्रिकेट में कोहली की चमक 2017 में वापस आई जब उन्होंने 26 पारियों में 1460 रन बनाए। लगातार चार वर्षों 2011, 2012, 2013 और 2014 में 1000+ रन के साथ, कोहली बल्ले से अभूतपूर्व प्रदर्शन के बाद 2017, 2018 और 2019 में तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी करने में सफल रहे। साल 2020, 2021 और 2022 में बल्ले से संघर्ष करने के बाद कोहली अब श्रीलंका के खिलाफ 82 रन की पारी के साथ एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा 1000 प्लस वनडे रन बनाने के रिकॉर्ड धारक बन गए हैं। कोहली ने 94 गेंदों में 11 चौकों और बिना किसी छक्के की मदद से 88 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

### मिच मार्श व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश लौटने के बाद अनिश्चित काल के लिए विश्व कप से बाहर

**नई दिल्ली**। ऑस्ट्रेलिया को इस खबर से बड़ा झटका लगा है कि फॉर्म में चल रहे हरफनमौला खिलाड़ी मिच मार्श निजी कारणों से स्वदेश लौट गए हैं और मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से अनिश्चित काल के लिए बाहर हो जाएंगे। मार्श निजी कारणों से गुरुवार को भारत से स्वदेश लौट आए और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि टीम में उनकी वापसी की समयसीमा की पुष्टि की जानी है।

## हेनरी व फर्ग्यूसन की फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण न्यूजीलैंड ने जैमीसन को कवर के रूप में बुलाया

**पुणे**। न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को भारत में चल रहे आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप टीम में कवर के तौर पर शामिल किया है, खासकर तेज गेंदबाज मैट हेनरी को अपनी दाहिनी हैमस्ट्रिंग के स्कैन के नतीजे का इंतजार है और लॉकी फर्ग्यूसन दाहिनी अकिलीज़ में चोट से उबर रहे हैं। जैमीसन पहले टूर्नामेंट में टिम साउदी के कवर के रूप में भारत में न्यूजीलैंड टीम के साथ थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि वह 1992 के चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार के महत्वपूर्ण मैच से पहले गुरुवार देर रात बेंगलुरु पहुंचेंगे। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, मैट की चोट की गंभीरता, साथ ही पाकिस्तान के लिए थोड़े समय के बदलाव का मतलब है कि हम शनिवार के लिए गेंदबाज़ बने रहने का जोखिम नहीं उठा सकते। मैट ने पिछले दो विश्व कप चक्रों से एकदिवसीय क्रिकेट में हमारे लिए विश्व स्तरीय प्रदर्शन किया है, इसलिए हमने आज स्कैन परिणामों के लिए अपनी उम्मीदें पूरी कर ली हैं। बुधवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में न्यूजीलैंड की दक्षिण अफ्रीका से 190 रनों की करारी हार के दौरान हेनरी की दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लग



गई थी। उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए गुरुवार को उनका एमआरआई स्कैन कराया जाना है।

जैसा कि हम बोल रहे हैं, काइल अपने रास्ते पर है और हम समूह में उसका वापस स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। वह संभवतः शनिवार के मैच के लिए उपलब्ध रहने को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को हमारे साथ प्रशिक्षण लेगा। स्टीड ने कहा, काइल पहले टूर्नामेंट में हमारे साथ पूरे दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लेने में सक्षम था और तब से उसने प्लंकेट शील्ड मैच खेला है - इसलिए हमें विश्वास है कि वह मैदान में उतरने में सक्षम होगा। हालाँकि, फर्ग्यूसन पाकिस्तान मुकाबले से पहले फिटनेस पर लौट आए हैं। एनजेडसी ने एक बयान में कहा, लॉकी फर्ग्यूसन के दाहिनी एड़ी के स्कैन से कोई खास नुकसान नहीं हुआ है और उम्मीद है कि वह बेंगलुरु में पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

फर्ग्यूसन को पिछले शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान दाहिनी अकिलीज़ में असुविधा का अनुभव होने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। न्यूजीलैंड ने चार जीत के साथ अपने पुरुष वनडे विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की। लेकिन उसके बाद, मेजबान भारत, पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार तीन हार के साथ उनकी नेट रन रेट में भारी गिरावट आई है। अब वे शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण

## मिशेल मार्श इस टूर्नामेंट को जीतने के लिए वापस आ रहे हैं : स्टोइनिस

**अहमदाबाद**। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने खुलासा किया कि उनके साथी ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने व्यक्तिगत कारणों से घर लौटने से पहले अपने विदाई संदेश में कहा था कि वह 2023 पुरुष वनडे विश्व कप जीतने के लिए वापस आएंगे।

मार्श को निजी कारणों से पर्थ के लिए उड़ान भरने के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले में भाग लेने से बाहर कर दिया गया है, टूर्नामेंट में उनकी वापसी के लिए कोई समयसीमा नहीं है। इंग्लैंड से भिड़ने से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है क्योंकि टीम के साथ गोल्फ डे सत्र के दौरान चोट लगने के बाद ग्लेन मैक्सवेल शनिवार के मुकाबले से बाहर हो गए हैं।

उनका एक पारिवारिक मुद्दा चल रहा है और जैसा कि हम सभी जानते हैं, परिवार बहुत महत्वपूर्ण है, वास्तव में सबसे महत्वपूर्ण (चीज)। वह सही काम कर रहा है और वह घर जा रहा है और वह



उन लोगों से मिल रहा है जिनसे उसे मिलना चाहिए। मुझे लगता है कि उसके वापस आने की एक समयसीमा है, लेकिन मुझे यकीन है कि उसे घर पर जो करने की ज़रूरत है वह करेगा और फिर वापस आ जाएगा। उसने मुझे कल रात एक संदेश भेजा था, मैं कुछ समय के लिए घर पर रहूंगा और फिर इस विश्व कप को जीतने के लिए वापस आऊंगा% तो मुझे लगता है कि यह उसकी मानसिकता को दर्शाता है। आप उसे मैदान के बाहर याद करते हैं - उनकी ऊर्जा और टीम के चारों ओर उनके व्यक्तित्व के संदर्भ में, हम उन्हें मैदान पर बहुत याद करेंगे - लेकिन आप काफी हद तक देख सकते हैं कि टीम की लाइन-अप (उनके बिना) कैसी होगी।

### सुडोकू 6365 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# [ अर्थ जगत ]

**रुपया शुरुआती कारोबार में नौ पैसे की बढ़त के साथ 83.19 प्रति डॉलर पर खुला**

**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त के साथ 83.19 पर पहुंचा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख और सकारात्मक घरेलू बाजार से शुरुआती कारोबार में स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.23 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में वह 83.19 पर पहुंच गया। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को 83.28 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था।



## टाटा स्टील को दूसरी तिमाही में 6,511 करोड़ रुपए का घाटा

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 6,511.16 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है. कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी थी. इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,297.06 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था.कंपनी की कुल आमदनी सितंबर 2023 तिमाही में घटकर 55,910.16 करोड़ रुपए रह गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 60,206.78 करोड़ रुपए रही थी.कंपनी का कुल व्यय समीक्षाधीन तिमाही में 55,853.35 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल सितंबर तिमाही में 57,684.09 करोड़ रुपए रहा था. जानकारों का अनुमान था कि टाटा स्टील के कामकाज में नुकसान हो सकता है. टाटा स्टील के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर कौशिक चटर्जी के मुताबिक टाटा स्टील भारत में 20 फीसद मार्जिन पर कामकाज करती है. इसके अलावा कंपनी का एबिटदा 6,841 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है.यूरोप में खासतौर पर ब्रिटेन के कारोबार से मार्जिन में कमी देखने को मिली है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टाटा स्टील का राजस्व प्रति टन ब्रिटेन और हॉलैंड में काफी कम दर्ज किया गया है. टाटा स्टील के मुताबिक हॉलैंड में स्टील की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे मार्जिन पर असर देखने को मिल सकता है.

# निचले भाव पर खरीद बढ़ने से धनिया पर चढ़ा महंगाई का रंग



*नई दिल्ली। इन दिनों धनिया की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। धनिया की कीमतों में तेजी की वजह निचले भाव पर इसकी खरीद बढ़ना है। साथ ही निर्यात मांग मजबूत होने से भी धनिया की कीमतों में तेजी को बल मिला है। हालांकि पिछले साल की तुलना में धनिया के भाव अभी काफी कम हैं। जानकारों के मुताबिक आगे धनिया की कीमतें इसकी बोआई पर निर्भर करने वाली हैं।*

**निचले भाव पर खरीद बढ़ने से 10 फीसदी महंगा हुआ धनिया**

कमोडिटी एक्सचेंज एनसीडीईएक्स पर पिछले महीने 13 अक्टूबर को धनिया के दिसंबर अनुबंध ने 6,952 रुपये के भाव पर निचला स्तर छुआ था। आज इसने 7,678 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर दिन का ऊपरी स्तर छू लिया। इस तरह बीते 20 दिनों के दौरान धनिया 10 फीसदी महंगा हो चुका है। इस तेजी के बावजूद धनिया के भाव पिछले साल से अभी भी कम हैं। पिछले साल 2 नवंबर को दिसंबर अनुबंध 10,996 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बंद हुआ था। जाहिर है पिछले साल से धनिया 30 फीसदी सस्ता है। कमोडिटी जानकारों का कहना है कि अधिक उत्पादन के कारण बीते महीनों में धनिया के भाव काफी गिर गए थे। इसलिए, निचले भाव पर खरीद बढ़ने से इसकी कीमतों में हाल में तेजी देखने को मिली है।

कमोडिटी जानकारों का यह भी कहना है कि इस साल भाव कम मिलने के कारण धनिया की बोआई कम होने की संभावना जताई जा रही है। इससे भी धनिया के भाव बढ़ रहे हैं। हालांकि बोआई की सही तस्वीर दीवाली बाद ही पता चलेगी। मौजूदा परिस्थितियों में इस महीने धनिया की कीमतों में 200 रुपये तक की तेजी और आ सकती है।

**धनिया की निर्यात मांग मजबूत**

चालू वित्त वर्ष में धनिया की निर्यात मांग में तेजी देखी जा रही है। मसाला बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023—24 की अप्रैल-अगस्त अवधि में 67,120 टन धनिया का निर्यात हुआ है, पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 18,557 टन था। इस तरह धनिया का निर्यात तीन गुना से भी ज्यादा बढ़ा है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज की दैनिक रिपोर्ट के मुताबिक धनिया की निर्यात मांग बढ़ने के कारण इसके भाव बढ़ने में मदद मिली है और आगे भी मजबूत निर्यात मांग से कीमतों में गिरावट के आसार नहीं दिख रहे हैं।

# एप्पल के खिलाफ चल रहे केस को खारिज करने का अनुरोध खारिज

*लंदन। प्रतिस्पर्धा अपील न्यायाधिकरण ने यूके क्लास एक्शन मुकदमे को रोकने के एप्पल के अनुरोध को खारिज कर दिया है, जिसमें तकनीकी दिग्गज पर ग्राहकों को नए मॉडल खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जानबूझकर पुराने आईफोन के प्रदर्शन को धीमा करने का आरोप लगाया गया था।*



द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार उपभोक्ता अधिकार प्रचारक जस्टिन गुटमैन ने पिछले साल एप्पल के खिलाफ मुकदमा दायर किया था, इसमें आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने आईफोन 6, 6 प्लस, 6एस, 6एस प्लस, एसई, 7 और 7 प्लस में ऐसी बैटरियां लगाई हैं जो डिवाइस के प्रोसेसर या संचालन सिस्टम के साथ तालमेल नहीं बिठा पाती हैं। एप्पल ने आरोपों को निराधार बताते हुए मई में मुकदमे को रोकने का प्रयास किया। कंपनी ने उन दावों का भी खंडन किया कि कुछ आईफोन 6एस मॉडल को छोड़कर, उसकी बैटरियों में समस्याएं थीं। रिपोर्ट में एप्पल के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, हमने कभी भी ऐसा कुछ नहीं किया है, जो जानबूझकर किसी एप्पल उत्पाद के जीवन को छोटा करता है, या ग्राहकों को बढ़ावा देने के लिए यूजर्स के अनुभव को खराब करता है। प्रवक्ता ने कहा, हमारा लक्ष्य हमेशा ऐसे उत्पाद बनाना रहा है, जो हमारे ग्राहकों को पसंद आएं और आईफोन को यथासंभव लंबे समय तक चलाना इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गुटमैन ने 25 मिलियन यूके आईफोन यूजर्स की ओर से लंदन में प्रतिस्पर्धा अपील न्यायाधिकरण में मुकदमा दायर किया, जिन्होंने आईफोन के 10 विभिन्न मॉडलों में से किसी एक का उपयोग किया था। मुकदमे के अनुसार, आईफोन निर्माता ने पावर प्रबंधन सॉफ्टवेयर अपडेट जारी करके आईफोन उपयोगकर्ताओं को गुमराह किया, जिसने प्रभावित उपकरणों के प्रदर्शन कोगुप्त रूप से बाधित कर दिया। 2020 में, एप्पल ने कंपनी पर सॉफ्टवेयर अपडेट के साथ कुछ पुराने आईफोन मॉडल को धीमा करने का आरोप लगाने वाले कई मुकदमों को समाप्त करने के लिए अमेरिकी बाजार में 500 मिलियन डॉलर तक का भुगतान करने की घोषणा की। 2017 में एप्पल ने स्वीकार किया था कि उसने अप्रत्याशित शटडाउन से बचने के लिए कभी-कभी पुरानी बैटरी वाले कुछ आईफोन मॉडल को धीमा कर दिया था। एप्पल ने किसी भी गलत काम से इनकार किया।

# वैश्विक अनिश्चितता और महंगाई के चलते बढ़ी सोने की ग्लोबल मांग, 9 महीने में सेंट्रल बैंकों ने खरीदा 800 टन सोना



*महंगाई। कमरतोड़ महंगाई, वैश्विक राजनीतिक अनिश्चितता और डॉलर में जारी मजबूती के चलते उसपर निर्भरता घटाने के लिए दुनियाभर के देशों के सेंट्रल बैंकों ने मौजूदा वर्ष 2023 के पहले 9 महीने में रिकॉर्ड 800 टन सोने की खरीदारी की हैं जिसमें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया भी शामिल है.वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के डेटा के मुताबिक सेंट्रल बैंकों ने 2022 के मुकाबले 2023 के पहले 9 महीने में 14 फीसदी ज्यादा सोने की खरीदारी की है.*

**डॉलर पर निर्भरता घटाने की कवायद-** अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में उछाल और मजबूत डॉलर के बावजूद खरीदारी पर जोर रहने के चलते सोने की भारी मांग है जिससे सोने की कीमतों में जोरदार उछाल देखने को मिला है. महंगाई में उछाल के साथ करेंसी के कमजोर पड़ने के चलते सोने की खरीदारी ने जोर पकड़ा है. अमेरिका ने डॉलर को रूस के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया. तो चीन समेत कई देश डॉलर पर निर्भरता को घटाने के लिए सोने की खरीदारी कर रहे हैं.

**चीन सबसे बड़ा खरीदार-** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के डेटा के मुताबिक 2023 के पहले 9 महीने में सोने की खरीदारी चीन ने की है जो लगातार डॉलर के ग्लोबल करेंसी के दर्जे को चुनौती देने में लगा है. चीन के सेंट्रल बैंक पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने इस वर्ष 181 टन सोने की खरीदारी की है. उसके कुल फॉरेक्स रिजर्व में गोल्ड रिजर्व की हिस्सेदारी 4 फीसदी बढ़कर हो गई है. पोलैंड दूसरे स्थान पर है और उसने 57 टन सोना खरीदा था. तुर्किए के सेंट्रल बैंक 39 टन सोने की खरीदारी के साथ तीसरे स्थान पर है.

**आरबीआई ने भी की खरीदारी-** 2023 के पहले 9 महीनों में भारतीय रिजर्व बैंक ने भी सोने की खरीदारी की है. पिछले नौ महीने में आरबीआई ने 19 टन से ज्यादा सोना खरीदा है जिसमें तीसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के दौरान 9.21 टन सोने की खरीदारी की है. आरबीआई के पास जो गोल्ड रिजर्व है उसका वैल्यू 45.42 बिलियन डॉलर के करीब है.

### सोना 350 व चांदी 1,200 रुपये हुई सस्ती

वैश्विक बाजारों में कमजोरी से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में जबरदस्त गिरावट रही। सोना जहां 350 रुपये गिरकर 61,700 रुपये प्रति दस ग्राम बंद हुआ, वहीं चांदी 1,200 रुपये टूटकर 74,300 रुपये प्रति किलो के भाव बंद हुई। जानकारों ने कहा कि सुरक्षित मानी जाने वाली बहुमूल्य धातुओं की मांग में गिरावट आने से इनकी कीमतों में कमजोरी देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,978 डॉलर और चांदी 22.55 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

# आरबीआई कार्यालयों में डाक के जरिए 2,000 रुपये के नोट भेज सकते हैं लोग

*नयी दिल्ली। लोग अब अपने 2,000 रुपये के नोट अपने बैंक खातों में जमा कराने के लिए उन्हें बीमाकृत डाक के जरिए रिजर्व बैंक के निर्दिष्ट क्षेत्रीय कार्यालयों में भेज सकते हैं। यह उन लोगों के लिए एक आसान विकल्प है जो रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों से दूर रहते हैं।*



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के क्षेत्रीय निदेशक रोहित पी. ने कहा, हम ग्राहकों को सबसे सहज व सुरक्षित तरीके से उनके खाते में सीधे राशि जमा कराने के वास्ते बीमाकृत डाक के जरिए 2,000 रुपये के नोट आरबीआई को भेजने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उन्हें निर्दिष्ट शाखाओं तक यात्रा करने और कतार में खड़े होने की परेशानियों से बचाएगा। उन्होंने कहा कि टीएलआर तथा बीमित पोस्ट, दोनों विकल्प अत्यधिक सुरक्षित हैं और जनता के मन में इन विकल्पों को लेकर कोई डर नहीं होना चाहिए। अकेले दिल्ली कार्यालय को अब तक करीब 700 टीएलआर फॉर्म मिले हैं।

उन्होंने कहा कि आरबीआई अपने संचार में अपने कार्यालयों में विनिमय सुविधा के अलावा इन दो विकल्पों को फिर शामिल कर रहा है। आरबीआई ने 19 मई को 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। इन नोटों को बैंकों में जमा करने के साथ अन्य मूल्य वर्ग के नोटों से बदलने की सुविधा लोगों को दी गई थी।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62000 चांदी टंच-73400 चांदी रिफाइन -74400

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62000 चांदी टंच-73400
चांदी रिफाइन -74400


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.24 |
| एक यूरो | 88.64 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.56 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.57 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 90 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स


शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# त्यौहारी सीजन ने ऑटोमोबाइल्स सेक्टर बाजार में भरा जोश

## कार, स्कूटर व मोटरसाइकिल की बिक्री में इजाफा, दीवाली पर्व से बड़ी उम्मीदें


**जबलपुर, देशबन्धु।** त्यौहारी सीजन ने खासकर ऑटोमोबाइल्स बाजार में नया जोश भर दिया है। नवरात्र पर्व में न सिर्फ कारों की बिक्री बल्कि स्कूटर व मोटरसाइकल की बिक्री में भी इजाफा रहा। दूसरी तरफ दो पहिया और चार पहिया बनाने वाली कंपनियों ने पुष्य नक्षत्र,धनतेरस व दीपावली पर्व से भी अच्छी बिक्री होने की उम्मीद लगा रही है। ग्राहकों को लुभाने के लिए कंपनियों ने इस बार भी कई लुभावने ऑफर भी ग्राहकों के लिये पेश किये है। जिसमें कैशबैक, एक्सचेंज के साथ छूट व डाउन पेमेंट, फाइनेंस के आकर्षण ऑफर ग्राहकों के लिये पेश किये गये है।

बाजार विश्लेषकों की माने तो इस बार के त्यौहारी सीजन में ऑटोमोबाइल्स के लिए बाजार अच्छा है। नवरात्र पर्व पर कारों की बिक्री करीब 500 के ऊपर रही वही आने वाले दीवाली पर्व में इसकी बिक्री करीब 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। दो पहिया में स्कूटर व मोटरसाइकिल की बिक्री करीब 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ने अनुमान लगाया जा रहा है। स्टैण्डर्ड मोटोकॉर्प प्रा.लि.के वाइस प्रसिडेंट अरविंद सिंह तोमर ने बताया कि देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने इस बार भी त्यौहारी सीजन को देखते हुए कई आकर्षक ऑफर पेश किये हैं। अक्टूबर में सलाना आधार पर मारूति सुजुकी इंडिया की बिक्री अक्टूबर में करीब 19 प्रतिशत तक बढ़ी है, यह कंपनी की मासिक बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। कारों में बेलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर की मांग बेहतर है वहीं ब्रेजा मॉडल की पूछपरख अधिक है। दीपावली पर्व में कारों की बिक्री में 15 से 20 प्रतिशत इलाके की उम्मीद लगाई जा रही है। साहिल होंडा के जीएम दीपक खत्री का कहना है कि त्यौहारी सीजन में स्कूटर व मोटर साइकिल की बिक्री बढ़ी है वहीं दीवाली पर्व से भी खासी उम्मीद है, बिक्री में करीब 25 से 30 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। हीरो कंपनी के डीलर सुदर्शन मोटर्स के संचालक परमजीत सिंह बसूर का कहना है कि हीरो वाहनों का बाजार अच्छा है, नवरात्र पर्व पर हीरो वाहनों की बिक्री में करीब 30 प्रतिशत तक बढ़त देखने को मिली, दीपावली पर्व पर करीब 40 प्रतिशत तक की बढ़त बिक्री में देखने को मिल सकती है।



**मनपसंद मॉडलों की पूछपरख और बुकिंग शुरु -** कारोबारियों का कहना है कि ग्राहकों ने विशेष मौकों पर वाहन उठाने के लिये अपने चुनिंदा मॉडलों की पूछपरख और बुकिंग शुरु कर दी ताकि उन्हें समय पर अपना मिलने में कोई परेशानी न हो। आमतौर पर दीपावली पर्व पर चुनिंदा मॉडल का स्टॉक खत्म हो जाता है।

# फेड रिजर्व के फैसले ने भारतीय शेयर बाजार में भरा जोश



*नई दिल्ली। दो दिनों के लगातार गिरावट के बाद गुरुवार का ट्रेडिंग सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए शानदार रहा. निवेशकों की खरीदारी की बदौलत सेंसेक्स फिर से 64,000 तो निफ्टी 19,000 के आंकड़े को पार करने में सफल रहा.*

बैंकिंग स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है. मिड कैप स्टॉक्स में भी खरीदारी रही. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 490 अंकों के उछाल के साथ 64,081 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 144 अंकों के उछाल के साथ 19,133 अंकों पर क्लोज हुआ है.

आज के ट्रेड में सभी सेक्टर्स के स्टॉक्स में खरीदारी देखने को मिली है. बैंकिंग स्टॉक्स के अलावा ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल्स, एनर्जी, मीडिया, रियल एस्टेट, हेल्थकेयर, फार्मा, इंफ्रा जैसे सेक्टर के स्टॉक्स में तेजी रही. निफ्टी के मिड कैप इंडेक्स में 500 अंकों से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है. स्मॉल कैप इंडेक्स 170 अंकों के उछाल के साथ बंद हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 28 स्टॉक्स तेजी के साथ और केवल 2 शेयरों में गिरावट रही. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 41 शेयर तेजी के साथ और 9 गिरावट के साथ बंद हुए.

**निवेशकों की संपत्ति में उछाल-** शेयर बाजार में शानदार तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का उछाल आया है. आज के ट्रेड में बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैपिटलाईजेशन 313.35 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले कारोबारी सेशन में 310.25 लाख करोड़ रुपये रहा था. आज के ट्रेड में मार्केट कैपिटलाईजेशन में 3.05 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है.

# एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया इनोवेटिव मार्केटिंग कम्यूनिकेशंस प्लेटफॉर्म एयरटेल आइक्यू रीच

*भोपाल। भारत की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का पहला मार्केटिंग कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म - एयरटेल आइक्यू रीच लॉन्च करने की घोषणा की।*

छोटे व मध्यम वर्ग के व्यवसाई (एसएमबी) को उनके ग्राहकों की आवश्यकतानुसार सहभागिता रणनीति के अनुरूप अपने व्यवसायिक संदेशों को बेहतर बनाने की क्षमता प्रदान करने के लिए डिजाइन किये गए इस प्लेटफॉर्म से शहर में व्यवसाईयों को किफायती तरीके से अपने-अपने लक्षित ग्राहकों तक पहुंचने में आसानी होगी।

अनुकूलित संदेशों को डिजाइन करने से लेकर अपने लक्षित ग्राहकों को अपलोड करने या चुनने, उनके संदेशों को शेड्यूल करने और अंत में, मार्केटिंग कैंपेन की प्रभावशीलता को ट्रैक करने तक, व इसे आसानी से प्रबंधित और पूरी तरह से नियंत्रित करने के लिए, बस कुछ ही क्लिक में यह प्लेटफॉर्म एक केंद्रीकृत डैशबोर्ड पर रियल-टाइम जानकारी और व्यापक विश्लेषण भी प्रदान करेगा। इससे व्यवसायों को अपने प्रचार को प्रभावकारी ढंग से मापने की क्षमता हासिल होगी। एयरटेल बिज़नेस के हेड-डिजिटल प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज, अभिषेक बिस्वाल ने कहा कि, एयरटेल के हर कार्य के केंद्र में ग्राहक होते हैं।

हमने एयरटेल आइक्यू रीच को खासकर नये उभरते व्यावसाई वर्ग के लिए डिजाइन किया है, ताकि उन्हें अपने ग्राहक अनुरूप संदेशों को बेहतर बनाने में मदद मिल सके। यह प्लैटफॉर्म लक्षित ग्राहकीय संदेशों में उपक्रमों को सुविधा प्रदान करने के लिए एयरटेल के इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा और इंजीनियरिंग विशेषज्ञता की शक्ति के साथ-साथ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का लाभ उठाता है।


## देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# म.प्र. में वायु प्रदूषण से हालत खराब, पटाखों पर सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के आदेशों का नहीं हो रहा पालन

## एनजीटी में अंतरिम आदेश के लिये आवेदन पेश

### ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर व भोपाल के कलेक्टर्स को दिये थे निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल ने 19 अक्टूबर को सख्त निर्देश दिया था कि सुप्रीम कोर्ट तथा एनजीटी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि बेरियन साल्ट से बने पटाखों को तत्काल प्रतिबंधित किया जाये। इसके लिये पूर्व में मप्र सरकार ने भी सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिये थे कि पटाखा विक्रेताओं से अण्डरटेकिंग लिया जाये तथा पटाखों की जांच करने के लिये उनके सेम्पल लेकर उकनी जांच की जाये।

लेकिन एनजीटी के आदेश को जारी करने के बाद सप्ताह से ज्यादा समय बीत रहा है तथा अब कुछ ही दिनों में दीपावली महोत्सव शुरू हो जायेग। इसके बावजूद भी प्रदेश के किसी भी कलेक्टर ने न तो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का, न ही एनजीटी के निर्देशों का ध्यान दिया है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल ने जिला दण्डाधिकारी ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, भोपाल को 19 अक्टूबर को ही निर्देश दिया था कि इन शहरों में वायु गुणवत्ता की मॉनीटरिंग करें और यदि वायु गुणवत्ता मापदण्डों के नीचे आती है तो वायु गुणवत्ता को ठीक करने के लिये तत्काल कार्यवाही की जाये। लेकिन इन चारों महानगरों के दण्डाधिकारियों ने इस संबंध में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है।




यह शिकायत करते हुये डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने गुरूवार को एनजीटी में आवेदन प्रस्तुत कर तत्काल अंतरिम आदेश होने की प्रार्थना की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से एड. प्रभात यादव ने बताया कि पूर्व में इन याचिकाकर्ताओं ने अवमानना याचिका दायर की थी, जिस पर एनजीटी ने 19 अक्टूबर को सख्त निर्देश जारी किये थे। मप्र में वायु प्रदूषण की हालत यह है कि साधारण नागरिक लगातार बीमार पड़ रहे हैं। वैज्ञानिक रिपोर्ट है कि मप्र में वायु प्रदूषण से नागरिकों की आयु 5 वर्ष से घट रही है। इसलिये चिंता का विषय बना है।

# कुएं में मिला बाघ का शव, दो माह से क्षेत्र में घूम रहा था

### शिकायत के बाद भी वन विभाग नहीं कर सका था तलाश

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के एक गांव के कुएं में बाघ का शव मिला है। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। आशंका है कि शिकार करने के लिए बाघ गांव में आया होगा, और कुएं में जा गिरा। वन विभाग ने बड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला। ये वही बाघ बताया जा रहा है, जो बीते दो महीने से इलाके में मूवमेंट कर रहा था। वन विभाग कई बार कोशिश के बाद भी इसकी लोकेशन ट्रेस नहीं कर पा रहा था।

जानकारी के अनुसार मामला छिंदवाड़ा जिले में फैले जंगल के बफर जोन से लगे ग्राम सिंगोड़ी का है। गांव की बाड़ी में रहने वाले किसान शिशुपाल रघुवंशी के खेत में स्थित कुएं में बाघ का शव मिला है। गुरुवार सुबह किसान ने



कुएं में शव देखा तो वन विभाग को सूचना दी। इधर गांव में खबर फैलते ही काफी भीड़ लग गई। वन विभाग का अमला मौके पर पहुंची, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद बाघ के शव को कुएं से बाहर निकाला तथा उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उल्लेखनीय हैं कि पिछले लंबे समय से इस क्षेत्र में बाघ की मूवमेंट बनी हुई थी। चार दिन पहले ही बाघ ने एक बछड़े को अपना शिकार बनाया था। गांववालों ने बाघ के मूवमेंट की सूचना वन विभाग को दी थी। फिलहाल बाघ कुएं में कैसे गिरा इसकी जांच जारी है।

# अगली सुनवाई पर जवाब नहीं तो जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

### प्राथमिक शिक्षक भर्ती के मामले में हाईकोर्ट सख्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा से जुड़े मामले को गुरूवार को काफी सख्ती से लिया। जस्टिस शील नागू व जस्टिस दुप्पला वेंकट रम्मना की युगलपीठ ने मामले में शासन के रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया यदि अगली सुनवाई पर जवाब नहीं दिया गया तो ओआईसी व जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को निर्धारित कीहै।

उल्लेखनीय है कि जबलपुर निवासी रोहित चौधरी समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों के दर्जनों डीएलएड छात्रों ने याचिका दायर कर एनसीटीई द्वारा 26 अगस्त 2018 की उस अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसके तहत प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए बीएड डिग्रीधारकों को भी पात्र माना है। इसी के तहत अब सैकड़ों बीएड डिग्रीधारक उम्मीदवारों ने भी हस्तक्षेप आवेदन प्रस्तुत किये। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि बीएड डिग्रीधारकों के लिए यह शर्त रखी गई है कि नियुक्ति के दो वर्ष के भीतर उन्हें एक ब्रिज कोर्स करना होगा। दलील दी गई कि प्रदेश में प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 के तहत नियुक्ति के लिए काउंसलिंग जारी है। इसमें सैकड़ों बीएड डिग्री वालों को भी नियुक्ति दी जा रही है, जबकि अभी तक एनसीटीई ने ब्रिज कोर्स का सिलेबस भी निर्धारित नहीं किया है।

न्यायालय को बताया गया कि 28 हजार में से करीब 15 हजार बीएड डिग्रीधारकों को नियुक्ति दी गई है। प्राथमिक शिक्षक भर्ती में बीएड वालों को नियुक्ति देने से डीएलएड डिग्रीधारकों का हक मारा जाता है। आवेदकों की ओर से तर्क दिया गया कि राजस्थान हाईकोर्ट, नई दिल्ली व हिमाचल हाईकोर्ट उच्च न्यायालय ने बीएड डिग्रीधारियों की प्राथमिक शिक्षकों के रूप में की गई नियुक्तियों को निरस्त किया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने पूर्व का अंतरिम आदेश बरकरार रखते हुए उक्त निर्देश दिये।

# मैहर मंदिर परिसर में अनाधिकृत व्यक्ति करते है श्रृद्धालुओं को परेशान

### याचिका में आरोप, हाईकोर्ट ने अनावेदकों से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि मैहर मंदिर में अनाधिकृत व्यक्तियों द्धारा श्रृद्धालुओं को परेशान कर मनमाने रुपये वसूले जाते है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने सुनवाई के बाद मंदिर प्रबंधन समिति सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

यह जनहित याचिका शारदा प्रसाद श्रीवास्तव की ओर से दायर की गई है। जिसमें कहा गया है कि मॉ शारदा देवी मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से मंदिर की व्यवस्था संचालित की जाती है। आरोप है कि मैहर मंदिर परिसर में अनाधिकृत व्यक्ति पूजा-पाठ तथा अन्य व्यापार करते हुए आने वाले श्रृद्धालुओं से अनैतिक तरीके से धन उगाही करते है। माता के दर्शन करने आने वाले श्रृद्धालुओं को भी परेशान किया जाता है। इस संबंध में मंदिर प्रबंधन समिति तथा संभागीय आयुक्त से शिकायत की गयी थी। कोई कार्यवाही न होने के कारण उक्त याचिका दायर की गई है। याचिका में राज्य सरकार के धार्मिक न्यास विभाग, संभागयुक्त रीवा, कलेक्टर सतना, एसडीएम मैहर सहित मंदिर प्रबंधन समिति को पक्षकार बनाया गया है। मामले की सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आशीष रावत ने पक्ष रखा।

# कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी में संशोधन

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा के लिये गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन नॉन मानसून के चलते 3 नवम्बर से संशोधित समय सारिणी के अनुसार चलेगी। जिसमें गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को 3 नवम्बर से जबलपुर स्टेशन से रात्रि 23:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रोहा स्टेशन तक कोई परिवर्तन नहीं इसके बाद आंशिक संशोधन समय सारिणी खेड़ा से लेकर कोयंबटूर तक जहां खेड़ा स्टेशन पर पूर्व समय 18:18 बजे की बजाय 18:10 बजे और गंतव्य स्टेशन का पूर्व समय 17:10 बजे की बजाय 14:40 बजे कोयंबटूर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को 6 नवम्बर से आंशिक संशोधन समय सारणी कोयंबटूर से लेकर खेड़ा तक जहां कोयंबटूर स्टेशन से पूर्व समय 15:25 बजे के बजाय 17:05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन खेड़ा स्टेशन पूर्व समय 13:30 बजे की बजाय 13:56 बजे पहुंचकर इसके बाद के स्टेशन रोहा से जबलपुर तक समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

### अधारताल से रानी कमलापति इण्टरसिटी ट्रेन भी संशोधित समय के अनुसार चलेगी

यात्रियों की सुविधा के लिये गाड़ी संख्या 22188 अधारताल से रानी कमलापति इण्टरसिटी ट्रेन 5 नवम्बर से संशोधित समय सारिणी के अनुसार चलेगी। जिसमें गाड़ी संख्या 22188 अधारताल से रानी कमलापति इण्टरसिटी ट्रेन प्रतिदिन 5 नवम्बर से अधारताल स्टेशन से 16:15 बजे प्रस्थान कर जबलपुर 16:27 बजे, मदन महल 16:44 बजे, श्रीधाम 17:18 बजे, नरसिंहपुर 17:43 बजे, करेली 17:59 बजे, गाडरवारा 18:19 बजे, पिपरिया 18:53 बजे, इटारसी 20:05 बजे, नर्मदापुरम 20:38 बजे और गंतब्य स्टेशन रानी कमलापति रात्रि 22:20 बजे पहुंचेगी।

# अनूपपुर के वेंकटनगर में ट्रेन की टक्कर से तीन भालूओं की मौत

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर जिले से सटे जंगलों से जंगली जानवरों का भटक कर शहर की तरफ आना हो जाता है। जिसमें हाथी, तेंदूआ व अन्य जानवर हैं। लेकिन



इस बार जंगली जानवरों में भालूओं का अनूपपुर से 5 किलो मीटर दूर वेंकट नगर रेलवे लाइन के पास आना हो गया और तीन भालू मालगाड़ी की चपेट में आ गये। जिससे उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार वेंकट नगर से 5 किलोमीटर दूर जरेली पुल के पास ट्रेन से कटकर तीन भालूओं की मौत हो गई है। गुरूवार सुबह करीब 5 बजे गैंग मैन ने वेंकटनगर स्टेशन में सूचना दी कि मालगाड़ी से टकराकर तीन भालुओं की मौत हो गयी है। जिसके बाद स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग के अमले ने मौके पर पहुंचकर भालुओं के शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया है।

# दमोह की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से पांचवी मौत

### मामले की मजिस्ट्रेट जांच शुरू

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह के बड़ा पुल पर संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में बुधवार रात जबलपुर में पांचवी मौत हो गई। जबलपुर मेडिकल कॉलेज में इलाजरत विनीता राजपूत 55 वर्ष निवासी मारुताल ने बुधवार रात दम तोड़ दिया। वहीं, इसके पहले रामकली कोस्टी की जबलपुर में मौत हुई थी।

पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट में फेक्ट्री मालिक सहित चार महिलाओं की मौत हो गई है और कलेक्टर के निर्देश पर मामले की मजिस्ट्रेट जांच भी शुरू हो गई है। बता दें शहर के बड़ा पुल अवैध पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार को विस्फोट होने से फैक्ट्री मालिक सहित तीन लोगों की मौत हुई थी और 11 महिलाएं घायल हुई हैं। करीब छह महिलाएं जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

**आईजी कमिश्नर पहुंचे दमोह-** मंगलवार शाम दमोह पहुंचे कमिश्नर वीरेंद्र रावत और आईजी प्रमोद वर्मा ने भी जांच की बात कही। कमिश्नर रावत ने कहा कि प्राइमरी जांच चल रही है। सागर मेडिकल कॉलेज की टीम भी बुलाई गई है। एडीएम की अध्यक्षता में एक टीम गठित की गई है, जो 15 दिन में इस मामले की जांच कर रिपोर्ट उन्हें सौंपेगी। जब उनसे कहा गया कि पहले भी इस मामले में शिकायत हुई है, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई, तो उन्होंने कहा कि जांच में इस बिंदु को भी शामिल किया जाएगा। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।



**आर्सेनिक, एल्युमिनियम, पोटेशियम क्लोराइड जब्त-** पटाखा बनाने में आर्सेनिक, एल्यूमिनियम और पोटेशियम क्लोराइड पाउडर को निश्चित मात्रा में मिलाया जाता है। ये अत्यधिक ज्वलनशील होता है, इसलिए इसे लकड़ी के उपकरण से मिलाया जाता है। एक बार में 500 ग्राम से ज्यादा मिश्रण नहीं बनाने का नियम है, लेकिन फैक्ट्री में एक साथ 50 किलो मिश्रण बना लिया और इसे धातु के उपकरणों से मिलाया जा रहा था। इसी दौरान घर्षण के कारण मिश्रण में विस्फोट हो गया। बम स्क्वाड टीम जब यहां पहुंची तो विस्फोटक सामग्री भी अलग-अलग जगह मिली। टीम ने सामग्री जप्त कर ली है।


सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 86
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 96
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106

मोबाइल नं. 9300692405

जबलपुर बॉयलर फार्मस एसोसिएशन

J.B.F.A.

मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 100
मुर्गा बड़ा - रु. 90
मुर्गा जम्बो - रु. 82

मो.-9039925000, 9425800409


# मतदान कर्मियों के चाय-नाश्ता और भोजन की राशि में घूस मांगने वाले अधिकारी को लोकायुक्त ने दबोचा

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले का एक और रिश्वतखोर अधिकारी लोकायुक्त पुलिस ने पकड़ा है। चुनाव में लगे मतदान कर्मियों के चाय-नाश्ता और भोजन की राशि में स्व-सहायता समूह से रिश्वत मांगने वाले राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायक प्रबंधक नरेन्द सोनवाने को जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने 3500 रूपये की घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

जनपद पंचायत पूर्व कार्यालय में संचालित राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय में दोपहर लगभग 3 बजे सहायक प्रबंधक नरेन्द्र सोनवाने ने जैसे ही समूह की सचिव राजेश्वरी पंचेश्वर से रिश्वत की राशि ली, वैसे ही ताक पर बैठी लोकायुक्त पुलिस ने उसे दबोच लिया। कार्यालय में लोकायुक्त पुलिस की इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया। जबलपुर लोकायुक्त पुलिस दल प्रभारी निरीक्षक रेखा प्रजापति ने बताया कि शीतलामाता स्व-सहायता समूह सचिव राजेश्वरी पंचेश्वर ने जबलपुर लोकायुक्त



एसपी को 12 अक्टूबर को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायक प्रबंधक नरेन्द्र सोनवाने द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की थी। जिसकी शिकायत पर रिकॉर्डिंग से पुष्टि होने पर 2 नवंबर की दोपहर3 बजे लोकायुक्त पुलिस ने कार्यालय में सहायक प्रबंधक को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई के दौरान जबलपुर लोकायुक्त निरीक्षक रेखा प्रजापति, निरीक्षक स्वप्रिल दास, उपनिरीक्षक शिशिर पांडे, आरक्षक विजय विष्ट, अमित मंडल और पंकज तिवारी उपस्थित थे।

# कटनी में संदिग्ध कंटेनर से पुलिस ने बरामद किया 58 लाख से अधिक का 325 किलो गांजा

### चालक व क्लीनर गिरफ्तार

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी जिले के एनकेजे थाना क्षेत्र के जुहली रोड पर स्थित सरपंच ढाबे के पास एक कंटेनर ट्रक में 325 किलो गांजा बरामद किया है। गांजे की कीमत लगभर 50 लाख 50 हजार आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक और ट्रक क्लीनर को आरोपी बनाया है।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरूवार को पुलिस कंट्रोल में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता लागू होने के बाद से लगातार वाहनों की चैकिंग की जा रही है। एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे अपने स्टाफ के साथ चैकिंग के लिये क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि जुहली रोड पर स्थित सरपंच ढाबे के पास एक ट्रक कंटेनर संदिग्ध स्थिति में खड़ा है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिसे देखकर चालक और क्लीनर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी के दौरान चेंबर से 13 बोरियां मिली। जिसमें बड़ी मात्रा में गांजा रखा मिला। जिसे तौल करने पर 325 किलो ग्राम होना पाया गया है।



जिसकी कीमत 50 लाख 50 हजार रूपये बतायी जा रही है।

इसके अलावा ट्रक के कंटेनर और दो मोबाइल भी जप्त किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने दीपू उर्फ संदीप यादव निवासी रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के बड़ेरा गांव तथा राजेश जायसवाल रीवा जिले के गुड़ थाना क्षेत्र के महगांव निवासी बताये हैं। जिनसे कंटेनर जप्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चुनाव याचिका में उठाये गये मुद्दों की एसडीओ करे सुनवाई

### आदेश निरस्त कर हाईकोर्ट ने दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा एसडीओं का वह आदेश निरस्त कर दिया है, जिसमें मुद्दों की जांच बगैर ही आदेश पारित किया गया था। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले में कहा है कि एसडीओं चुनाव याचिका में उठाये गये मुद्दों की सुनवाई तीन माह में करे। यह मामला छिंदवाड़ा निवासी यमुना वर्मा की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में एसडीओं के समक्ष चुनाव याचिका दायर की थी। याचिका में उठाये गये मुद्दों पर उन्होंने कोई सुनवाई नही की।

इसके अलावा चुनाव याचिका में सुनवाई की प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया और उनके खिलाफ आदेश जारी कर दिये। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बगैर एसडीओं ने आदेश जारी किये है। एकलपीठ ने एसडीओं की ओर से जारी आदेश को निरस्त करते याचिका में उठाये गये मुद्दों पर सुनवाई के निर्देश जारी किये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सौरभ शर्मा ने पैरवी की।


आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. ग्राहकों की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. ग्राहकों सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
551, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी रामपुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरुनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
५० मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
PAIN KILL OIL
Mamgesic Liniment
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ
9826035091